


हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

## सीएम और दोनों डिप्टी सीएम के विभाग कम हुए, टंकराम से खेल लेकर उच्च शिक्षा की जिम्मेदारी

# गजेंद्र को स्कूल, गुरु खुशवंत को कौशल विकास, राजेश को पर्यटन, लखन आबकारी, केदार संभालेंगे परिवहन विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

*लंबे समय से चला आ रहा सस्पेंस आखिर खत्म हो गया। बुधवार को विष्णु कैबिनेट में तीन मंत्री शामिल हो गए। हरियाणा की तर्ज पर अब छत्तीसगढ़ में 14 मंत्री हो गए हैं। राजभवन में राज्यपाल रमेन डेका ने मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव, आरंग गुरु खुशवंत साहेब और अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल ने नए मंत्रियों के तौर पर शपथ ली। इस अवसर पर सीएम साय ने एक बार फिर सुशासन के संकल्प को दोहराया।*





गजेंद्र यादव

स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधि एवं विधायी कार्य



गुरु खुशवंत साहेब

कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार, अनुसूचित जाति विकास



राजेश अग्रवाल

पर्यटन, संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व

**लंबे समय से इंतजार के बाद छत्तीसगढ़ को मिले तीन नए मंत्री**

आनंद का सच्चा भाव
18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹72364/-
22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹88380/-
24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹96475/-
सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra
anand Jewels
Pandri, Raipur
*Conditions apply

### नए मंत्रियों को ऐसे बांटे विभाग

**राजेश को पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मस्व**

मुख्यमंत्री के पास पर्यटन, संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्य विभाग था. जिसे राजेश अग्रवाल को दे दिया गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरगुजा संभाग से आते हैं, तो ऐसे में मुख्यमंत्री के पास जो विभाग थे वह सरगुजा संभाग से बनाए गए मंत्री के पास ही दे दिए गए हैं।

**गजेंद्र को स्कूली शिक्षा मंत्री का विभाग**

गजेंद्र यादव की करें तो अब उन्हें राज्य की शिक्षा व्यवस्था को सुधारने की जिम्मेदारी दी गई है। उनको स्कूल शिक्षा ग्रामोद्योग विधि एवं विधाई कार्य विभाग का मंत्री बनाया गया है। स्कूल शिक्षा मुख्यमंत्री के पास जो विभाग था वो इन्हें दिया गया है। साथ ही विधि एवं विधाई कार्य उप मुख्यमंत्री अरुण साव के पास था, जिसका जिम्मा अब गजेंद्र यादव के पास है।

**गुरु खुशवंत कौशल विकास विभाग की जिम्मेदारी**

गुरु खुशवंत साहब को कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा और रोजगार जो इससे पहले उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के पास थे वह इन्हें दिए गए हैं। अनुसूचित जाति विकास विभाग राम विचार नेताम के पास था. जिसे अब गुरु खुशवंत साहब को दिया गया है। वहीं कौशल विकास मुख्यमंत्री के पास था।



### सीएम साय ने नए मंत्रियों को दी बधाई

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज शपथ ग्रहण करने वाले कैबिनेट के नए सदस्य गजेंद्र यादव, गुरु खुशवंत साहेब तथा राजेश अग्रवाल को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि नवनियुक्त मंत्री अपनी समर्पित निष्ठा और कार्यकुशलता के साथ जनसेवा के लिए पूर्ण तत्परता से कार्य करेंगे तथा छत्तीसगढ़ राज्य को विकास और सुशासन की दिशा में नए आयाम प्रदान करेंगे। राजभवन के छत्तीसगढ़ मण्डपम में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ उप मुख्यमंत्री अरुण साव एवं विजय शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, मंत्रीपरिषद के सदस्य, विधायक, जनप्रतिनिधि, ▶▶| शेष पेज 8 पर

### परिवहन विभाग केदार उच्च शिक्षा देखेंगे टंकराम

मंत्रिमंडल विस्तार में कुछ मंत्रियों को कुछ नए विभाग देकर उनसे एक विभाग लेकर दूसरे मंत्रियों को दे दिए गए हैं। परिवहन विभाग जो पहले मुख्यमंत्री के पास था, वह अब केदार कश्यप को दे दिया गया है। केदार कश्यप से जल संसाधन विभाग वापस ले लिया गया है। अब मुख्यमंत्री इस विभाग को देखेंगे। वहीं उच्च शिक्षा विभाग टंकराम वर्मा को देते हुए उनसे खेल एवं युवा कल्याण विभाग वापस लेकर उप मुख्यमंत्री अरूण साव को दे दिया गया है। आबकारी विभाग जो अब तक मुख्यमंत्री के पास था, उसे उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन को दे दिया गया है।

### मंत्री और उनके विभाग



**मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय**
सामान्य प्रशासन, खनिज साधन, ऊर्जा, जनसंपर्क, जल संसाधन, विधानसभा, सुशासन एवं अभियंत्रण, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी, जन शिकायत एवं निवारण विभाग समेत वे सभी विभाग, जो किसी मंत्री को आवंटित न हों



**उपमुख्यमंत्री अरुण साव**
लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, नगरीय प्रशासन एवं विकास, खेल और युवा कल्याण



**ओपी चौधरी**
वित्त, वाणिज्यिक कर (आबकारी को छोड़कर), आवास एवं पर्यावरण, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी.



**उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा**
गृह, जेल, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, विज्ञान और प्रौद्योगिकी



**श्याम बिहारी जायसवाल**
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास, 20 सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन



**रामविचार नेताम**
आदिम जाति विकास, कृषि विकास एवं किसान कल्याण, जैव प्रौद्योगिकी, मत्स्य पालन, पशुपालन विकास



**लखन लाल देवांगन**
वाणिज्य एवं उद्योग, सार्वजनिक उपक्रम, वाणिज्यिक कर (आबकारी), श्रम



**दयाल दास बघेल**
खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण



**लक्ष्मी राजवाड़े**
महिला एवं बाल विकास समाज कल्याण



**केदार कश्यप**
वन एवं जलवायु परिवर्तन, परिवहन, सहकारिता, संसदीय कार्य



**टंकराम वर्मा**
राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, पुनर्वास, उच्च शिक्षा

---

## खबर संक्षेप

### पोर्टल पर 1.2 करोड़ से अधिक जन शिकायतें

**नई दिल्ली।** सरकार ने बुधवार को संसद में कहा कि 2020-25 के दौरान विशेष केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली पोर्टल के माध्यम से विभिन्न सरकारी विभागों के खिलाफ 1.2 करोड़ से अधिक जन शिकायतें प्राप्त हुईं। केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने लोकसभा को एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। यह प्रणाली नागरिकों को सरकारी विभागों के विरुद्ध ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराने की सुविधा प्रदान करती है।

### आईएएस अधिकारी, सह आरोपियों ने की धोखाधड़ी

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय ने बुधवार को मुंबई की एक अदालत में कहा कि धनशोधन के एक मामले में गिरफ्तार वसई-विरार के पूर्व नगर निगम प्रमुख अनिल पवार और तीन अन्य आरोपियों ने धोखाधड़ी करने के लिए प्रशासनिक शक्तियों और वित्तीय प्रणाली का जानबूझकर दुरुपयोग किया। ईडी ने विशेष अदालत को बताया कि 'हवाला और अंगड़िया' चैनल का इस्तेमाल न केवल महाराष्ट्र में, बल्कि अन्य राज्यों में भी अपराध की आय को सफेद करने के लिए किया गया था।

### किश्तवाड़ में लापता लोगों की तलाश जारी

**चशोती।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में बादल फटने से प्रभावित चशोती गांव में विस्तारित तलाश अभियान बुधवार को सातवें दिन भी जारी रहा। गृह विभाग के प्रधान सचिव चंद्राकर भारती ने जमीनी हालात का आकलन करने के बाद विभिन्न एजेंसियों की बैठक की अध्यक्षता की। 14 अगस्त को मचैल माता यात्रा के दौरान चशोती गांव में बादल फटने से अब तक 65 लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के तीन जवान और जम्मू-कश्मीर पुलिस का एक विशेष अधिकारी शामिल हैं।

---

चार राज्यों में छापे, पांच गिरफ्तार, ठगी की रकम कंबोडिया थाइलैंड के रास्ते वापस जालसाजों के अकाउंट में जमा होती थी

## डिजिटल फ्राड का नेटवर्क कंबोडिया तक, रायपुर में फर्जीवाड़ा, रैकेट फूटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के एक सेवानिवृत्त क्लर्क तथा एक बुजुर्ग प्रोफेसर को डिजिटल अरेस्ट कर एक करोड़ रुपए से ज्यादा ठगी करने के आरोप में रेंज साइबर सेल पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी ठगी के मास्टर माइंड हैं। जालसाज अपने गुर्गों के माध्यम से कंबोडिया, थाइलैंड के रास्ते मनी ट्रेल कर वापस अपने अकाउंट में जमा कराते थे। गिरफ्तार आरोपी दिल्ली, उत्तरप्रदेश तथा महाराष्ट्र के रहने वाले हैं। गिरफ्तार जालसाजों ने कई राज्य के लोगों को भी डिजिटल अरेस्ट कर ठगी की है।

रेंज साइबर पुलिस ने ठगी के आरोप में नॉर्थ ईस्ट दिल्ली, गोकुलपुरी निवासी मनीष पाराशर, उत्तरप्रदेश, हाथरस निवासी अर्जुन सिंह, महाराष्ट्र, अहमदनगर निवासी राहुल मर्कड, उल्हास नगर निवासी आकाश तुषरानी तथा मध्यप्रदेश, उज्जैन निवासी लखन जाटव को गिरफ्तार किया है।



**दुबई से पढ़ा ठगी का पाठ**

रेंज साइबर पुलिस के अनुसार ठगी का मास्टर माइंड मनीष तथा अर्जुन हैं। मनीष का एक दोस्त रूद्र दुबई में रहता है। मनीष किसी काम से दुबई गया था, वहां उसकी मुलाकात रूद्र से हुई। रूद्र ने मनीष को जल्द पैसा कमाने का उपाय बताते हुए उसे डिजिटल ▶▶| शेष पेज 8 पर

**तीन अन्य ब्रांच खोलने के साथ अकाउंट खुलवाते थे**

रेंज साइबर पुलिस के अनुसार राहुल, आकाश तथा लखन देश के अलग-अलग राज्यों में घूम-घूमकर जालसाजों को अपने साथ जोड़कर गिरोह में शामिल करने का काम करते थे। इसके अलावा उन राज्यों में किराए पर जगह लेकर फर्जी तरीके से दस्तावेज में कारोबारी समूह बनाकर बैंक अकाउंट खुलवाते थे।

**झांसा देने अलग-अलग राज्यों से कॉल**

रेंज साइबर पुलिस के अनुसार जालसाज किसी को डिजिटल अरेस्ट करते थे। उसके पास वीडियो कॉल करने तथा वाट्सएप कॉल के साथ वॉइस कॉल करने अलग-अलग सिम का उपयोग करते थे। डिजिटल अरेस्ट करने के बाद जालसाज पीड़ित को अलग-अलग राज्यों से कॉल करते थे। पुलिस ने इसी आधार पर चार राज्यों में छापा मारकर जालसाजों को गिरफ्तार किया है।

---

10 दिवसीय यात्रा

## सीएम आज से विदेश प्रवास पर जापान, दक्षिण कोरिया जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय गुरुवार को 10 दिवसीय विदेश यात्रा पर रवाना होंगे। श्री साय जापान और दक्षिण कोरिया जाएंगे। मुख्यमंत्री के दौरे का उद्देश्य राज्य में निवेश बढ़ाना, औद्योगिक विकास को गति देना और इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में नए अवसर तलाशना है। इन दोनों ही देशों में वे उद्योगपतियों से ▶▶| शेष पेज 8 पर



**31 को लौटेंगे**

जापान में वे स्थानीय उद्योगपतियों, निवेशकों और इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट से जुड़े उद्यमियों से मुलाकात करेंगे। ▶▶| शेष पेज 8 पर

## 'जन सुनवाई' के दौरान दिल्ली की सीएम पर हमला, आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर बुधवार को सुबह सिविल लाइंस स्थित उनके कार्यालय पर आयोजित 'जन सुनवाई' कार्यक्रम के दौरान एक व्यक्ति ने हमला कर दिया। मुख्यमंत्री कार्यालय ने इस हमले को 'मुख्यमंत्री की हत्या की सुनियोजित साजिश' का हिस्सा बताया। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, राजकोट निवासी 41 वर्षीय आरोपी सकरिया राजेशभाई खिमजीभाई को हिरासत में लिया गया है उससे आईबी और दिल्ली पुलिस की संयुक्त टीम पूछताछ कर रही है।



भाजपा अध्यक्ष बोले

**थप्पड़ मारने की बात गलत**

भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने उन खबरों का खंडन किया कि मुख्यमंत्री को थप्पड़ मारा गया या उन पर पत्थर फेंके गए। मुख्यमंत्री गुप्ता इस घटना से 'स्तब्ध' हैं, लेकिन वह ठीक हैं।

**विपक्ष ने की निंदा**

*दिल्ली विधानसभा में विपक्ष की नेता आतिशी ने घटना की निंदा करते हुए उम्मीद जताई कि मुख्यमंत्री सुरक्षित होंगी और पुलिस दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे। आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतभेद और विरोध स्वीकार्य हैं, लेकिन हिंसा के लिए कोई जगह नहीं हो सकती।*

### भारत को मिला दुश्मन की तबाही का बड़ा हथियार



*5000 किलोमीटर की रेंज*

- अग्नि-5 बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण
- कई वारहेड ले जाने में समक्ष
- एक साथ कई ठिकानों पर लगा सकती है निशाना

**नई दिल्ली/बालासोर।** भारत ने अपनी सामरिक सैन्य क्षमताओं का प्रदर्शन करते हुए बुधवार को मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल 'अग्नि-5' का सफल परीक्षण किया। ओडिशा के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज से 'अग्नि-5' का परीक्षण किया गया। यह मिसाइल सभी परिचालन एवं तकनीकी मापदंडों पर खरी उतरी। मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल 'अग्नि-5' का 20 अगस्त को ओडिशा के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज से सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया।

भूविज्ञान और मृदा-जल अभियांत्रिकी दोनों अलग-अलग विषय

## हाईकोर्ट ने कहा- भर्ती नियम तय करना राज्य सरकार का अधिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

छत्तीसगढ़ जल संसाधन अभियांत्रिकी एवं भूवैज्ञानिक (राजपत्रित) सेवा भर्ती नियम, 2014 को लेकर हाईकोर्ट ने अहम फैसला सुनाया है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रवींद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने कहा कि, किसी पद के लिए शैक्षणिक योग्यता तय करना राज्य सरकार का अधिकार है। दरअसल मधुकर पटेल, श्रुति वर्मा, कर्णिका द्विवेदी समेत अन्य याचिकाकर्ताओं ने ▶▶| शेष पेज 8 पर

**हाईकोर्ट ने खारिज की याचिका**

2014 में बने नियमों के तहत केवल जियोलॉजी में मास्टर डिग्री ही पात्रता मानी गई है। यह नियम वैध है और इसे बदला नहीं जा सकता। कोर्ट ने कहा कि एम.टेक (सॉयल एंड वाटर इंजीनियरिंग) कृषि क्षेत्र के लिए उपयुक्त है, लेकिन यह जियो हाइड्रोलॉजी के कार्यक्षेत्र में फिट नहीं बैठता।

---

## रूस भारत को तेल तो देगा उस पर मिलेगी 5% की छूट

**नई दिल्ली।** यूक्रेन युद्ध के बीच अमेरिका समेत पश्चिम की पाबंदियों से बेपरवाह रूस ने डंके की चोट पर भारत के साथ अपनी कच्चे तेल की आपूर्ति को जस का तस बरकरार रखने के अलावा उसमें 5 फीसदी की छूट देने का भी ऐलान किया है। रूस वर्तमान में भारत की करीब 40 फीसदी तेल की जरूरतें पूरी कर रहा है। जो कि उसकी कुल जरूरतों का आधा भाग है। भारत के रूस से तेल आयात पर लगाए गए 50 फीसदी अमेरिकी टैरिफ की भी रूस ने सख्त लहजे में आलोचना करते हुए उसे पूरी तरह से अनुचित बताया। साथ ही विश्वास जताते हुए कहा कि बाहरी दबाव के बावजूद भारत-रूस ऊर्जा साझेदारी जारी रहेगी।

***जारी रहेगी ऊर्जा साझेदारी***

**कारोबारी रहस्य अहम**

रूस के उप-व्यापार प्रतिनिधि ने कहा कि राजनीतिक हालात के बाद भी भारत रूस से उतना ही तेल खरीदता रहेगा। जितना वह पहले खरीदता हुआ आया है। जहां तक पांच फीसदी की छूट का सवाल है, तो यह कारोबारी रहस्य है। फिर भी ये पांच फीसदी कम या अधिक हो सकता है। भारत को की जा रही तेल आपूर्ति को लेकर रूस के पास एक विशेष तंत्र है। जिसके तहत हम उसके साथ तमाम समस्याओं जैसे शिपिंग और इंश्योरेंस जुड़े हुए मुद्दों पर बैठकर बातचीत के जरिए हल निकालने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

उपराष्ट्रपति चुनाव में एनडीए ने उतारा अपना उम्मीदवार

## राधाकृष्णन ने भरा नामांकन, पीएम मोदी बने प्रस्तावक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति पद के लिए एनडीए के उम्मीदवार सी. पी. राधाकृष्णन ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह और अन्य वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

नामांकन पत्र दाखिल करने गए राधाकृष्णन के साथ राजग के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद थे। प्रधानमंत्री ने राज्यसभा महासचिव पी. सी. मोदी को नामांकन पत्रों के चार सेट सौंपे, जो उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए निर्वाचन अधिकारी हैं। नामांकन पत्रों के चार सेट में मोदी, सिंह, शाह और जनता दल (यूनाइटेड) नेता राजीव रंजन सिंह मुख्य प्रस्तावक हैं। उपराष्ट्रपति पद के संभावित उम्मीदवार के नामांकन पत्र पर कम से कम 20 निर्वाचकों द्वारा प्रस्तावक और कम से कम 20 अन्य निर्वाचकों द्वारा अनुमोदक के रूप में हस्ताक्षर करना आवश्यक होता है।



**जीत के लिए 391 मत**

उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल में लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य शामिल होते हैं। राज्यसभा के मनोनीत सदस्य भी वोट डालने के पात्र होते हैं। निर्वाचक मंडल की प्रभावी संख्या 781 है और बहुमत का आंकड़ा 391 है। सत्तारूढ़ राजग को कम से कम 422 सदस्यों का समर्थन प्राप्त है और युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) जैसी पार्टियां पहले ही राधाकृष्णन को समर्थन देने की घोषणा कर चुकी हैं। वाईएसआरसीपी 'इंडिया' गठबंधन का हिस्सा नहीं है।

**पचाई तमीजान के रूप में मशहूर**

*महाराष्ट्र के राज्यपाल राधाकृष्णन (67) अपने शुभचिंतकों के बीच 'पचाई तमीजान' (सच्चे तमिल) के रूप में मशहूर हैं। राधाकृष्णन भारतीय जनता पार्टी के एक वरिष्ठ नेता हैं, जिन्होंने प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल के दौरान कोयंबटूर से दो बार लोकसभा सदस्य के रूप में कार्य किया और बाद में तमिलनाडु में पार्टी का नेतृत्व किया। राजग, उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार राधाकृष्णन को एक बेदाग नेता के रूप में पेश कर रहा है, जिनके पास राजनीतिक और प्रशासनिक अनुभव है।*

# काम अधूरा, ठेकेदार को सुरक्षा निधि 3 करोड़ रुपए पहले लौटा दिए, ईई सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज/रायपुर। जल संसाधन विभाग की एक परियोजना के लिए काम कर रहे ठेकेदार का काम अधूरा होने के बावजूद उसकी सुरक्षा निधि की राशि करीब तीन करोड़ रुपए कार्यपालन अभियंता (ईई) ने लौटा दिए। इस मामले की जांच के बाद विभाग ने पाया कि समय पूर्व राशि जारी किए जाने से विभागीय हितों को क्षति पहुंची है तथा शासकीय निधि की सुरक्षा में गंभीर लापरवाही बरती गई है, जो कि वित्तीय अनियमितता एवं अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है। इस मामले में कार्यपालन अभियंता को निलंबित कर दिया गया है।

### ये है मामला

दरअसल जल संसाधन विभाग की सुसडेगा व्यपवर्तन योजना से संबंधित है। इस योजना के तहत काम करने के लिए एक ठेकेदार ने सुरक्षा निधि के तौर पर दो करोड़ तिरानवे लाख नब्बे हजार विभाग के पास जमा कराए थे। प्रावधान ये है कि कार्य पूरा होने के बाद पूर्णता प्रमाण पत्र जारी होने के बाद यह राशि ठेकेदार को लौटाई जानी थी, लेकिन जल संसाधन संभाग जशपुर में पदस्थ विजय जानिक, तत्कालीन कार्यपालन अभियंता द्वारा पहले ही राशि विमुक्त कर दी गई।

### काम पूरा करने नहीं हो रहा प्रयास, पर राशि वापस

सुरक्षा निधि की राशि लौटाए जाने के मामले की जांच के बाद ये साफ हुआ कि विजय जामनिक, तत्कालीन कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, जशपुर द्वारा समय पूर्व सुरक्षा निधि राशि वापसी की गई एवं ठेकेदार को अनुचित लाभ पहुंचाया गया है। वर्तमान में इस अनुबंध के अंतर्गत कार्य की प्रगति मात्र 60 प्रतिशत है तथा ठेकेदार द्वारा कार्य पूर्णता की ओर कोई गंभीर प्रयास नहीं किया जा रहा है। इसलिए कार्य अपूर्ण रहने अथवा ठेकेदार द्वारा कार्य अधूरा छोड़ने की स्थिति में उक्त राशि विभाग द्वारा राजसात नहीं की जा सकेगी। समय पूर्व राशि जारी किए जाने से विभागीय हितों को क्षति पहुंची है तथा शासकीय निधि की सुरक्षा में गंभीर लापरवाही बरती गई है जो कि वित्तीय अनियमितता एवं अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है।

## परियोजना का काम 60 प्रतिशत ही हुआ




### विभाग ने माना स्वेच्छाचारिता, कदाचरण

इस मामले को लेकर कार्यपालन अभियंता के निलंबन आदेश में विभाग ने साफ किया है कि यह छत्तीसगढ़ कार्य विभाग नियमावली एवं सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 में निहित प्रावधान अन्तर्गत स्वेच्छाचारिता कदाचरण है। कार्यपालन अभियंता को प्रथम दृष्टया दोषी पाये जाने के फलस्वरूप राज्य शासन द्वारा विजय जामनिक, तत्कालीन कार्यपालन अभियंता. जल संसाधन संभाग, जशपुर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर, विभागीय जांच संस्थित की गई है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय मुख्य अभियंता, महानदी गोदावरी कछार, जल संसाधन विभाग रायपुर निर्धारित किया गया है।

## खबर संक्षेप

### पांच चाकू, दो वॉकी-टॉकी बरामद, एक गिरफ्तार

**रायपुर।** एंटी क्राईम एंड साइबर यूनिट की टीम ने एक युवक को 5 बटनदार चाकू एवं दो वॉकी-टॉकी के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 19 अगस्त को खमतराई थाना क्षेत्र के रामेश्वर नगर भनपुरी के पास इमरान अंसारी निवासी रामेश्वर नगर खमतराई को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक बैग बरामद किया, जिसकी तलाशी लेने पर उसमें बटनदार 5 चाकू एवं 2 वॉकी-टॉकी मिले। पूछताछ पर आरोपी ने बताया कि ऑनलाइन शॉपिंग साइट से चाकू मंगाए थे। इन चाकुओं के अलावा उसने 4 और चाकू मंगाए हैं, जिसकी डिलीवरी होनी बाकी है। इमरान के पास वॉकी-टॉकी कहां से आए, इसकी जांच की जा रही है। पुलिस ने ऑनलाइन शॉपिंग साइट तथा डिलीवरी पार्टनर को भी नोटिस जारी किया है।

### मारपीट का वीडियो वायरल, थाने में शिकायत

**रायपुर।** एक नाबालिग लड़के के साथ एक प्रेमी जोड़े ने मारपीट की जिसका वीडियो वायरल हुआ है। यह घटना शांति विहार डगनिया क्षेत्र में हुई है। मारपीट का वीडियो वायरल होने के कई घंटे बाद इस मामले में डीडीनगर थाने में पीड़ित लड़के ने शिकायत की है। थाना प्रभारी ने बताया कि शिकायतकर्ता नाबालिग है। उसने शिकायत में बताया कि एक नाबालिग लड़का एवं उसकी कथित प्रेमिका घटनास्थल पर खड़े थे। अचानक लड़की का प्रेमी उसके पास आया और मेरी प्रेमिका को घूर कर क्यों देख रहे हो, कहकर उसके साथ विवाद करने लगा। इसके बाद लड़की और लड़का दोनों ने मिलकर उसके साथ मारपीट की।

### भाई-बहन से मारपीट गाली-गलौज, केस दर्ज

**रायपुर।** गंज पुलिस ने मारपीट के मामले में एक युवक के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया है। घटना 18 अगस्त को दोपहर 12 बजे फाफाडीह की है। प्रार्थिया नाबालिग है। उसने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके बड़े पिता के लड़के ने पारिवारिक विवाद पर उसे और उसके भाई से गाली-गलौज कर मारपीट की, जिससे उसे चोट आई है। पुलिस ने मामले में आरोपी के विरुद्ध बीएनएसः 296, 115-2, 351-2 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### निगम के आईटी सेल ने पुलिस विभाग को 4 बार लिखा पत्र, फिर भी नहीं मिला रिस्पांस

# डिजिटल नंबर प्लेट से तत्काल मदद, पुलिस एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड की सेवाएं नहीं जुड़ीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

**राजधानीवासियों को नगर निगम द्वारा लगवाए गए डिजिटल नंबर प्लेट से तत्काल मदद पुलिस, एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड सेवाएं 3 साल बाद भी नहीं मिल पाई हैं, जबकि आपात स्थिति से जुड़ी इन नागरिक सेवाओं को 12 डिजिट के डोर नंबर से सीधे कनेक्ट करने की योजना रही। संकट के समय शहर का कोई भी नागरिक घर बैठे अपने घर के सामने लगाये गये डिजिटल नंबर प्लेट को स्कैन कर तत्काल निःशुल्क रूप से इन सेवाओं का लाभ ले पाता।**

निगम के आईटी सेल का कहना है, हमने संबंधित विभाग को इन आपात सेवाओं को डिजिटल नंबर प्लेट के साथ जोड़ने 4 बार चिट्ठी लिखी। यही नहीं, अधिकारियों से जाकर मुलाकात भी की, इसके बाद ये सेवाएं एकीकृत नहीं हो पाईं।

खास खबर

दरअसल, दिल्ली, हैदराबाद, तेलंगाना की तर्ज पर शहर के 3 लाख 15 हजार से अधिक घरों, दुकानों, खाली प्लाट सहित अन्य प्रापर्टी को अलग पहचान देने नगर निगम ने डिजिटल नंबर प्लेट लगवाया है। इसमें स्ट्रीट नंबर भी दर्शाया गया है, यह सीधे मोबाइल एप्लिकेशन से जुड़ा हुआ है। इससे जहां घरों को ढूंढना और वहां तक सुविधाएं पहुंचाना आसान हुआ है, वहीं नागरिकों को कई सुविधाएं घर बैठे उपलब्ध कराने की योजना रही। इसमें आपात स्थिति आने पर पुलिस, फायर ब्रिगेड, एंबुलेंस समेत कई सेवाओं को जोड़ना था, पर 3 साल बीतने के बाद भी आम नागरिकों को घर बैठे आपात स्थिति के लिए पुलिस, फायर ब्रिगेड, एंबुलेंस की सेवाएं उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं। इसका एक प्रमुख कारण नगर निगम का संबंधित विभाग के कंट्रोलरूम से एकीकृत नहीं हो पाना है। साथ ही नगर निगम के आईटी सेल को पुलिस और स्वास्थ्य विभाग से अब तक एपीआई नहीं मिली है।

### जा कर भी मिले पर एकीकृत नहीं

पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की आपात सेवाओं को डिजिटल नंबर से जोड़ने हमने 4 बार पत्र लिखा है। विभागीय अधिकारियों से जाकर मिले, इसके बाद भी संबंधित विभाग से ये सेवाएं एकीकृत नहीं हो पाईं, एपीआई भी नहीं मिला।

**- रंजीतरंजन, आईटी हेड, आईटी सेल, नगर निगम रायपुर**

## 3 साल में भी आम जनता को घर बैठे आपात सेवाएं नहीं मिलीं




### निगम से जुड़ी नागरिक सेवाओं को जोड़ा

नगर निगम से जुड़ी कई सेवाएं जैसे संपत्ति कर का घर बैठे भुगतान डिजिटल नंबर को स्कैन कर किया जा सकता है। इसी नंबर प्लेट को स्कैन कर कोई भी व्यक्ति निदान 1100 में अपनी शिकायत घर बैठे ऑनलाइन दर्ज करा सकता है। यही नहीं, नागरिक सेवाओं से जुड़े स्वास्थ्य और नगर निवेश की 16 अलग-अलग श्रेणियों में ई चालन सिस्टम इसमें जोड़ दिया गया है। इससे सीधे घर बैठे उपभोक्ता को उनके मोबाइल पर ई चालान की जानकारी मिलते ही मिनटों में यह पता चल जाता है कि उनसे कहां और किस तरह की चूक हुई।

ठगी

## एसबीआई योनो से साढ़े सात लाख की हुई धोखाधड़ी, बैंक का आर्म्स गार्ड हुआ शिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

डिजिटल दुनिया में ऑनलाइन काम किसी के लिए वरदान बना, तो किसी के लिए अभिशाप बन गया है। एक ऐसा मामला सामने आया, जिसमें बैंक के आर्म्स गार्ड ऑनलाइन ठगी का शिकार हो गया। एसबीआई




योनो के माध्यम से गार्ड के खाता से साढ़े 7 लाख रुपए की ठगी कर ली गई। आर्म्स गार्ड की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है। थाना में शिकायत करने पहुंचे भारतीय स्टेट बैंक शाखा भानुप्रतापपुर के आर्म्स गार्ड पंचूराम पटेल ने पुलिस को बताया कि 16 अगस्त की शाम साढ़े 6 बजे एक फ्रॉड नम्बर का कॉल आया। उसने मुझसे पूछा कि आपका एसबीआई योनो चालू है या नहीं। मैंने बोला कि पांच से छह महिना से बंद पड़ा है, तो उसने कहा कि चालू करना है, तो मेरे से एटीएम कार्ड का लास्ट का चार अंक बताने के लिए कहा। मैंने उसे आखिरी का चार अंक उस फ्रॉड को बता दिया। इसके बाद मेरे से खाता नंबर और पुराना एसबीआई योनो का आईडी पासवर्ड पूछा। मैंने एसबीआई योनो का आईडी पासवर्ड भी बता दिया। उसके बाद उसने बोला कि प्रोसेस हो रहा है और फोन काट दिया। इसके बाद मेरे पास अंग्रेजी में मैसेज आता रहा, जो मुझे समझ नहीं आया।

### दो बार में 7 लाख से अधिक निकाला

उसके बाद 17 अगस्त की सुबह 11 बजे से 12 बजे के बीच पैसा कटने का मैसेज आया, जिससे दो बार पैसा करके काटा गया। एक बार 4 लाख 40 और दूसरी बार 3 लाख 10 काट लिया गया है। सोमवार 18 अगस्त को एसबीआई ब्रांच मैनेजर को जानकारी दी कि मेरे खाता से 7 लाख 50 हजार रुपए का फ्रॉड हो गया है। ब्रांच मैनेजर ने मेरे खाता को होल्ड किया। पुलिस ने आरोपी मोबाइल क्रमांक 8584073692 का धारक के खिलाफ धारा 318 (4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।

# चैंबर प्रतिनिधिमंडल ने जीएसटी आयुक्त से की मुलाकात, रिफंड रिटर्न फाइलिंग पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के नेतृत्व में जीएसटी आयुक्त पुष्पेन्द्र कुमार मीणा से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल ने जीएसटी के तहत व्यापारियों को आ रही परेशानियों को विस्तार से उनके समक्ष रखा। जीएसटी से जुड़ी समस्याओं में जीएसटी रिटर्न फाइलिंग से जुड़ी जटिलता, रिफंड मिलने में देरी सहित अन्य समस्या शामिल है।



जीएसटी आयुक्त पुष्पेन्द्र कुमार मीणा और चैंबर के प्रतिनिधि मंडल के बीच बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान जीएसटी आयुक्त व्यापारियों की जीएसटी से जुड़ी समस्याओं से अवगत हुए। बैठक में शामिल चैंबर संरक्षक श्रीचन्द सुन्दरानी ने कहा कि किसी अधिकारी ने यदि व्यापारी के साथ गलत कार्यवाही की तो संबंधित अधिकारी को भी दंडित किया जाए। क्योंकि व्यापारी से यदि कोई गलती हो गई तब उन पर एक्शन लेते हुए दंडित किया जाता है। उन्होंने कहा आज व्यापारी जीएसटी के नाम से सहम जाता है, फिर भी देश के व्यापारियों से जीएसटी कलेक्शन छत्तीसगढ़ में सबसे ज्यादा हो रहा है।

चैंबर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानीने सुझाव दिया कि व्यापारियों की समस्याओं को सुलझाने प्रत्येक जिले में हेल्प डेस्क बनाया जाये। इस सुझाव को जीएसटी आयुक्त पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने मान्य किया।






### मंडल द्वारा निर्मित व्यावसायिक परिसर फेस-2 डुमरतराई रायपुर में ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान में पौधारोपण

# गृह निर्माण मंडल ने प्रदेशभर में लगाए 20 हजार पौधे, संवर्धन का दायित्व भी सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा निर्मित व्यावसायिक परिसर फेस-2 डुमरतराई रायपुर में ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। व्यावसायिक परिसर में विभिन्न आकर की154 दुकानों व आफिस हॉल का निर्माण किया गया है।

कार्यक्रम में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं विधायक जगदलपुर किरण सिंह देव ने कहा कि मां और प्रकृति दोनों ही जीवन का मूल आधार है। उन्होंने सभी से आव्हान किया कि सभी ''एक पेड़ मां के नाम'' का हिस्सा बने। अपनी मां के लिए एक अविस्मरणीय



स्मृति बनाने के लिए पेड़ लगाएं। विधायक मोतीलाल साहू ने कहा किहम सभी पर्यावरण असंतुलन का सामना कर रहें है। पर्यावरण के संतुलन के लिए पौधारोपण एक पुण्य का कार्य है।



### इनकी भी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में पवन साय भाजपा संगठन महामंत्री, महापौर रायपुर मीनल चैबे, आयुक्त छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल अवनीश कुमार शरण, यशवंत जैन महामंत्री भाजपा, महामंत्री अखिलेश सोनी, नवीन मारकण्डे महामंत्री, रमेश ठाकुर, भीमवंत निषाद, अपर आयुक्त एच.के.जोशी, एस.के.भगत, आर.के.राठौर, मुख्य लेखा अधिकारी पी.के सोनवानी, मुख्य संपदा अधिकारी एस.के. सिंग, उपायुक्त बी.बी. सिंह, सतीश थोरानी प्रदेश अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एवं इंडास्ट्रीज तथा व्यावसायिक परिसर के हितग्राही व गणमान्य नागरिक तथा मण्डल के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कालोनियों में कार्यक्रम आयोजित कर लगाए गए पौधेः अनुराग

मंडल अध्यक्ष अनुराग सिंह देव ने कहा कि ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया था।छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल लगातार अपनी कॉलोनियों में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इस पहल का उद्देश्य अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर वर्तमान में बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग, असंतुलित पर्यावरण से निजात पाना है। इस धरा के जीवन को सुरक्षित रखना है। एक पेड़ मां के नाम एक प्रयास है जो हमारी मातृभूमि और प्रकृति के प्रति हमारे सम्मान और समर्पण को दर्शाता है। अध्यक्ष अनुराग सिंह देव ने कहा कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा प्रदेश भर में मंडल की कॉलोनियों में 20 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य पूर्ण किया गया है। साथ ही रोपित पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए संबंधित अभियंताओं को दायित्व दिया गया है।

बिलासपुर

गुरुवार, 21 अगस्त 2025

भाद्रपद कृष्ण पक्ष त्रयोदशी

वर्ष: 25, अंक : 148

पृष्ठ : 12+6 = 18 मूल्य : 4.00***


मौसम

अधि. 29.8

न्यून. 23.7


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



9 सिंकफील्ड कप में गुकेश की जीत, अब्दुसत्तोरोव ....





विचार पेज

2 चीन से रिश्ते सुधारें पर सचेत भी रहें





• खून की कमी • पेडू में दर्द • कमर कटना • तनाव • चिड़चिड़ापन

90 वर्षों से महिलाओं की No.1 औषधि व टॉनिक

• कमज़ोरी • हथेली व तलवों में जलन • खून साफ़ करे • रूप निखारे

आदि में सहायक

पूरे माह रहें एक्टिव, फिट व स्वस्थ

हेमपुष्पा

Helpline: 011-23261111



inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


संविधान का 130वां संशोधन विधेयक पेश संसद में जमकर हंगामा

# 30 दिन गए जेल तो चला जाएगा पीएम-सीएम और मंत्री का पद

*गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में पीएम-सीएम और मंत्रियों को हटाने से जुड़े संविधान (130वां संशोधन) समेत तीन विधेयकों को पेश किया। इन विधेयकों में प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्री, मुख्यमंत्री या किसी राज्य या केंद्र शासित प्रदेश के मंत्री को गंभीर आपराधिक आरोपों में लगातार 30 दिनों तक गिरफ्तार या हिरासत में रखने पर पद से हटाने का प्रावधान है। विपक्ष ने इन विधेयकों का जमकर विरोध किया और शाह पर विधेयक की प्रतियां फेंकी। तीनों विधेयकों को संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को भेजा गया है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा ने बुधवार को दूरगामी परिणामों वाले एक संविधान संशोधन विधेयक समेत तीन विधेयकों को संसद की संयुक्त समिति को विचारार्थ भेज दिया। इन विधेयकों को पेश किए जाने और अन्य मुद्दों पर विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे के बीच सदन की बैठक तीन बार के स्थगन के बाद शाम पांच बजे तक स्थगित कर दी गई। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष के विरोध और हंगामे के बीच सदन में 'संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025', 'संघ राज्य क्षेत्र शासन (संशोधन) विधेयक, 2025' और 'जम्मू कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2025' पेश किए।

- लोकसभा में शाह पर फेंकी गईं संविधान संशोधन विधेयक की प्रतियां
- विरोध कर रहे विपक्ष पर केंद्रीय मंत्री शाह ने साधा निशाना
- संविधान संशोधन समेत तीन विधेयक संयुक्त समिति को भेजे गए



**विपक्षी सांसदों ने फाड़ी कॉपी**

संविधान के 130वें संशोधन बिल को इंट्रोड्यूस करते वक्त विपक्ष सांसदों ने बिल की कॉपी फाड़कर गृहमंत्री की तरफ फेंकी। सत्ताधारी दल की तरफ जिसे ट्रेजरी बेंच कहते हैं उसे विपक्षी सांसदों ने घेर लिया और गृहमंत्री के माइक को मोड़ने की कोशिश की गई। जमकर हंगामा हुआ और सदन के अंदर स्थिति तनाव ग्रस्त हो गई।

### 30 दिन अरेस्ट रहे तो 31वें दिन गई कुर्सी

केंद्र जिस बिल को लोकसभा में लाने जा रही है उसमें प्रावधान है कि, किसी मंत्री को जो पद पर रहते हुए लगातार 30 दिनों की अवधि के दौरान, किसी भी समय लागू कानून के तहत कोई ऐसा अपराध करने के आरोप में गिरफ्तार किया जाता है और हिरासत में रखा जाता है, जिसमें पांच वर्ष या उससे अधिक की जेल की सजा है।

### शाह की गिरफ्तारी पर वेणुगोपाल ने पूछा सवाल

कांग्रेस सांसद वेणुगोपाल ने कहा कि भाजपा के लोग कह रहे हैं कि यह विधेयक राजनीति में शुचिता लाने के लिए लाया जा रहा है। उन्होंने कहा, क्या मैं गृह मंत्री से पूछ सकता हूं कि जब वह गुजरात के गृह मंत्री थे, उन्हें गिरफ्तार किया गया था तब क्या उन्होंने नैतिकता का ध्यान रखा था?

### शाह बोले मैंने दे दिया था इस्तीफा

गृह मंत्री ने वेणुगोपाल के बयान पर जवाब देते हुए कहा, मैं रिकॉर्ड स्पष्ट करना चाहता हूं। मैंने गिरफ्तार होने से पहले नैतिकता के मूल्यों का हवाला देकर इस्तीफा भी दिया और जब तक अदालत से निर्दोष (साबित) नहीं हुआ, तब तक मैंने कोई संवैधानिक पद स्वीकार नहीं किया। शाह ने कहा, ये हमें क्या नैतिकता सिखाएंगे।

### किस पार्टी में कितने सांसदों पर मामले?

एडीआर के अनुसार, 18वीं लोकसभा में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी भाजपा के 240 विजयी उम्मीदवारों में से 94 (39 प्रतिशत) पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। कांग्रेस के 99 सांसदों में से 49 (49 प्रतिशत) ने आपराधिक मामले घोषित किए हैं और समाजवादी पार्टी के 37 सांसदों में से 21 (56 प्रतिशत) पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। टीएमसी के 29 में से 13 ▶▶| शेष पेज 8 पर

## क्या है तीनों विधेयक में?

**1 केंद्र शासित प्रदेश सरकार (संशोधन) विधेयक 2025**

केंद्र शासित प्रदेश सरकार अधिनियम, 1963 (1963 का 20) में गंभीर आपराधिक आरोपों की वजह से गिरफ्तार और हिरासत में लिए गए सीएम या मंत्री को हटाने का कोई प्रावधान नहीं है, इसलिए सरकार को लगता है कि केंद्र शासित प्रदेश सरकार अधिनियम, 1963 की धारा 45 में बदलाव करने की आवश्यकता है।

**2 संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025**

भारतीय संविधान में गंभीर आपराधिक आरोपों में गिरफ्तार और हिरासत में लिए गए मंत्री को हटाने के लिए प्रावधान नहीं है। ऐसे मामलों में पीएम या केंद्रीय मंत्रिपरिषद के किसी मंत्री और राज्यों एवं राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के मुख्यमंत्री या मंत्रिपरिषद के किसी मंत्री को हटाने के लिए संविधान के अनुच्छेद 75, 164 और 239एए में बदलाव की जरूरत महसूस की गई है।

**3 जम्मू कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2025**

वर्तमान में जम्मू कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 (2019 का 34) के तहत गंभीर आपराधिक आरोपों मामलों में गिरफ्तार और हिरासत में लिए गए सीएम या मंत्री को हटाने के लिए कोई प्रावधान नहीं दर्ज है। यही वजह है कि ऐसे मामलों में इनके लिए जम्मू कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 की धारा 54 में बदलाव की जरूरत महसूस की गई है।

## खबर संक्षेप

### प्रति मिनट 25,000 टिकटों की बुकिंग

**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में कहा कि भारतीय रेलवे ने यात्री आरक्षण



प्रणाली का पूर्ण उन्नयन किया है, जिससे वर्तमान में प्रति मिनट 25,000 टिकट बुक किये जा सकते हैं। यात्री आरक्षण प्रणाली के उन्नयन से जुड़े उपायों के बारे में पूछे गए प्रश्न के लिखित उत्तर में वैष्णव ने कहा, तकनीकी उन्नयन भारतीय रेलवे की एक सतत प्रक्रिया है।

### करंट से एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौत

**जलगांव।** उत्तर महाराष्ट्र के जलगांव जिले में जंगली जानवरों से फसलों की रक्षा के लिए एक ग्रामीण के खेत के चारों ओर लगाए गए बिजली के तार के संपर्क में आने से एक परिवार के पांच सदस्यों की मौत हो गई। डेढ़ साल की एक बच्ची इस घटना में सुरक्षित बच गयी। उन्होंने बताया कि घटनास्थल पर दो जंगली सूअर भी मृत पाए गए। यह घटना मंगलवार देर रात एरंडोल के वार्खेडी गांव में हुई।

### नासा ने यूरेनस की कक्षा में नया लघु चंद्रमा खोजा

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने कहा है कि उसके वेब स्पेस टेलीस्कोप ने सौरमंडल



के सातवें ग्रह यूरेनस की कक्षा में एक नया, अत्यंत छोटा चंद्रमा खोजा है। नासा द्वारा मंगलवार को जारी बयान के अनुसार, यह चंद्रमा लगभग 10 किलोमीटर चौड़ा प्रतीत होता है।

### दो वाहनों में आग 3 की जलकर मौत

**उन्नाव।** उन्नाव जिले में बुधवार तड़के दो ट्रकों की आमने-सामने की टक्कर के बाद उनमें आग लग गई, जिससे तीन लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा तड़के करीब तीन बजे बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र में हरदोई-उन्नाव मार्ग पर मरी कंपनी मोड़ के पास हुआ। डंपर की हरदोई से उन्नाव की ओर आ रही डीसीएम से टक्कर हो गई। इसके बाद दोनों वाहनों में आग लग गई।

## 25 लाख 50 हजार के 13 ईनामी सहित 21 माओवादियों का आत्मसमर्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

बुधवार को दंतेवाड़ा में 13 ईनामी माओवादी सहित कुल 21 माओवादी कैडरों ने आत्मसमर्पण किया है। इनमें कई कैडर वर्षों से माओवादी संगठन में सक्रिय थे।

अब संगठन की जन विरोधी, हिंसक और दिशाहीन विचारधारा से मोह भंग के कारण उन्होंने समाज की मुख्यधारा से जुड़ने का निर्णय लेते हुए आत्मसमर्पण किया है। लोन वर्राटू घर ▶▶| शेष पेज 8 पर



### इन्होंने किया समर्पण

आत्मसमर्पण करने वाले 21 माओवादी केये उर्फ केशा लेकाम (24) कम्पनी नम्बर 1 सदस्य निवासी मोड़ोनार थाना ओरछा जिला नारायणपुर 8 लाख रुपए ईनाम, कुमारी मंगली कोवासी (35) प्लाटून नम्बर 24 सदस्य निवासी कोड़ोपाल पेद्दापारा थाना कटेकल्याण जिला दन्तेवाड़ा 2 लाख रुपए, बुधराम कोवासी (20) प्लाटून नम्बर 9 सदस्य निवासी गोण्डेबट्टूम ▶▶| शेष पेज 8 पर

## चिकित्सा पाठ्यक्रमों में बढ़ सकती हैं 8000 सीटें

**नई दिल्ली।** इस शैक्षणिक सत्र में देश में चिकित्सा के स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में कुल 8,000 सीट बढ़ाए जाने की उम्मीद है और इसके मद्देनजर चिकित्सा महाविद्यालयों का मूल्यांकन किया जा रहा है।



राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग के प्रमुख डॉ. अभिजात शेठ ने यह जानकारी दी। राष्ट्रीय पात्रता व प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) 2025 के लिए काउंसलिंग शुरू हो चुकी है और पहला चक्र पूरा हो चुका है।

**एमबीबीएस की 1,18,098 सीटें**

मौजूदा समय में देश में एमएमबीएस की 1,18,098 सीटें हैं, जिनमें से 59,782 सरकारी और 58,316 निजी संस्थानों की हैं। इसी प्रकार स्नातकोत्तर सीटों की संख्या 53,960 है, जिनमें से 30,029 सरकारी और 23,931 निजी क्षेत्र की हैं।

## दिल्ली के 50 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के स्कूलों को बम की धमकी मिलने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब दिल्ली के करीब 50 स्कूलों को बुधवार को ईमेल के जरिए बम की धमकी मिली, जिसके बाद



पुलिस और अन्य आपातकालीन एजेंसियों ने तलाश अभियान शुरू किया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, दिल्ली के लगभग 50 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है।

**दो दिन पहले भी मिली थी धमकी**

अधिकारियों ने बताया कि पुलिस टीम, अग्निशमनकर्मी और बम निरोधक दस्ते तुरंत स्कूल पहुंचे। महज दो दिन पहले 18 अगस्त को दिल्ली के 32 स्कूलों को इसी तरह की धमकी मिली थी, जो बाद में झूठी निकलीं।

केंद्र सरकार ने संसद में दी जानकारी

## सरकारी कर्मियों की अविवाहित या तलाकशुदा बेटियों को भी पेंशन

**नई दिल्ली।** सरकार ने बुधवार को संसद में कहा कि दिवंगत सरकारी कर्मचारियों की अविवाहित, विधवा या तलाकशुदा बेटियां पारिवारिक पेंशन की हकदार हैं, बशर्ते वे कुछ निर्धारित शर्तों को पूरा करती हों। केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग (डीओपीपीडब्ल्यू) द्वारा अधिसूचित केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 2021 और उसके बाद जारी 26 अक्टूबर 2022 के कार्यालय ज्ञापन में विभिन्न प्रावधान शामिल किये गए हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि दिवंगत सरकारी कर्मचारी या पेंशनभोगी की तलाकशुदा/विधवा बेटी को उपयुक्त समय पर पारिवारिक पेंशन मिल सके।




**ऐसी स्थिति में बेटी भी पात्र:** मंत्री ने बताया कि इन नियमों के अनुसार, यदि किसी दिवंगत सरकारी कर्मचारी या पेंशनभोगी की पत्नी/पति या बेटा पारिवारिक पेंशन के लिए पात्र नहीं है या यदि उनकी मृत्यु हो चुकी है तो ऐसी स्थिति में पारिवारिक पेंशन अविवाहित या विधवा या तलाकशुदा बेटी को दी जाएगी या देय होगी। उन्होंने ऐसी पेंशन के लिए अन्य शर्तों का भी उल्लेख किया।

### बेटी को कब तक मिलेगी पेंशन

मंत्री ने उल्लेख किया कि पेंशन उस वक्त तक जारी रहेगी, जब तक कि उसकी शादी नहीं हो जाती या उसका पुनर्विवाह नहीं हो जाता या वह अपनी आजीविका अर्जित करना शुरू नहीं कर देती। उन्होंने बताया कि अविवाहित या विधवा या तलाकशुदा बेटी के अपने माता-पिता के जीवित रहने के दौरान उन पर निर्भर रहने की स्थिति में यह नियम लागू होगा।


वित्तीय सेवाएं विभाग
DEPARTMENT OF FINANCIAL SERVICES

3 महीने का वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान

01.07.2025 - 30.09.2025

2.70 लाख GPs और ULBs तक

PMJDY खाता खोलना

PMJJBY/ PMSBY/ APY के लिए नामांकन

जिन बचत खातों में KYC बाकी है, उनकी Re-KYC करना

डिजिटल धोखाधड़ी की रोकथाम और दावा न की गई जमा राशि पर जागरूकता अभियान

आज ही खाता खोलें

जनसुरक्षा योजनाओं में नामांकन करें

नजदीकी बैंक शाखा से संपर्क करें

अधिक जानकारी के लिए कृपया अपने नजदीकी बैंक शाखा/बीसी से संपर्क करें

इस अभियान से जुड़ें। लोगों को बताएं। बीमा कराएं

जन सुरक्षा योजनाओं के नामांकन, खाता खोलने, Re-KYC कराने और धोखाधड़ी की रोकथाम के लिए प्रत्येक पंचायत में कैंप पर जाएं।

अब बैंक की सुविधा घर पर भी

लाभ उठाएं

apno ka bank | RBL BANK

Visit: www.rblbank.com | Call us on: +91 22 6232 7777 | Contact your nearest branch for more details

TheRBLBank | RBL-Bank | @RBLBank | RBL_Bank | RBLBankOfficial | Say 'Hi' on 84335 98888

## चिंतन

# ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री को रेगुलेट करना ही चाहिए

ऑनलाइन गेमिंग को रेगुलेट करना जरूरी है। यह तेजी से बढ़ता बाजार है। भारत में करीब 45 करोड़ से अधिक लोग ऑनलाइन गेम खेलते हैं। वर्ष 2024 में भारतीय गेमिंग बाजार का आकार 31,938 करोड़ रुपये था। इसमें रीयल मनी गेमिंग की हिस्सेदारी लगभग 85.7% है। रियल मनी गेम्स में प्लेयर्स असली पैसे लगाकर गेम खेलते हैं और जीतने पर उन्हें प्राइज मिलता है, हारने पर पैसा डूबता है। प्रति वर्ष ऑनलाइन गेम खेलने वाले करीब 20 हजार करोड़ रुपये गंवा देते हैं। अभी नियामक ढांचा नहीं होने से ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री बेलगाम है। सबसे ज्यादा जरूरी गेमिंग के उपभोक्ताओं के हितों का संरक्षण है। ऐसे में ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री को विनियमित (रेगुलेट) करना जरूरी है। इसी मंशा के साथ सरकार एक कानून लेकर आ रही है। इसके लिए उसने ऑनलाइन खेल संवर्धन और विनियमन विधेयक, 2025 लोकसभा में पेश किया है, जिसे सदन ने पारित कर दिया है। यूं तो अभी यह विधेयक राज्यसभा में जाएगा, फिर राष्ट्रपति की मुहर लगेगी, तब कानून बनेगा, लेकिन यह कदम ही महत्वपूर्ण है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने गेमिंग इंडस्ट्री के असर को समझने के लिए एक टास्क फोर्स का गठन किया था, टास्क फोर्स ने वर्ष 2022 में अपनी सिफरिशें सरकार को सौंपी थीं, जिसमें एक नया कानून बनाने का सुझाव दिया था। इसके बाद से कानून के प्रारूप पर कार्य जारी था, जो अब एक विधेयक के रूप में सामने आया है। इसमें ऑनलाइन गेमिंग को विनियमित करने और शैक्षणिक व सामाजिक ऑनलाइन खेलों को बढ़ावा देने का प्रावधान है। दरअसल, 'ऑनलाइन मनी गेम' आज समाज में बड़ी चिंता का विषय बन गया है और कई ऐसे व्यक्ति हैं जिन्हें इसकी लत लग जाती है तथा जिदंगी भर की बचत (ऑनलाइन) गेम में उड़ा देते हैं। फ्रॉड और चीटिंग एल्गोरिद्म ऐसे होते हैं कि पता ही नहीं चलता कि कौन किसके साथ खेल रहा है। अस्पष्ट एल्गोरिद्म होते हैं। हार निश्चित होती है। वित्तीय नुकसान होते हैं। कई आत्महत्याएं भी हुई हैं। कर्नाटक की एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, 31 महीनों में 32 आत्महत्याएं इस तरह के मामलों में हुई हैं। ऑनलाइन गेमिंग के जरिये मनी लांड्रिंग और आतंकवाद के वित्तपोषण का भी खतरा बढ़ रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लयूएचओ) ने अपनी एक रिपोर्ट में ऑनलाइन गेमिंग को एक 'डिसऑर्डर' घोषित किया है। 'ई-स्पोर्ट्स' और 'ऑनलाइन सोशल गेमिंग' को बढ़ावा देना चाहती है, इनके लिए एक प्राधिकरण बनाए जाएंगे। विधेयक में ऑनलाइन 'मनी गेमिंग' या उसके विज्ञापनों पर प्रतिबंध लगाने और इन्हें पेश करने या विज्ञापन देने वालों के लिए कारावास या जुर्माना, या दोनों के प्रावधान हैं। यह विधेयक सभी तरह की ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुआ संबंधी गतिविधियों को प्रतिबंधित करता है। विधेयक में किसी कम्प्यूटर, मोबाइल उपकरण या इंटरनेट के माध्यम से ऑनलाइन 'मनी गेम' के प्रस्ताव, संचालन, सरलीकरण, विज्ञापन, प्रचार और भागीदारी को निषिद्ध किया गया है, विशेषकर जहां ऐसे क्रियाकलाप राज्य की सीमाओं के पार या विदेश से संचालित होते हैं। ऑनलाइन गेमिंग उद्योग प्रति वर्ष 25,000 करोड़ रुपये से अधिक टैक्स का योगदान देता है। करीब 25 हजार करोड़ का एफडीआई इस उद्योग में आता है। प्रतिबंध के बाद सरकार को 20 हजार करोड़ का सालाना टैक्स घाटा हो सकता है। देश में 1100 से ज्यादा गेमिंग कंपनियां हैं, जिसमें 400 से ज्यादा स्टार्टअप हैं। ऐसे में गेमिंग उद्योग का विनियमन होना ही चाहिए।



कूटनीति
विकेश कुमार बडोला

# चीन से रिश्ते सुधारें पर सचेत भी रहें

भारत-अमेरिका के मध्य व्यापारिक अनुबंध पर अंतिम समझौता न होने तथा प्रतिकार में अमेरिका की ओर से व्यापार-शुल्क को पचास प्रतिशत तक करने की चेतावनी के परिदृश्य में चीन अत्यंत सक्रिय है। उसकी ओर से भारत पर अमेरिकी शुल्क वृद्धि को अनेक पदाधिकारिक स्तर पर अनुचित ठहराया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 31 अगस्त से 1 सितंबर तक चीन के तियानजिन में आयोजित होने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में सम्मिलित होंगे। चीन के साथ पारस्परिक संबंधों को सुलझाने के साथ भारत को उसके प्रति अपनी कूटनीतिक एवं रणनीतिक दृष्टि को भी जागरूक व सचेत रखने की अत्यंत आवश्यकता है।

भारत-अमेरिका के मध्य व्यापारिक अनुबंध पर अंतिम समझौता न होने तथा प्रतिकार में अमेरिका की ओर से व्यापार-शुल्क को पचास प्रतिशत तक करने की चेतावनी के परिदृश्य में चीन अत्यंत सक्रिय है। उसकी ओर से भारत पर अमेरिकी शुल्क वृद्धि को अनेक पदाधिकारिक स्तर पर अनुचित ठहराया गया है। उसके विदेश मंत्री, व्यापार मंत्री तथा भारत में स्थित राजदूत द्वारा भारत पर अमेरिकी शुल्क अत्याचार का प्रत्यक्ष विरोध किया गया। ऐसी परिस्थितियों में संभावना के अनुरूप भारत ने आधिकारिक घोषणा कर दी है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 31 अगस्त से 1 सितंबर तक चीन के तियानजिन में आयोजित होने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में सम्मिलित होंगे।

इस घोषणा से पहले भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर तथा राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल अमेरिकी शुल्क के विरोध में रूस व चीन के साथ मिलकर शुल्क प्रतिरोधी तंत्र बनाने के उद्देश्य से इन दोनों देशों की आपात यात्रा कर चुके हैं। उधर रूस-यूक्रेन के मध्य तीन वर्षों से चले आ रहे युद्ध को समाप्त करने की योजना से पश्चिमी अमेरिकी क्षेत्र अलास्का में पुतिन के साथ ट्रंप की भेंट में भी रूसी राष्ट्रपति की ओर से अमेरिकी राष्ट्रपति को संकेतों में समझा दिया गया है कि भारत के विरुद्ध उनका व्यापारिक दृष्टिकोण आवश्यकता से अधिक कठोर है। इसी विषय क्रम में 19 अगस्त को नई दिल्ली में अजीत डोभाल ने चीनी विदेश मंत्री वांग यी के साथ दोनों देशों की सीमाओं के प्रकरण पर गठित विशेष प्रतिनिधियों के समूह की 24वें चरण की बैठक में सीमा विवाद के साथ-साथ पारस्परिक व्यापार संबंधों को पुनः सामान्य स्तर तक क्रियान्वित करने के परिप्रेक्ष्य में विचार-विमर्श किया। बैठक में डोभाल ने कहा कि वास्तविक नियंत्रण रेखा विवाद की समाप्ति के बाद दोनों देशों के मध्य सीमाओं पर शांति व स्थिरता बनी हुई है। उनके अनुसार विगत नौ माह में हमारे पारस्परिक संबंधों में भी सुधार हुआ है, द्विपक्षीय संबंध अधिक दृढ़ हुए हैं और अक्टूबर 2024 में कजान में मोदी व शी जिनपिंग की भेंट से परस्पर संबंध अप्रत्याशित ढंग से स्वस्थ हुए हैं, जिस कारण विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़कर सहयोग व सहायता की संधियों की दिशादृष्टि परिलक्षित हुई है।

इस आलोक में चीन ने भारत को दुर्लभ भूमि खनिजों, उर्वरकों एवं सुरंग निर्माणन मशीनों की आपूर्ति के संबंध में अपनी स्वीकृति प्रदान की है। वांग यी ने अपने समकक्ष एस. जयशंकर को इस संबंध में आधिकारिक रूप में आश्वस्त किया है। ऐसे खनिज उच्च-स्तरीय तकनीक से संबद्ध उत्पादों जैसे कि इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी), ड्रोन व बैटरी स्टोरेज हेतु अति महत्वपूर्ण हैं। चीन ऐसे खनिजों की 70 प्रतिशत वैश्विक आपूर्ति करता है। भारत के लिए यह खनिज सामरिक, डिजिटल एवं यांत्रिक नवोन्नति के लिए अत्यावश्यक हैं। भारत 2023 से चीन से उर्वरकों का अधि मात्रा में आयात कर रहा था, किंतु 2024 में चीन ने विश्व के अनेक देशों को इनकी आपूर्ति रोक दी। अपने भारत प्रवास की समयावधि में वांग यी ने प्रधानमंत्री से भी भेंटवार्ता की। प्रत्यक्ष रूप में तो यह भारत और चीन के संबंधों के लिए एक अनुकूल समय प्रतीत हो रहा है, परंतु आगे व्यावहारिकता के स्तर पर क्या-क्या घटित होगा यह तो



भविष्य में ही पता चलेगा। आधुनिक युग में विभिन्न देशों के मध्य कूटनीतिक संबंध स्थायी एवं दीर्घकालिक आधार पर संतुलित नहीं रह सकते। ऐसा मानने का सिद्ध कारण भारत और अमेरिका के मध्य गत फरवरी से असहज होते पारस्परिक संबंध हैं।

रिपब्लिकन राजनीतिक दल के जिस राष्ट्रपति ट्रंप को राजनीति की विचारधारा के स्तर पर भारतीय प्रधानमंत्री मोदी के समान ही माना गया था तथा अपने प्रथम कार्यकाल में उन्होंने ऐसी समानता को भारत के साथ सुदृढ़ पारस्परिक संबंधों व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संपन्न उत्तरदायित्व से पूर्ण अपने निर्णयों-कार्यों से सिद्ध भी किया था, अपने द्वितीय कार्यकाल में वे विश्व व विशेषकर भारत के लिए इतने जटिल सिद्ध हो जायेंगे, इसकी उसके समर्थकों ने कल्पना भी नहीं की थी। विगत एक दशक में दक्षिण एशिया क्षेत्र एवं दक्षिणी समुद्र में चीन के अवैध व अतिक्रामक प्रभाव को नियंत्रित करने के ध्येय के साथ अमेरिका ने द्विपक्षीय रूप में भारत के संग तथा बहुपक्षीय रूप में भारत, आस्ट्रेलिया एवं जापान की सहभागिता से साकार क्वॉड में भी सक्रिय भूमिका का निर्वाह किया था। तब प्रतीत हुआ था कि दक्षिण एशिया में विद्यमान दुनिया के द्वितीय शक्तिशाली देश चीन के चहुंदिश अतिक्रमण पर प्रभावी नियंत्रण हेतु क्वॉड समूह भविष्य में उपयोगी सिद्ध होगा तथा इसमें भारत की कार्यकारी भूमिका अग्रणी होगी। सन् 2019 से लेकर 2022 तक कोरोना की उत्पत्ति के लिए अमेरिकी नेतृत्व में चीन पर ही प्रामाणिक दोषारोपण किया गया था। तत्समय कोरोना उत्सर्जन एवं प्रसारण के दोषी के रूप में चीन पूरे विश्व में अति संदिग्ध देश बन गया था।

जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखण्ड से होते हुए अरुणाचल प्रदेश तक परिव्याप्त हिमालयी भूक्षेत्र की अनेक सीमाओं पर भारत के साथ भूमि विवाद के कारण भी चीन अतिक्रमणकारी देश बना हुआ था। दक्षिण एशिया के अपेक्षाकृत न्यून क्षेत्रफल एवं जनसंख्या वाले देशों की सीमावर्ती भूमि पर व समुद्र में भी चीन की अनुचित गतिविधियां निरंतर होती रही थीं। चीन की ऐसी गतिविधियों के क्रम में भारत के साथ गलवान घाटी की सीमा पर हुई दोनों देशों के सेनाकर्मियों की झड़प के बाद तो गत चार वर्ष से चीन के साथ भारत के संबंध हर क्षेत्र में अत्यंत सीमित हो गये थे। गलवान संघर्ष के प्रतिरोध में भारतीय शासन और लोग दोनों सक्रिय हुए।

शासन ने चीन के साथ सामान्य व्यापार अवरुद्ध कर दिया तो लोगों ने चीन द्वारा निर्मित उत्पादों का बहिष्कार आरंभ कर दिया। विगत चार वर्षों से चीन के साथ भारत के संबंध कठोरता की सीमा तक विकृत हो गये थे। पहलगाम नरसंहार के बाद पाकिस्तान पर भारत के प्रहार की समयावधि में चीन ने तुर्की के साथ मिलकर पाकिस्तान की सामरिक सहायता की थी। इस कारण भी भारत व चीन के संबंधों में अलगाव बढ़ गया था। किंतु अब वातावरण परिवर्तित हुआ है। अमेरिका के साथ अस्वस्थ चल रहे भारत के संबंध और इस स्थिति में दृष्टिगोचर भारत की राजनयिक तटस्थता, अडिगता एवं निर्भयता को भांपकर चीन ने भारत के साथ ठहरे, निष्क्रिय व उलझे हुए अपने संबंधों को स्वस्थ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है। अब आगे यही आशा की जाये कि विविध क्षेत्रों में भारत और चीन के पारस्परिक संबंध विश्वास एवं निष्ठा के आधार पर दीर्घकाल तक सशक्त बने रहें। दोनों देशों और देशों के लोगों के सुख, शांति व संतुष्टि के लिए न केवल भारत व चीन, अपितु दुनिया के सभी देशों के मध्य स्वस्थ एवं संतुलित संबंध ही स्थापित रहने चाहिए। चीन के साथ पारस्परिक संबंधों को सुलझाने के साथ-साथ भारत को उसके प्रति अपनी कूटनीतिक एवं रणनीतिक दृष्टि को भी जागरूक व सचेत रखने की अत्यंत आवश्यकता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## विमर्श

अखिलेश आर्येन्दु




# न्याय सबको, समय पर और बिना भेदभाव मिलना चुनौती

दुनिया में नर संहार, युद्ध अपराध और मानवता के खिलाफ अपराध को रोकना मानवतावादियों के लिए चुनौती रही है। इन्हें रोकने की तमाम कवायदें चलती रहने के बावजूद इन्हें रोकना संभव नहीं हो पाया है। इन्हें रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय की स्थापना हुई। 17 जुलाई 1998 को 120 देश अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के रोम संविधि नामक संधि पर हस्ताक्षर करने के लिए एक साथ आए। तब से स्थापना को अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के रूप में जाने जाना लगा, जो 1 जुलाई 2002 को लागू हुआ। पिछले 22 वर्षों में दुनिया में न्याय के क्षेत्र में तमाम बदलाव आए हैं। नरसंहार मानवीय मूल्य के हनन, मानवता के खिलाफ दुनिया में चलाए जा रहे तमाम षड्यंत्रों को विफल करने में इस संस्था की भूमिका अत्यंत्र महत्वपूर्ण हो गयी है। अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय की स्थापना के पीछे नरसंहार, युद्ध अपराध और मानवता के खिलाफ किये जा रहे अपराधों की जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के निर्णयों का समर्थन करना भी है। विश्व अंतरराष्ट्रीय न्यायालय की स्थापना अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्याय प्रणाली की दिशा में एक वैश्विक प्रयास के रूप में देखा और समझा जाता है। 2010 में राज्य दलों की सभा ने संविधि की समीक्षा सम्मेलन में इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मनाने का निश्चय किया। तब से लगातार 17 जुलाई को हर साल इसे मनाया जा रहा है। दुनिया में न्याय के समर्थकों को एकजुट करना और पीड़ितों के अधिकारों को बढ़ावा देना इस दिवस के मनाने के पीछे की खास वजह रही है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रों, संगठनों और व्यक्तियों से एक से ज्यादा न्यायपूर्ण और समतापूर्ण विश्व के लिए मिलकर काम करने और दुनिया में शांति, सुरक्षा और सर्वहित के खतरा बनें अपराधियों के खिलाफ मानवतावादियों की एकजुटता का यह पहल कई नजरिए से खास कही जा सकती है। अंतरराष्ट्रीय आपराधिक कानून, न्यायपूर्ण और निष्पक्ष समाज की जरूरत आज विश्व समाज की सबसे बड़ी जरूरत है। एक सर्व सहमति से समझ बनाने की जरूरत है जो आतंक, नर संहार और गैर इंसानी गतिविधियों के शिकार हो हलाकानी झेलने के लिए अभिश्रप्त हैं। विश्व समाज आज जिस डर के माहौल में जीने के लिए मजबूर है, वह कई दुश्वारियां को झेलने के लिए भी मजबूर है। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय स्तर की कोशिशों की भूमिका खास मायने रखती है। विश्व सामाजिक न्याय दिवस हमें हर साल अधिक न्यायपूर्ण, अधिक समतापूर्ण समाज बनाने की जरूरत को याद दिलाता है। समाज को समर्थ बनाने की दिशा में इस दिवस की महत्ता खास है, साथ ही समाज से असमानता, भेदभाव और अन्याय के खिलाफ खड़ा होने के लिए तैयार होना भी है। आज जरूरी है कि विश्व समाज में सामाजिक न्याय, आर्थिक न्याय, राजनीतिक न्याय और कानूनी न्याय बगैर किसी भेदभाव, देरी और निष्पक्ष सभी को न्याय मिले। मौजूदा दौर में दुनिया के ज्यादातर देशों में सामाजिक, आर्थिक और कानूनी न्याय समय और बगैर किसी भेदभाव के मिलना दूभर हो गया है। जातिगत, वर्गगत और क्षेत्रगत जैसे भेदभाव को मिटाना आज की सबसे बड़ी चुनौती है। दुनिया में जिन गैर इंसानी कवायदों से सामाजिक जिंदगी में तनाव और दुश्वारियां बढ़ी हैं उनमें अन्याय प्रमुख है। न्यायालयों से मिलने वाला न्याय ज्यादातर इतनी देर से मिलता है कि वह अन्याय से ज्यादा परेशान करने वाला होता है। इसलिए वक्त और अधिकार की सीमा में न्याय सबको मिले, यह सुनिश्चित किया जा सकता है। मानवाधिकारों के उल्लंघन के मामले हों या भेदभावों की वजह से जुल्मोसितम सह रहा व्यक्ति हो, पुलिस के जुल्म का मामला हो या परिवार में हिंसा का मामला हो, न्याय सहज रूप से प्रताड़ित को बगैर किसी देरी के मिले, यह भी न्याय दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में शामिल किया जाना चाहिए। विकासशील देशों में ही अन्याय के मामले ज्यादा नहीं हैं बल्कि विकसित देशों में अन्याय से पीड़ित लाखों की तादाद में लोग हैं। भारत में करोड़ों की तादाद में न्यायालयों में मुकदमें लम्बित हैं। करोड़ों मुकदमों का फैसला तब आता है जब वादी या प्रतिवादी इस दुनिया से ही रुख्सत हो चुके होते हैं। न्याय दिवस अन्य दिवसों की तरह आए और चला जाए, ऐसा इस दिवस के साथ नहीं होना चाहिए, बल्कि बगैर किसी भेदभाव के न्याय दिलवाने और समय से दिलवाने के लिए विश्व स्तर पर सामूहिक प्रयास तो होने ही चाहिए। संविधि में शामिल सभी देशों को एक मत से इस बात पर गौर करना चाहिए की सभी देशों में न्याय बगैर किसी भेदभाव और समय के अंदर मिले। इससे इस दिवस की प्रासंगिकता और महत्व बढ़ भी जाएगा।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# योग के सभी सूत्र सुदृढ़ मानव जीवन की आधारशिला



संकलित
## दर्शन

योग प्राचीन काल से भारतीय आध्यात्मिक संचेतना का केंद्र रहा है। इसके आदिम सूत्रधार परमयोगी भगवान शिव हैं। योग शब्द का प्रयोग विभिन्न अर्थों में होता रहा है। समाधि अर्थ में इसका प्रयोग आत्मा और परमात्मा के मिलन के लिए किया जाता है, जब साधक अपनी साधना की चरमावस्था में परमात्मा से एकाकार होकर उसका साक्षात्कार कर लेता है। अग्निपुराण में भी मन एवं आत्मा तथा आत्मा और परमात्मा के संयोग को योग कहा गया। सांख्यदर्शन के अनुसार प्रकृति और पुरुष का भेद होने पर भी पुरुष का आत्मस्वरूप में स्थित हो जाना योग कहलाता है। कठोपनिषद् के अनुसार, जब इंद्रियां मन के साथ और मन अविचल बुद्धि के साथ स्थिर हो जाता है तो यह अवस्था योग की होती है। गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने 'योगः कर्मसु कौशलम्' कहकर योग का जो स्वरूप अजरुन के समक्ष प्रस्तुत किया है वह सामान्य जन के सर्वाधिक निकट है। कोई भी मनुष्य एकाग्रचित्त होकर निष्काम भाव से कर्म करते हुए योग को सिद्ध कर सकता है। योगसूत्र के प्रणोता महर्षि पतंजलि संयमन अर्थ में चित्तवृत्तियों के निरोध को योग कहते हैं। उनके अनुसार यम, नियम, आसन, ध्यान, धारणा आदि आठ अंगों से संपन्न प्राणायाम की विविध क्रियाएं योग कहलाती हैं। इससे चित्त की एकाग्रता बढ़ती है। बुद्धि में स्थिरता आती है। चिंतन उत्कृष्ट होता है। मन में सद्विचारों का उदय होता है। नकारात्मक प्रवृत्तियां स्वतः समाप्त हो जाती हैं। परिणामतः आत्मिक और शारीरिक शक्तियों में वृद्धि होती है।

# बिना चिंतन के कीर्तन का कोई लाभ नहीं



संकलित
## प्रेरणा

राजा के मन में आया कि अगर मैं भी भागवत की कथा सुन लूं तो मेरा भी कल्याण हो जायगा। राजा ने एक पंडित जी से बात की। पंडित जी भागवत सुनाने के लिये तैयार हो गये। निश्चित समय पर भागवत-कथा आरम्भ हुई। सात दिन बीतने पर कथा समाप्त हुई। दूसरे दिन राजा ने पण्डितजी को बुलाया और कहाः पण्डित जी ! न तो आपने भागवत सुनाने में कोई कमी रखी, न मैंने सुनने में कोई कमी रखी, फिर भागवत सुनने पर कोई फर्क तो नहीं पड़ा, बात क्या है? पण्डित जी ने कहा- महाराज! इसका उत्तर तो मेरे गुरु जी ही दे सकते हैं। राजा ने कहा- आप अपने गुरुजी को आदरपूर्वक मेरे यहां ले आयें, हम उनसे पूछेंगे। राजा ने अपनी शंका गुरु जी के सामने रखी कि, भागवत सुनने पर भी मेरा कल्याण क्यों नहीं हुआ? गुरूजी ने राजा से कहा कि थोड़ी देर के लिये मुझे अपना अधिकार दे दो। राजा ने उनकी बात स्वीकार कर ली। गुरु जी ने आदेश दिया कि राजा और पण्डित जी दोनों को बाँध दो। राजपुरुषों ने दोनों को बांध दिया। अब गुरूजी ने पण्डित जी से कहा कि, तुम राजा को खोल दो। और राजा से कहाः तुम पण्डित जी को खोल दो। दोनों ने उत्तर दिया की हम बंधे है कैसे एक दूसरे को खोल सकते हैं। गुरु जी ने कहा- महाराज! मैंने आपके प्रश्न का उत्तर दे दिया! राजा ने कहा- मैं समझा नहीं! गुरुजी बोले- जैसे खुद बंधा हुआ आदमी दूसरे को बन्धन-मुक्त नहीं कर सकता है, वैसे ही स्वयं ज्ञान को अपने अनुभव में उतारे बिना कोई दूसरे का कल्याण कैसे कर सकता है?

## अंतर्मन




## आज की पाती

### छोटे डंक, घातक बीमारियां

मच्छर पूरी दुनिया में बीमारियों के सबसे बड़े वाहक होते हैं, जिनके काटने से डेंगू, चिकनगुनिया, मलेरिया, जीका वायरस इत्यादि जानलेवा बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। डेंगू और मलेरिया इन सभी में सबसे ज्यादा खतरनाक हैं, जो कई मामलों में जानलेवा साबित होते हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2010 में मच्छरों के काटने के कारण अफ्रीका में सर्वाधिक मौतें हुई थी। दुनिया के कई हिस्सों में मच्छरों के काटने से होने वाली मौतें आज भी गंभीर चिंता का कारण हैं। इसीलिए मच्छरों से होने वाली बीमारियों के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने और बचाव के उपायों के बारे में बताने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 20 अगस्त को एक खास विषय के साथ विश्व मच्छर दिवस मनाया जाता है। *- राकेश दुबे, बलौदा बाजार*

## ट्रेंड

### राधाकृष्णन का स्वागत



उपराष्ट्रपति पद के लिए नामांकन दाखिल करते समय थिरु सी.पी. राधाकृष्णन के साथ मंत्रियों, पार्टी सहयोगियों और एनडीए नेताओं ने भी उनका स्वागत किया। एनडीए परिवार को विश्वास है कि वे एक उत्कृष्ट उपराष्ट्रपति होंगे।
**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### कांग्रेस को मिर्ची लगी




जेल से सरकार चलाने वाले नेताओं के खिलाफ केंद्र सरकार ने शिकंजा कसने के लिए सदन में विधेयक रखा। इसके अंतर्गत 30 दिन से ज्यादा जेल में रहते हैं तो उनका पद चला जाएगा। यह विधेयक सदन में आते ही जाने क्यों कांग्रेस को मिर्ची लग गई।
**- डॉ. मेधा कुलकर्णी, सांसद राज्यसभा**

### राष्ट्र सेविका समिति



आज मेरे आवास पर 'राष्ट्र सेविका समिति' महिला शाखा का आयोजन हुआ। हम सब मिलकर सनातन मूल्यों, हिन्दू संस्कृति और राष्ट्रीय चेतना को और प्रखर बनाएंगे। महिलाओं की जागरूकता और सहभागिता ही राष्ट्र को सशक्त बनाती है।
**- कंगना रनौत, सांसद, भाजपा**

### शपथपत्रों का जवाब



उप्र में 2022 के विधानसभा चुनावों में नाम काटने को लेकर हमने जो 18000 शपथपत्र दिये थे, भाजपा सरकार उनमें से एक का भी जवाब सही तरीक़े से देना नहीं चाहती है। ज़िलाधिकारी को आगे करके चुनाव आयोग बच नहीं सकता।
**- अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

## करंट अफेयर

# आस्ट्रेलिया में बच्चों के लिए सोशल मीडिया होगा बैन



आगामी चार महीनों में ऑस्ट्रेलिया में लागू होने जा रहे एक कानून के तहत 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों के फेसबुक, स्नैपचैट, टिकटॉक, इंस्टाग्राम, एक्स (पूर्व में ट्विटर), रेडिट और यूट्यूब जैसे सोशल मीडिया मंच का उपयोग करने पर प्रतिबंध लग जाएगा। संघीय सरकार ने कहा है कि सोशल मीडिया कंपनियों को 10 दिसंबर तक इन नाबालिग उपयोगकर्ताओं के सोशल मीडिया खातों को हटाने और आयु सत्यापन सॉफ्टवेयर के माध्यम से इन्हें नए खाते बनाने से रोकने के लिए "उचित कदम" उठाने होंगे। इस कानून के तहत माता-पिता की अनुमति से भी बच्चों को इन सोशल मीडिया मंचों तक पहुंच नहीं दी जा सकेगी। विवाद जारी, लेकिन प्रतिबंध तय इस फैसले को लेकर संभावित लाभ और नुकसान को लेकर देशभर में तीखी बहस हो रही है। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि सोशल मीडिया के माध्यम से युवा स्वयं को व्यक्त करते हैं, अपनी पहचान बनाते हैं और सामाजिक जुड़ाव महसूस करते हैं। एक ऐसे समाज में, जहां हर पांच में से दो बच्चे खुद को अकेला महसूस करते हैं, यह जुड़ाव काफी महत्वपूर्ण हो सकता है। वहीं दूसरी ओर, सोशल मीडिया की लत और इसका आनंद उठा पाने से वंचित रह जाने का अंदेशा बच्चों को इन सोशल मीडिया मंचों पर अत्यधिक समय बिताने के लिए प्रेरित करता है।


## ऑफ बीट

# सिर्फ कैलोरी पर नजर रखना जरूरी नहीं



वजन-समावेशी स्वास्थ्य देखभाल का अर्थ है बेहतर स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करना, जिसमें वजन घटाने की आवश्यकता नहीं है। इसमें कैलोरी की संख्या के बजाय समग्र कल्याण के लिए भोजन करने जैसी प्रथाएं शामिल हैं। इसमें तनाव कम करने के लिए गतिविधियों को प्राथमिकता देना, धूम्रपान से बचना, कम शराब पीना और आनंददायक तरीकों से शारीरिक रूप से सक्रिय रहने का प्रयास करना भी शामिल हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति वजन-समावेशी दृष्टिकोण वजन बढ़ने से होने वाले नुकसान को कम करने का प्रयास करता है। अधिक वजन वाले लोग अक्सर दूसरों से - जिनमें उनके अपने डॉक्टर और अन्य स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता भी शामिल हैं - भेदभाव, पूर्वाग्रह, नकारात्मक रूढ़िवादिता और अपमानजनक टिप्पणियों का सामना करते हैं विभिन्न आकारों के 40% से अधिक अमेरिकी वयस्कों ने अपने दैनिक जीवन में वजन संबंधी अपमान का अनुभव किया है। अमेरिका में लोग वजन कम करने के लिए जिस हद तक जाते हैं, उसके पीछे संभवतः इस अपमान से बचना एक प्रमुख कारण है। बाजार के आंकड़ों से पता चलता है कि अमेरिकियों ने 2021 में वजन घटाने के उत्पादों और कार्यक्रमों पर लगभग 72.6 अरब अमेरिकी डॉलर खर्च किए।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com


MARUTI SUZUKI
NEXA
DRIVE TOUGH. PAY EASY.
Drive the Tough Urban Ignis at just
₹ 3100/month#.
IGNIS
IGNIS
COMPACT URBAN SUV
17.78cm SMARTPLAY STUDIO
(AVAILABLE FROM ZETA VARIANT ONWARDS)
AUTO GEAR SHIFT
SPACIOUS AND COMFORTABLE INTERIORS
1.2L VVT PETROL ENGINE
3 years 100 000 km WARRANTY*
EXTENDABLE UPTO 6 YEARS
BENEFITS UP TO ₹ 85 000**
SCRAPPAGE BONUS AVAILABLE
AGAINST VALID CERTIFICATE OF DEPOSIT.
STARTING PRICE ₹ 5.85 LAKH^
SCAN TO CONNECT TO
A SHOWROOM NEAR YOU
E-BOOK TODAY @
WWW.NEXAEXPERIENCE.COM
Contact us at
1800-200-6392
1800-102-6392
^For detailed T&C kindly visit your nearest dealership. Offers may vary subject to model and variant purchased. **All offers are brought to you by NEXA dealers only. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time without advance notice. Creative Visualization. *3 years or 1 00 000 km whichever is earlier. #EMI @ ₹ 3 100 is a scheme illustration for customer upgrade wherein Ignis sigma variant ex-showroom price considered is ₹ 5 85 000; insurance, RTO & TCS is ₹ 78 000; exchange value of old car taken is ₹ 2 00 000; customer down payment of ₹ 2 04 120; customer loan amount of ₹ 1 98 881; and financier rate of interest of 8.40%). The consumer offer and exchange offer considered is ₹ 25 000 each. Finance at the sole discretion of financier and may vary basis customer profile. For further information please contact your nearest NEXA dealer or the toll-free number.

ऑनलाइन गेमिंग बिल लोकसभा से पास

ऑनलाइन जुए की सभी गतिविधियां हुईं अब गैरकानूनी

# पैसा लेकर गेम खिलाने या विज्ञापन करने पर जाना पड़ेगा जेल

## इन गेम्स की लत और वित्तीय धोखाधड़ी पर अंकुश लगाने लिया गया फैसला

## तीन वर्ष कैद और 1 करोड़ रुपए जुर्माने का प्रावधान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा ने बुधवार को पैसे से खेले जाने वाले ऑनलाइन गेम पर प्रतिबंध लगाने से जुड़ा विधेयक पारित कर दिया। इसका मकसद इन गेम्स की लत, धन शोधन और वित्तीय धोखाधड़ी की बढ़ती घटनाओं पर अंकुश लगाना है। ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन और विनियमन विधेयक, 2025, ऑनलाइन मनी गेम्स से संबंधित विज्ञापनों पर प्रतिबंध लगाने के साथ-साथ बैंकों और वित्तीय संस्थानों को ऐसे किसी भी गेम के लिए धन की सुविधा प्रदान करने या स्थानांतरित करने से रोकता है। सदन में विपक्षी सदस्यों के विरोध के बीच इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव की संक्षिप्त टिप्पणी के बाद विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। ऑनलाइन मनी गेम वह गेम है जिसे यूजर पैसा और अन्य फायदे जीतने की उम्मीद में पैसा जमा करके खेलता है।

**विधेयक दूसरे सदन में पास होना शेष**

यह विधेयक सभी ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुआ (सट्टा और जुआ) गतिविधियों को गैरकानूनी घोषित करता है। ऑनलाइन फैंटेसी खेलों से लेकर ऑनलाइन जुआ (जैसे पोकर, रम्मी और अन्य कार्ड गेम) और ऑनलाइन लॉटरी तक इस बिल के कानून बनने के बाद अवैध हो जाएंगे। संसद के दोनों सदनों की ओर से विधेयक पारित हो जाने के बाद, ऑनलाइन मनी गेमिंग की पेशकश या सुविधा प्रदान करने पर तीन वर्ष तक की कैद और/या 1 करोड़ रुपये तक का जुर्माना हो सकता है।



**हर साल 45 करोड़ लोग गंवा देते हैं 20,000 करोड़**

सरकार का अनुमान है कि ऑनलाइन 'रियल मनी' गेमिंग में हर साल करीब 45 करोड़ लोग लगभग 20,000 करोड़ रुपये गंवा बैठते हैं। सरकार ने लोकसभा में 'ऑनलाइन गेमिंग (प्रोत्साहन एवं विनियमन) विधेयक, 2025' पेश किया है जिसमें ई-स्पोर्ट्स और ऑनलाइन सामाजिक गेमिंग को बढ़ावा देने के साथ ही किसी भी प्रकार के धन-आधारित गेमिंग पर प्रतिबंध का प्रस्ताव रखा गया है।

### गेमिंग उद्योग ने किया विरोध

इस बीच, धन-आधारित गेमिंग उद्योग से जुड़े संगठनों ने गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर चिंता जतायी है कि यह विधेयक रोजगार सृजित करने वाले इस उभरते उद्योग को समाप्त कर देगा। ऑल इंडिया गेमिंग फेडरेशन, ई-गेमिंग फेडरेशन और फेडरेशन ऑफ इंडियन फैंटेसी स्पोर्ट्स ने इस पत्र में कहा है कि ऑनलाइन स्किल गेमिंग उद्योग का मूल्यांकन दो लाख करोड़ रुपये से अधिक है और इसकी वार्षिक आय 31,000 करोड़ रुपये से ज्यादा है। गेमिंग संगठनों के मुताबिक, यह उद्योग प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष करों में 20,000 करोड़ रुपये से अधिक का योगदान करता है और 2028 तक इसके दोगुना हो जाने का अनुमान है।

### थरूर ने भी की प्रतिबंध की आलोचना



इधर, कांग्रेस नेता शशि थरूर ने भी ऑनलाइन 'मनी गेमिंग' पर प्रतिबंध लगाने संबंधी सरकार के कदम की आलोचना की। उन्होंने कहा, "मैंने इस मुद्दे पर एक बहुत लंबा लेख लिखा था कि ऑनलाइन गेमिंग पर प्रतिबंध लगाकर हम इसे अवैध बना रहे हैं, जबकि यह सरकार के लिए राजस्व का एक उपयोगी स्रोत हो सकता है यदि हम इसे वैध बनाते हैं, इसे विनियमित करते हैं और इस पर कर लगाते हैं।" उन्होंने कहा कि कई देशों ने इस मुद्दे का विस्तार से अध्ययन किया है और निष्कर्ष निकाला है कि विनियमन और कराधान सामाजिक कार्यों के लिए धन जुटा सकते हैं, जबकि प्रतिबंध केवल "आपराधिक माफियाओं" को समृद्ध करते हैं। , "यह दुख की बात है कि सरकार ने इस मुद्दे पर विचार करने वाले अन्य देशों के अनुभव से कोई सबक नहीं लिया है।' उन्होंने कहा कि इस विधेयक को कम से कम संसदीय समिति के पास भेजा जाना चाहिए था ताकि "इसे कानून बनाने से पहले इसके सभी गुण-दोष पर विचार किया जा सके"।

## खबर संक्षेप

### राजस्थान : टूटा वन स्टेट वन इलेक्शन का सपना

जयपुर। राजस्थान में होने वाले पंचायत और स्थानीय निकाय चुनाव अब वन स्टेट वन इलेक्शन के आधार पर नहीं हो पाएंगे। हाईकोर्ट के आदेश के बाद अब राज्य निर्वाचन आयोग ने यह साफ कर दिया है कि एक साथ चुनाव कराना न तो संभव है और न ही संवैधानिक है। राज्य निर्वाचन आयोग ने साफ कर दिया है कि प्रदेश के दो-तिहाई क्षेत्रों में स्थानीय निकाय और पंचायतों का कार्यकाल पूरा हो चुका है। अब इन जगहों पर चुनाव होने बाकी हैं। अभी सरकार की ओबीसी आरक्षण और परिसीमन की प्रक्रिया चल रही है। हालांकि इसके बावजूद पांच में चुनाव कराए जाने की समय सीमा को नहीं तोड़ा जा सकता है।

### दिल्ली : इमारत ढहने से 3 मजदूरों की मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के दरियागंज इलाके में बुधवार को बड़ा हादसा हो गया। सद्भावना पार्क के पास स्थित सिटी वॉल (शहरी दीवार) से सटी हुई एक जर्जर इमारत का हिस्सा ढहने से 3 लोगों कीमौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। राहत बचाव का काम जारी है। दिल्ली फायर सर्विस (डीएफएस) के एक अधिकारी ने हादसे की जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार दोपहर 12:14 बजे कॉल मिला, जिसके बाद दमकल की टीमों को मौके पर भेजा दया।

रूस यूक्रेन, इजराइल-हमास के बाद युद्ध का खुला एक और फ्रंट

# अमेरिका ने वेनेजुएला के पास तैनात किए तीन युद्धपोत, जवाब में उतरेंगे 45 लाख लड़ाके

एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन

अमेरिका ने वेनेजुएला के नजदीक तीन विध्वंसक युद्धपोतों को तैनात किया है। यह तैनाती अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ड्रग कार्टेल के खिलाफ लड़ाई का हिस्सा बताया जा रहा है। ट्रंप ने इन ड्रग कार्टेल को वैश्विक आतंकवादी संगठन घोषित किया है और उनके खिलाफ कार्रवाई में अमेरिकी सेना को तैनात करने का वादा किया था। इस मामले से जानकारी रखने वाले सूत्रों ने बताया है कि तीन अमेरिकी एजिस क्लास गाइडेड मिसाइल विध्वंसक पोत अगले 36 घंटों में वेनेजुएला तट के पास पहुंच जाएंगे। इस बीच वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने कहा है कि उनका देश अपने हितों की रक्षा करेगा। उन्होंने अमेरिकी आक्रामकता से निपटने के लिए 45 लाख मिलिशिया को तैनात करने का ऐलान किया है।

**ड्रग कार्टेल के खिलाफ लड़ाई का हिस्सा बताई जा रही अमेरिका की यह तैनाती**

**अमेरिका मानता है वेनेजुएलाई राष्ट्रपति दुनिया के सबसे बड़े ड्रग तस्कर**



**अमेरिका ने किन-किन हथियारों को किया तैनात :** अमेरिका ने जिन युद्धपोतों को वेनेजुएला के पास तैनात किया है, उनमें यूएसएस ग्रेवली, यूएसएस जेसन डनहम और यूएसएस सैम्पसन शामिल हैं। ट्रंप प्रशासन ने कुल मिलाकर 4000 अमेरिकी नाविकों और नौसैनिकों को तैनात किया गया है। इन युद्धपोतों के अलावा, कई पी-8 समुद्री गश्ती विमानों, युद्धपोतों और कम से कम एक हमलावर पनडुब्बी को तैनात किया जा रहा है।

### अमेरिका की धमकी का देंगे जवाब : मादुरो

वेनेजुएला के राष्ट्रपति मादुरो ने अमेरिकी खतरों के बीच एक संबोधन ने कहा है कि वेनेजुएला अपने समुद्र, आकाश और जमीन की रक्षा करेगा। मादुरो ने सोमवार को एक टेलीविजन संबोधन में कहा, 'इस सप्ताह, मैं पूरे राष्ट्रीय क्षेत्र की निगरानी सुनिश्चित करने के लिए 45 लाख से अधिक मिलिशिया के साथ एक विशेष योजना को सक्रिय करूंगा - मिलिशिया जो तैयार, सक्रिय और सशस्त्र हैं।' वेनेजुएला के विदेश मंत्री यवान गिल ने कहा, 'अमेरिका का वेनेजुएला पर ड्रग तस्करी का आरोप उसकी विश्वसनीयता की कमी को दिखाता है।' 'हम शांति और संप्रभुता के साथ आगे बढ़ रहे हैं। अमेरिका की हर धमकी यह साबित करती है कि वह एक स्वतंत्र देश को झुका नहीं सकता।'

### सैन्य कार्रवाई भी करेगा अमेरिका

एक अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि इन नौसैनिक उपकरणों (युद्धपोतों, पनडुब्बियों और पी-8 गश्ती विमान) का इस्तेमाल न केवल खुफिया और निगरानी अभियानों के लिए किया जा सकता है, बल्कि अगर कोई निर्णय लिया जाता है, तो लक्ष्यों पर हमलों के लिए लॉन्चिंग पैड के रूप में भी इस्तेमाल किया जा सकता है। दक्षिण अमेरिका के कई देशों ने ट्रंप के इस प्रस्ताव का खुलकर विरोध किया है और इसे संप्रभुता का उल्लंघन करार दिया है।

### मादुरो पर 435 करोड़ का इनाम

ट्रम्प प्रशासन का आरोप है कि मादुरो ड्रग तस्कर हैं और ड्रग कार्टेल के साथ मिलकर अमेरिका में फेंटानाइल मिला कोकीन भेज रहे हैं। अमेरिका ने 8 अगस्त को मादुरो की गिरफ्तारी के लिए इनाम की राशि को दोगुना करके 435 करोड़ रूपए कर दिया। इससे पहले मादुरो पर 217 करोड़ रुपए का इनाम था। इसके अलावा उनसे जुड़े 6 हजार करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति भी जब्त की गई है। इसमें दो प्राइवेट जेट भी शामिल हैं। मादुरो पर 2020 से न्यूयॉर्क की एक अदालत में नार्को-आतंकवाद और कोकेन तस्करी के आरोप में मामला दर्ज है।

### ड्रग्स तस्कर गिरोह भी आतंकी संगठन घोषित

ट्रम्प प्रशासन ने फरवरी, 2025 में वेनेजुएला के ट्रेन डी अरागुआ, अल सल्वाडोर के **MS**-13 और मेक्सिको के छह ड्रग कार्टेल्स को विदेशी आतंकी संगठन घोषित किया था। आमतौर पर यह दर्जा अल-कायदा या इस्लामिक स्टेट जैसे आतंकी संगठनों के लिए होता है।

# लोकसभा में हंगामे के बीच मंत्री रिजिजू ने मुझे मारा, धक्का दिया

**टीएमसी की महिला सांसद ने लगाए गंभीर आरोप**



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बुधवार को लोकसभा में केंद्र सरकार के नए बिल को लेकर जमकर हंगामा हुआ है। गृह मंत्री अमित शाह ने सीएम और पीएम के 30 दिनों तक जेल में रहने की स्थिति में उन्हें पद से हटाए जाने से संबंधित बिल सदन में पेश किया है। इस दौरान विपक्षी दलों ने इसका जोरदार विरोध किया और बिल की प्रतियां फाड़कर गृह मंत्री अमित शाह की ओर फेंक दीं।

कांग्रेस सहित अन्य दलों ने सरकार के इस बिल को असंवैधानिक बताया है। इस बीच तृणमूल कांग्रेस की एक महिला सांसद ने केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू पर गंभीर आरोप लगा दिए। गौरतलब है कि हंगामे के बाद लोकसभा की कार्रवाई को स्थगित कर दिया था। इसके बाद संसद परिसर के अंदर पत्रकारों से बातचीत के दौरान टीएमसी सांसद मिताली बाग और शताब्दी रॉय ने आरोप लगाया कि भाजपा सांसद किरण रिजिजू और रवनीत सिंह बिट्टू ने लोकसभा में महिला सांसदों के साथ मारपीट और धक्का-मुक्की की।

### अचानक किया हमला

*मिताली बाग ने एक बयान में कहा, 'जब हम विधेयक का विरोध कर रहे थे, तब केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू और किरण रिजिजू ने मुझ पर अचानक हमला कर दिया। उन्होंने मुझे धक्का दिया। मैं जख्मी हुई हूं।' बाग ने कहा, 'मुझे किरण रिजिजू ने मारा, बिट्टू जी ने मारा। उन्होंने महिलाओं पर जोर-जोर से हमला किया। ये लज्जा की बात है। ये धिक्कार की बात है।'*

### मुख्तार के बेटे अब्बास की विधायकी होगी बहाल

**प्रयागराज।** माफिया मुख्तार अंसारी के बेटे और पूर्व विधायक अब्बास अंसारी को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने अब्बास अंसारी को मऊ की एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट से मिली 2 साल की सजा को रद्द कर दिया है। ऐसे में अब अंसारी की विधायकी बहाल हो जाएगी।

## राशिफल

**मेष** — परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में वृद्धि के साथ स्थान परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी।

**वृष** — कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। व्यर्थ की भागदौड़ बढ़ सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — लाभ में में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कर्क** — सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान केंद्रित करें। मान-सम्मान बढ़ेगा। बातचीत में संतुलन बनाए रखें। वाणी में कठोरता का प्रभाव हो सकता है।

**सिंह** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**कन्या** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव हो सकते हैं।

**तुला** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें।

**वृश्चिक** — पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यभार में वृद्धि होगी। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। आय में वृद्धि होगी।

**धनु** — जीवनसाथी से नोकझोंक हो सकती है। कुटुम्ब में मान-सम्मान की प्राप्ति के योग हैं। लंबी यात्रा पर जाना हो सकता है। सुखद परिणाम मिलेंगे।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। खर्चों की अधिकता रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कुंभ** — नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। मान-सम्मान मिलेगा। शासन-सत्ता का सहयोग रहेगा। कला एवं संगीत में रुचि बढ़ेगी। खर्च अधिक रहेंगे।

## बप्पा का प्रसाद...



**जयपुर।** गणेश चतुर्थी उत्सव से पहले गुलाबी नगरी जयपुर में बुधवार को मोती डूंगरी गणेश मंदिर में लोग पूजा-अर्चना करते हुए। इस दौरान, यहां बड़ी मात्रा में पेड़े का प्रसाद चढ़ाया गया।

अहमदाबाद में जमकर हंगामा, तोड़फोड़, अराजकता

# स्कूल में छात्र की हत्या, भड़के लोगों ने प्रिंसिपल-स्टॉफ को पीटा

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद


गुजरात के अहमदाबाद में दसवीं के छात्र की हत्या के बाद जबरदस्त हंगामा हो रहा है। बड़ी संख्या में लोग स्कूल के बाहर एकत्रित हो गए और स्कूल में तोड़फोड़ की है। बताया जा रहा है कि छात्र द्वारा चाकू मारकर छात्र की हत्या कर दी गई थी। इससे नाराज़ सिंधी समुदाय के लोग, बजरंग दल, विहिप और एबीवीपी के कार्यकर्ता बुधवार सुबह स्कूल पहुंचे। स्कूल पहुंचते ही लोगों ने पहले तो स्कूल के बाहर खड़ी गाड़ियों में तोड़फोड़ शुरू कर दी। इसके बाद रेलिंग कूदकर स्कूल के अंदिर दाखिल हो गए। अंदर घुसते ही लोगों ने गार्ड, बस ड्राइवर्स को पीटना शुरू कर दिया। गुस्साई भीड़ ने पार्किंग में खड़ी बसों, कारों और दोपहिया वाहनों में भी जमकर तोड़फोड़ की। प्रिंसिपल और अन्य स्टाफ सदस्यों को भी जमकर पीटा। सूचना मिलते ही पुलिस की कई टीमें स्कूल पहुंची। लेकिन, लोग इतने गुस्से में थे कि पुलिसकर्मियों के सामने ही पूरे स्टाफ को पीटते रहे।



### ये है मामला

घटना खोखरा स्थित सेवेंथ डे एडवेंटिस्ट स्कूल की है। क्राइम ब्रांच के डीसीपी ने बताया कि दोनों छात्रों के बीच पहले हाथापाई हुई थी। 19 अगस्त को जब स्कूल से छुट्टी हुई तो दोनों फिर से भिड़ गए और इसी झगड़े के दौरान 15 वर्षीय दसवीं के छात्र ने चाकू से दूसरे छात्र पर हमला कर दिया। घायल छात्र किसी तरह स्कूल परिसर में वापस आ गया। गार्ड ने उसे देखा, जिसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया। बताया जा रहा है कि जिसने चाकू से हमला किया, उसका अनुशासनहीनता का रिकॉर्ड रहा है और स्कूल ने पहले भी उसके खिलाफ कार्रवाई की थी। घटना की जानकारी उच्च अधिकारियों को न दिए जाने पर स्कूल को एक नोटिस जारी किया गया है और स्पष्टीकरण मांगा गया है।

## शब्द पहेली - 5964



**बाएँ से दाएँ**
1.कार्य,काम-2
2.अग्नि,अनल-2
3.संग,संगत-2
4.मदिरा,शराब-2
6.चुटीली बात-2
7.उम्मीद-2
8.समाचार,सूचना-3
9.भगवान कृष्ण के खेल-2
10.छाया,परछाई-2
11.कहासुनी-3
12.जी,चित-2
13.निशा-2
14.पासों का खेल-3
16.करीना की फिल्म-2
17.आगे वाला-3
18.सीधा,सरल-2
19.वीर,बहादुर-2
20.दलदल,गाद-3
21.तांत,टेलीग्राम -2
22.वंश,खानदान-2
23.नशा,नशापानी-3
24.चिट्ठी,पत्र-2
26.सही का विलोम-3
27.ठिकाना-2
28.प्राण,दम-2
29.नरक (उर्दू-3)
30.बीता हुआ दिन-2
31.पोखर,तालाब-2
32.हताहत-3
33.दर,मूल्य-2
34.आयु-2
36.अंधकार-2
37.पांव,पैर-2
38.कान्हा-2
39.टैक्स,हाथ-2

**ऊपर से नीचे**
1.समय,वक्त-2
2.आगमन-2
3.पति की मां-2
4.भोर,सवेरा-3
5.झगड़ा-2
6.लॉक,द्वारयंत्र-2
7.धाय,नर्स,दाई-2
8.अवरोध,रुकावट-3
9.मगन,मग्न-2
10.सप्त,सप्तम-2
11.लक्ष्मी,रमा-3
12.मौज,मजा-2
13.महाराजा-2
14.घिसन,रगस-3
15.गमन,जाना-2
16.पुनः,वापस-2
17.स्थिर-3
18.निष्कर्ष-2
19.कांटा-2
20.मूल्य,दाम-3
21.पितामह-2
22.मजदूर-2
23.ईश्वर-3
24.भूल,गलती-2
25.मछली-2
26.नगमा-3
27.क्षण-2
28.पाश-2
29.दूसरा-3
30.थोड़ा-2
31.तांबा-2
32.हमला-2
33.कलंक-2
34.गरम-2
35.मयूर-2

### शब्द पहेली -5963 का हल



## सूडोकु नवताल - 5974

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | 6 | | | |
| | | | | | 2 | 7 | | |
| | 6 | 8 | | | | 9 | | |
| 5 | 3 | | | | | | | 6 |
| | | | | 6 | | | | |
| 7 | | | | | | | 9 | 2 |
| | | 9 | | | | 8 | 5 | |
| | | 2 | 1 | | | | | |
| | | | 3 | | 4 | | | |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5973 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 7 | 1 | 3 | 6 | 4 | 8 | 5 |
| 3 | 1 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 9 | 7 |
| 5 | 4 | 8 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 1 | 4 | 7 | 3 | 8 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 2 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 9 | 2 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 9 | 3 | 6 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 8 | 4 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 8 | 5 | 9 | 3 | 6 | 1 | 7 | 4 | 2 |

# कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर, अटल नगर

(केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ) ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

Main Portal: https: // eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| स. क्र. | सिस्टम निविदा क्रमांक/दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रुपये लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 173764 द्वितीय आमंत्रण 14.08.2025 | जिला गरियाबंद के अमलीपदर-धुरवागुड़ी मार्ग के सूखा तेल नदी पर उच्चस्तरीय सेतु निर्माण कार्य का शेष कार्य। | 494.86 |
| 2 | 173765 द्वितीय आमंत्रण 14.08.2025 | संभागीय संयुक्त संचालक कोष लेखा एवं पेंशन तथा एकाउण्ट ट्रेनिंग स्कूल अंबिकापुर का निर्माण कार्य विद्युतिकरण सहित। | 217.19 |
| 3 | 173863 द्वितीय आमंत्रण 18.08.2025 | जशपुर में नवीन परिवार न्यायालय भवन निर्माण कार्य विद्युतीकरण सहित । | 265.60 |
| 4 | 173864 द्वितीय आमंत्रण 18.08.2025 | जिला बलरामपुर रामानुजगंज अंतर्गत शासकीय नवीन महाविद्यालय रघुनाथनगर का निर्माण कार्य। | 453.25 |
| 5 | 18.08.2025 प्रथम आमंत्रण 173927 | सक्ती मालखरौदा छपोरा मार्ग लंबाई 29.00 कि.मी. का मजबूतीकरण एवं नवीनीकरण का कार्य। | 5315.17 |

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथी सं.क. 01 से सं.क. 02 दिनांक 01.09.2025, सं.क. 05 दिनांक 08.09.2025 निर्धारित है। एवं अन्य शेष निविदाओं के लिए दिनांक 03.09.2025 निर्धारित है। निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।

मुख्य अभियंता
केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ
कार्यालय प्रमुख अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर अटल नगर

जी. 252602939/4

# कारण बताओ नोटिस

जबकि, भारत के व्यक्तिगत नागरिकों के किसी संघ/निकाय का राजनीतिक दल के रूप में पंजीकरण, जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29ए के प्रावधानों द्वारा शासित होता है; और

जबकि, उक्त धारा 29ए के तहत चुनाव आयोग के साथ राजनीतिक दल के रूप में किसी संघ के पंजीकरण का उद्देश्य उसी धारा में बताया गया है, अर्थात जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के प्रयोजनों के लिए उस भाग के प्रावधानों का लाभ उठाना, जिसका अर्थ है उक्त अधिनियम के तहत आयोग द्वारा आयोजित चुनावों में भागीदारी; और

जबकि, 'प्रजातंत्र कांग्रेस पार्टी' उक्त धारा के तहत पार्टी द्वारा किए गए आवेदन पर, उक्त धारा 29ए के तहत एक राजनीतिक दल के रूप में पंजीकृत किया गया था; और

जबकि, उक्त राजनीतिक दल का वर्तमान पता ज्ञात नहीं है; और

जबकि, आयोग के अभिलेखों के अनुसार, उक्त पार्टी ने वर्ष 2019 से पिछले 06 वर्षों में लोक सभा या किसी राज्य विधान सभा या उप-चुनाव में किसी भी चुनाव में कोई उम्मीदवार खड़ा नहीं किया है; और

जबकि, उपरोक्त के मद्देनजर, यह स्वतः स्पष्ट है कि उक्त पार्टी ने उपरोक्त धारा 29ए के प्रयोजनों के लिए एक राजनीतिक पार्टी के रूप में कार्य करना बंद कर दिया है; और

जबकि, उपरोक्त परिस्थितियों में, आयोग, भारत के संविधान के अनुच्छेद 324 और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29ए के तहत अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए, पंजीकृत दलों की सूची से राजनीतिक पार्टी 'प्रजातंत्र कांग्रेस पार्टी' को हटाने का प्रस्ताव करता है और

जबकि, ऊपर प्रस्तावित कार्रवाई करने से पहले, आयोग ने उक्त पार्टी को एक अभ्यावेदन/कारण बताने का अवसर प्रदान करने का निर्णय लिया है, यदि कोई हो, कि प्रस्तावित कार्रवाई क्यों न की जाए; अब, इसलिए, राजनीतिक दल 'प्रजातंत्र कांग्रेस पार्टी' से अनुरोध है कि यदि वह चाहे तो इस संबंध में अधोहस्ताक्षरकर्ता को लिखित अभ्यावेदन दे। अभ्यावेदन, यदि कोई हो, के साथ दल के अध्यक्ष या महासचिव का हलफनामा तथा सभी सहायक दस्तावेज संलग्न होने चाहिए, जिन पर दल भरोसा करना चाहता है, तथा अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास 29/08/25 तक पहुंच जाने चाहिए।

यह भी कहा गया है कि दल के लिए सुनवाई की तारीख 29/08/25 निर्धारित की गई है। ऐसी सुनवाई में दल के अध्यक्ष/महासचिव/प्रमुख का उपस्थित होना अनिवार्य है। यदि उक्त तिथि तक दल से कोई उत्तर प्राप्त नहीं होता है, तो यह माना जाएगा कि दल के पास इस मामले में कहने के लिए कुछ नहीं है तथा आयोग दल को किसी अन्य संदर्भ के बिना उचित आदेश पारित करेगा।

Time-12.30 Pm

आदेश द्वारा
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी
(छत्तीसगढ़)

प्रति,
अध्यक्ष/महासचिव
पता- प्रजातंत्र कांग्रेस पार्टी, स्टेशन चौक,
अपोजिट मैं पोस्ट ऑफिस, जिला- रायगढ़
छत्तीसगढ़

जी-252602950/1

# कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मंडल, बिलासपुर

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

Portal: http://eproc.cgstate.gov.in

छत्तीसगढ़ शासन, लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर में निम्नलिखित कार्य नवीन ई-पंजीयन में पंजीकृत ठेकेदार हेतु सरल क्र. 1 से 3 हेतु दिनांक 28.08.2025 एवं सरल क्रं. 4 हेतु दिनांक 01.09.2025 एवं सरल क्र. 5 से 11 हेतु दिनांक 08.09.2025 तक निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | नि.आ.सू. क्र / दिनांक | कार्य का नाम | लागत (लाख मे) |
|---|---|---|---|
| 1 | 242 | लोक निर्माण विभाग, कोरबा संभाग कोरबा अंतर्गत आवासीय / गैर आवासीय भवनों में विशेष मरम्मत/लघुमूल गौण कार्य। चतुर्थ आमंत्रण। कोरबा संभाग, कोरबा। मद संख्या 67-2059-3383 | 24.99 |
| 2 | 243 | उपसंभाग चांपा एवं जांजगीर के विभिन्न मार्गों में बी.टी. पेच रिपेयर कार्य। चतुर्थ आमंत्रण। चांपा संभाग, चांपा। मद संख्या 24-3054-0134 | 55.00 |
| 3 | 244 | खरसिया उपसंभाग के अंतर्गत विभिन्न मार्गों में डब्ल्यू.एम.एम एवं बी.टी. पेच मरम्मत का कार्य। तृतीय आमंत्रण। रायगढ़ संभाग, रायगढ़। मद संख्या-24-3054 | 40.00 |
| 4 | 245 | उपसंभाग मरवाही के अंतर्गत पेण्ड्रा पसान मार्ग 2.40 कि.मी, भाड़ी विशेषरा मार्ग 3.00 कि.मी., रूमगा पहुंच मार्ग 1.20 कि.मी., मटियाडांड अमेराटिकरा-भर्रीडांड मार्ग 6.20 कि.मी., डाईट पहुंच मार्ग 1.80 कि.मी., जनपद पंचायत पेण्ड्रा पहुंच मार्ग 1.50 कि.मी., पेण्ड्री बंटीबहरा मार्ग 4.00 कि.मी. एवं टीकरखुर्द बोकरामुड़ा मार्ग 4.00 कि.मी. में बी.टी. पेच रिपेयर का कार्य। द्वितीय आमंत्रण। पेण्ड्रा संभाग, पेण्ड्रारोड। मद संख्या-24-3054-7983 | 30.00 |
| 5 | 246 | सिविल कोर्ट तखतपुर जिला बिलासपुर में शौचालय निर्माण कार्य। प्रथम आमंत्रण। संभाग क्रं. 2 बिलासपुर। मद संख्या 67-4059-2450 | 17.03 |
| 6 | 247 | सिविल कोर्ट कोटा जिला बिलासपुर में शौचालय निर्माण कार्य। प्रथम आमंत्रण। संभाग क्र. 2 बिलासपुर। मद संख्या 67-4059-2450 | 17.03 |
| 7 | 248 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्र.-3 बिलासपुर के अंतर्गत विभिन्न सड़को एवं पुल-पुलियों का विशेष मरम्मत कार्य। प्रथम आमंत्रण। संभाग क्र. 2 बिलासपुर। मद संख्या 24-3054-4090 | 40.00 |
| 8 | 249 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्रं.-3 बिलासपुर के अंतर्गत विभिन्न मार्गों में डब्ल्यू.एम.एम. एम.एम. एवं बी.टी. पेच रिपेयर कार्य। प्रथम आमंत्रण। संभाग क्र. 2 बिलासपुर। मद संख्या 24-3054-0134 | 100.00 |
| 9 | 250 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग कोटा बिलासपुर के अंतर्गत विभिन्न मार्गो में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेच रिपेयर कार्य। प्रथम आमंत्रण। संभाग क्रं. 2 बिलासपुर। मद संख्या 24-3054-0134 | 50.00 |
| 10 | 251 | व्यावहार न्यायालय पेण्ड्रारोड में सर्वसुविधायुक्त अधिवक्ता कक्ष निर्माण कार्य। प्रथम आमंत्रण। पेण्ड्रा संभाग, पेण्ड्रा। मद संख्या 67-4059-2450 | 16.26 |
| 11 | 252 | पेण्ड्रा संभाग के अंतर्गत मार्गो का विशेष मरम्मत कार्य। प्रथम आमंत्रण। पेण्ड्रा संभाग, पेण्ड्रा। मद संख्या 24-3054-4090 | 25.00 |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखें जा सकते है।

अधीक्षण अभियंता
लो.नि.वि, बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर

जी. 252602940/2

# सपनों का घर होगा अब महंगा, नई होम लोन दरों में सरकारी बैंकों ने किया इजाफा

**नई दिल्ली।** आम लोगों के लिए सस्ता होम लोन अभी भी एक सपना बना हुआ है। यह तब है जब रिजर्व बैंक (आरबीआई) इस साल तीन बार ब्याज दरों में कटौती कर चुका है। आरबीआई ने कुल 100 बेसिस पॉइंट्स (बीपीएस) की कटौती की है। इस कटौती के बाद माना जा रहा था कि लोगों को होम लोन समेत दूसरे लोन सस्ती दर पर मिलेंगे। लेकिन यहां गाड़ी उल्टी चलती दिखाई दे रही है। देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) समेत कई बैंक होम लोन की दर को कम करने के बजाय बढ़ा चुके हैं।

# छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित

छठवी मंजिल, टॉवर "सी", कमर्शियल कॉम्प्लेक्स, सी.बी.डी सेक्टर- 21, नवा रायपुर अटल नगर, (छ.ग), 492002

website- www.markfed.cg.nic.in Email.id; mf_ctrlroom_raipur@gov.in

क्रं./विपणन/2770/2025 न.रा.अ.न. दिनांक 19.08.2025

**खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में प्रदेश के उपार्जन केन्द्रों/समितियों में आउट सोर्सिंग/एजेंसी के माध्यम से डाटा एंट्री ऑपरेटरों के नियोजन हेतु ई-निविदा का समयावधि एवं शुद्धि पत्र जारी होने की सूचना**

छ.ग. राज्य सहकारी विपणन मर्यादित, मुख्यालय रायपुर द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान उपार्जन केन्द्रों/समितियों में आउट सोर्सिंग/एजेंसी के माध्यम से डाटा एंट्री ऑपरेटरों के नियोजन हेतु GeM-Portal के माध्यम से GEM/2025/B/6505648 ऑनलाईन ई-निविदा (जिसमें विस्तृत निविदा निर्देश एवं शर्ते वर्णित है) 19.08.2025 समय सांय 07.00 बजे तक ऑनलाईन आमंत्रित की गई थी। जिसका आगामी दिनांक 28.08.2025 तक समयावृद्धि करते हुए शुद्धि पत्र (Corrigendum-01) जारी किया गया है। विस्तृत जानकारी जैम पोर्टल पर उपलब्ध है।

GeM पोर्टल के माध्यम से ई-निविदा सूचना वेबसाईट https://gem.gov.in में जाकर संबंधित इच्छुक निविदाकर्ता ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन कर निविदा प्रपत्र में दर्शाए गए निर्देश अनुसार ऑनलाईन निविदा भर सकते है। ई-निविदा की कार्यवाही के संबंध में अन्य किसी भी प्रकार की तकनीकी जानकारी हेतु email-helpdesk-gem@gov.in फोन नं. 18004193436 एवं 18001023436 में संपर्क किया जा सकता है।

विपणन संघ ई-मेल :- mf_ctrlroom_raipur@gov.in

संवाद-44969 अपर प्रबंध संचालक

# कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छ.ग.)

मुख्य कार्यालय-साकेत भवन, आई.टी.आई. चौक, कोरबा (छ.ग.)
कोरबा जोन

फा.क्र./236 एवं 237/ निर्माण (कोरबा जोन)/2025/कोरबा, दिनांक 18.08.2025

**निविदा आमंत्रण की सूचना**

लोक निर्माण विभाग से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्यो हेतु मैन्युअल निविदा वेबसाईट से डाउनलोड कर मुहरबंद लिफाफा में निविदा आमंत्रित की जाती है :-

1. निर्धारित प्रारूप में निविदा प्रपत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि 02.09.2025 सायंकाल 3:00 बजे तक
2. निविदा खुलने की अंतिम तिथि 02.09.2025 सायंकाल 4:30 बजे

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 10 अंतर्गत रापाखर्रा बस्ती में मंच निर्माण कार्य। (जिला खनिज संस्थान न्यास निधि) (द्वितीय निविदा | 6,00,000/- | 4,500/- |
| 2 | वार्ड क्र. 11 अंतर्गत सामुदायिक भवन केंवट मोहल्ला के पास चबूतरा निर्माण एवं अतिरिक्त सुविधाएँ प्रदाय कार्य। (पार्षद मद 2025-26) (द्वितीय निविदा) | 7,00,000/- | 5,500/- |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट Website: www.korbamunicipal.in एवं www.uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

।। स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें।।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम कोरबा (छ.ग.)

# कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग जशपुर जिला- जशपुर(छत्तीसगढ़)

Phone: 9424242409 E-Mail ID: ee-res.jashpur@.nic.in

**निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक/832/वलेलि/ग्रा.यां. से/2025-26 जशपुर, दिनाँक 19/08/2025

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत "डी" एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत सिविल एवं विद्युत ठेकेदारों से निर्माण कार्य हेतु प्रतिशत दर पर ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | ऑनलाईन निविदा क्रमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रूपए लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 174043 | Zonal tender for civil construction work (Different Types of Works But each work not exceeding Cost. Of 25.00 lakh) at sub division Kansabel (Group 01), Dist.- Jashpur (2nd Call) | 100.00 |
| 2 | 174045 | ---,,----at sub division Pathalgaon (Group 04), Dist.- Jashpur (2nd Call ) | 100.00 |
| 3 | 174047 | Zonal tender for Electrification work (Different Types of Works But each work not exceeding Cost. Of 10.00 lakh) at sub division Duldula, Dist.- Jashpur (2nd Call) | 40.00 |
| | | Total | 240.00 |

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी दिनांक 20.08.2025 से कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर एवं विभागीय वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in/ से प्राप्त की जा सकती है। उपरोक्त निविदा हेतु निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 29.08.2025 अपरान्ह 17:30 बजे तक एवं अमानत राशि सत्यनिष्ठा संधि एवं तकनीकी दस्तावेज स्पीड पोस्ट से दिनांक 01.09.2025 को अपरान्ह 17:30 बजे तक पहुंचना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता,
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा,
संभाग जिला- जशपुर

जी. 252602894/8

## Governor's Secretariat, Raj Bhavan, Raipur (Chhattisgarh)
## Notice Inviting applications for appointment of Vice-Chancellor (Kulapati) for Shaheed Nandkumar Patel Vishwavidyalaya, Raigarh (C.G.)

**Advt. No. F 1-5/2025/RS/U-15** **Raipur, Date 19/08/2025**

Applications are invited for the appointment on the post of Vice-Chancellor (Kulapati), Shaheed Nandkumar Patel Vishwavidyalaya, Raigarh (C.G.) under the Chhattisgarh Vishwavidyalaya Adhiniyam, 1973 and Amendment Act, 2010.

Applications are invited from person satisfying requirements as laid down in para 7.3 of the University Grants Commission Regulations, 2018 dated 18th July, 2018. The Vice-Chancellor (Kulapati), being the academic as well as administrative head, is expected to be:-

* A visionary with proven leadership qualities, administrative capabilities as well as teaching and research credentials.
* He/ She should be a distinguished academician, with a minimum of ten years of experience as Professor in a University or ten years of experience in a reputed research and for academic administrative organization with proof of having demonstrated academic leadership as per "UGC Regulations on Minimum Qualifications for Appointment of Teachers and other Academic Staff in Universities and Colleges and Measures for the Maintenance of Standards in Higher Education 2018" and subsequent modifications.
* The maximum tenure for the post of Vice-Chancellor (Kulapati) is 5 (Five) years, or up to the age of 70 (Seventy) years, whichever is earlier and shall not be eligible for appointment for more than two terms.

Aspirants for the post of Vice-Chancellor (Kulapati) may send their applications along with their documents **in three sets :-**

1. Application in the prescribed format, with recent passport size colour photograph.
2. All pages of the filled applications must be signed.
3. Attach self attested copies of certificates/relevant documents in support of experience as per eligibility criteria and educational qualifications.

Aspirants for the post of Vice-Chancellor (Kulapati) may send their applications to the **"Secretary to Governor, Raj Bhavan, Raipur (C.G.)- 492 001", so as to be received on or before 19th September, 2025 by the Registered Post/Speed Post only. The envelope should be superscribed by "APPLICATION FOR THE POST OF VICE-CHANCELLOR (KULAPATI), SHAHEED NANDKUMAR PATEL VISHWAVIDYALAYA, RAIGARH (C.G.)"**

**Applications received after the prescribed date either by postal delay or any other reasons, will not be considered at this Secretariat. It is must necessary to apply in the prescribed format.**

**Note: The Applicant has to compulsorily submit a Notarised affidavit thereby certifying all the statements and particulars furnished in the application. Applications without a notarised affidavit shall be rejected. The affidavit must include the following declarations:-**

(1) I, hereby, declare that all the statements / particulars made / furnished in this application are true, complete and correct to the best of my knowledge and belief.
(2) I also declare and fully understand that in the event of any information furnished being found false or incorrect at any stage, my application/candidature is liable to be summarily rejected.
(3) If I am already appointed, my services are liable to be terminated without any notice from the post of Vice-Chancellor as per the Act / Statute etc. and other applicable rules / laws.

The prescribed format of application is available at the following websites:-
1. https://rajbhavancg.gov.in
2. http://highereducation.cg.gov.in
3. http://cgstate.gov.in
4. https://jansampark.cg.gov.in/
5. https://snpv.ac.in

Secretary to Governor
Raj Bhavan, Raipur (Chhattisgarh)

G-252602922/3

# न्यायालय तहसीलदार तखतपुर, जिला बिलासपुर छ.ग.

रा.प्र.क्र /बी-121/2024-25 ग्राम खुडियाडीह तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग.

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, कार्यालय आयुक्त भू-अभिलेख छत्तीसगढ़ इंद्रावती भवन, प्रथम तल, ब्लाक नम्बर 02, नवा रायपुर अटल नगर, जिला रायपुर के पत्र कमांक/2787/01/आ.भू.अ./स्वा.यो./2024 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 20.05.2021 के अनुसार राज्य में स्वामित्व योजना आबादी भूमि सर्वे उपरांत ग्राम खुडियाडीह प.ह.न. 56 तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. का भारतीय सर्वेक्षण विभाग द्वारा मसौदा मानचित्र मैप 2 का प्रारंभिक प्रकाशन हेतु प्राप्त हुआ है। उपरोक्त परिपालन में स्वामित्व योजनांतर्गत अधिकार अभिलेख (Property Card) वितरण हेतु हल्का पटवारी से सूची प्राप्त हुआ है। (हितग्राहियों की सूची संलग्न है।) उक्त सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना चाहते है तो वे या तो स्वयं या अपने किसी मान्य अभिकर्ता अधिवक्ता के द्वारा दिनाक 25/08/2025 को या उसके पूर्व न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जाएगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनाक 07/08/2025 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
तखतपुर

जी- 252602898/2

# न्यायालय तहसीलदार तखतपुर, जिला बिलासपुर छ.ग.

रा.प्र.क्र /बी-121/2024-25
ग्राम बेलगहना तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग.

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, कार्यालय आयुक्त भू-अभिलेख छत्तीसगढ़ इंद्रावती भवन, प्रथम तल, ब्लाक नम्बर 02, नवा रायपुर अटल नगर, जिला रायपुर के पत्र क्रमांक/2787/01/आ.भू.अ./स्वा.यो./2024 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 20.05.2021 के अनुसार राज्य में स्वामित्व योजना आबादी भूमि सर्वे उपरांत ग्राम बेलगहना प.ह.न. 15 तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. का भारतीय सर्वेक्षण विभाग द्वारा मसौदा मानचित्र मैप 2 का प्रारंभिक प्रकाशन हेतु प्राप्त हुआ है। उपरोक्त परिपालन में स्वामित्व योजनांतर्गत अधिकार अभिलेख (Property Card) वितरण हेतु हल्का पटवारी से सूची प्राप्त हुआ है। (हितग्राहियों की सूची संलग्न है।)

उक्त सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना चाहते है तो वे या तो स्वयं या अपने किसी मान्य अभिकर्ता अधिवक्ता के द्वारा दिनाक 25/08/2025 को या उसके पूर्व न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जाएगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनाक 07/08/2025 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
तखतपुर

जी-252602909/2

# न्यायालय तहसीलदार तखतपुर, जिला बिलासपुर छ.ग.

रा.प्र.क /बी-121/2024-25
ग्राम बराही तहसील तखतपुर, जिला बिलासपुर छ.ग.

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, कार्यालय आयुक्त भू-अभिलेख छत्तीसगढ़ इंद्रावती भवन, प्रथम तल, ब्लाक नम्बर 02, नवा रायपुर अटल नगर, जिला रायपुर के पत्र कमांक/2787/01/आ.भू.अ./स्वा.यो./ 2024 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 20.05.2021 के अनुसार राज्य में स्वामित्व योजना आबादी भूमि सर्वे उपरांत ग्राम बराही प.ह.न. 10 तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. का भारतीय सर्वेक्षण विभाग द्वारा मसौदा मानचित्र मैप 2 का प्रारंभिक प्रकाशन हेतु प्राप्त हुआ है। उपरोक्त परिपालन में स्वामित्व योजनांतर्गत अधिकार अभिलेख (Property Card) वितरण हेतु हल्का पटवारी से सूची प्राप्त हुआ है। (हितग्राहियों की सूची संलग्न है।)

उक्त सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना चाहते है तो वे या तो स्वयं या अपने किसी मान्य अभिकर्ता अधिवक्ता के द्वारा दिनाक 25/08/2025 को या उसके पूर्व न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जाएगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनाक 07/08/2025 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
तखतपुर

जी- 252602895/2

# न्यायालय तहसीलदार तखतपुर, जिला बिलासपुर छ.ग.

रा.प्र.क्र /बी-121/2024-25
ग्राम घोघरा तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग.

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, कार्यालय आयुक्त भू-अभिलेख छत्तीसगढ़ इंद्रावती भवन, प्रथम तल, ब्लाक नम्बर 02, नवा रायपुर अटल नगर, जिला रायपुर के पत्र क्रमांक/2787/01/आ.भू.अ./स्वा.यो./2024 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 20.05.2021 के अनुसार राज्य में स्वामित्व योजना आबादी भूमि सर्वे उपरांत ग्राम घोघरा प.ह.न. 01 तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. का भारतीय सर्वेक्षण विभाग द्वारा मसौदा मानचित्र मैप 2 का प्रारंभिक प्रकाशन हेतु प्राप्त हुआ है। उपरोक्त परिपालन में स्वामित्व योजनांतर्गत अधिकार अभिलेख (Property Card) वितरण हेतु हल्का पटवारी से सूची प्राप्त हुआ है। (हितग्राहियों की सूची संलग्न है।)

उक्त सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना चाहते है तो वे या तो स्वयं या अपने किसी मान्य अभिकर्ता अधिवक्ता के द्वारा दिनाक 25/08/2025 को या उसके पूर्व न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जाएगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनाक 07/08/2025 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
तखतपुर

जी-252602904/2

# रुपया छह पैसे की बढ़त के साथ 87.07 प्रति डॉलर



**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बुधवार को रुपया शुरुआती नुकसान से उबरकर छह पैसे की बढ़त के साथ 87.07 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि व्यापार शुल्क को लेकर तनाव कम होने और रूस व यूक्रेन के बीच शांति की उम्मीदों ने निवेशकों को उत्साहित किया है।

# हवाई किराया बढ़ने से ब्रिटेन में बढ़ी महंगाई



**लंदन।** ब्रिटेन में जुलाई महीने में खाद्य पदार्थों और हवाई किरायों की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण मुद्रास्फीति उम्मीद से अधिक बढ़कर 3.8 प्रतिशत पर पहुंच गई। बुधवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। मुद्रास्फीति में बढ़ोतरी से इस वर्ष दोबारा ब्याज दरों में कटौती की संभावना कम होती नजर आ रही है। ब्रिटेन के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने बताया कि जून में मुद्रास्फीति 3.6 प्रतिशत थी।

# कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छ.ग.)

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

क्र. / निर्माण/2025 दिनांक 12.08.2025

नगर पालिक निगम, कोरबा द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु व्यवसाय के संबंधित प्रतिष्ठित निर्माता कंपनी अथवा अधिकृत विक्रेताओं से शेड्यूल अनुसार आईटम दरों पर (E-Tendring) के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू.लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिक निगम, कोरबा क्षेत्र में 02 नग ब्लू एवं पिंक टॉयलेट का प्रदाय कार्य। (स्वच्छ भारत 2.0 मद) (प्रथम निविदा) | 21.58 | 03.09.2025 (T.No. 173565) |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईट www.korbamunicipal.in पर भी देखी जा सकती है।

।। स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें।।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)

# संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें, छत्तीसगढ़

विभागाध्यक्ष कार्यालय, स्वास्थ्य भवन, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटलनगर, जिला-रायपुर, छ.ग. Phone No. 0771-2418990
E-Mail ID-dhseggazted@gmail.com

क्रमांक/एफ: 01-34/2025/ विज्ञप्त/1142 नवा रायपुर, दिनांक: 14/08/2025

**सूचना**

**"वर्ष 2025 में पी.जी. (एम.डी./ एम.एस) पाठ्यक्रम उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को अनुबंध दो वर्ष की शासकीय सेवा का अवसर हेतु काउंसलिंग की तिथि की सूचना"**

विषयांतर्गत वर्ष 2025 में छत्तीसगढ़ के चिकित्सा महाविद्यालयों से पी.जी. (एम.डी./एम. एस.) पाठ्यक्रम उत्तीर्ण अनुबंधित छात्र-छात्राओं को उनके द्वारा किये गये अनुबंध अनुसार संविदा नियुक्ति हेतु पदस्थापना के लिए राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र (NIC) रायपुर, छत्तीसगढ़ के माध्यम से दिनांक 20.08.2025 से 01.09.2025 तक Online Counseling आयोजित की गई है। संचालनालय चिकित्सा शिक्षा से प्राप्त सूची अनुसार उक्त काउंसलिंग में वर्ष 2025 में राज्य के चिकित्सा महाविद्यालयों से पी.जी. (एम.डी./एम.एस.) पाठ्यक्रम उत्तीर्ण अनुबंधित छात्र-छात्रायें अनिवार्य रूप से भाग लेंगे।

काउंसलिंग प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाईन राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र (NIC) रायपुर, छत्तीसगढ़ के माध्यम से राज्य के स्वास्थ्य संस्थाओं एवं चिकित्सा महाविद्यालयों के रिक्त पदो पर मेरिट के आधार पर पदस्थापना हेतु किये जायेगें। यदि कोई अभ्यर्थी Online Counseling में सम्मिलित नहीं होता अथवा विकल्प का चयन नहीं करने की स्थिति में अंतिम राउंड की काउंसलिंग के उपरांत उक्त अभ्यर्थीयों को आवश्यकतानुसार स्वतः पदस्थापना स्थल Software के माध्यम से आबंटित किया जावेगा।

उक्त काउंसलिंग की संपूर्ण प्रक्रिया, अभ्यर्थीयों की सूची, काउंसलिंग प्रक्रिया का विवरण (User Manual), काउंसलिंग का शेड्यूल एवं काउंसलिंग संबंधित अन्य जानकारी एवं विवरण हेतु अभ्यर्थी निरंतर विभागीय वेबसाईट www.cghealth.nic.in का अवलोकन करते रहें। ऑनलाईन काउंसलिंग हेतु आवेदन करने के संबंध में दिशा-निर्देश :-

1. रजिस्ट्रेशन (Registration)
   * उम्मीदवार विभागीय वेबसाईट https://cghealth.nic.in की ऑफिशियल वेबसाइट के नोटिसबोर्ड पर जाकर काउंसलिंग प्रक्रिया का विवरण (User Manual), काउंसलिंग का शेड्यूल एवं काउंसलिंग संबंधित अन्य जानकारी का अवलोकन करने के पश्चात रजिस्ट्रेशन करें। काउंसलिंग वेबसाइट की लिंक विभागीय वेबसाईट पर उपलब्ध है।
2. चॉइस फिलिंग और लॉकिंग (Choice Filling and Locking)
   * रजिस्ट्रेशन के बाद उम्मीदवार अपनी पसंद की स्वास्थ्य संस्था की प्राथमिकता क्रम अंकित करते हुए विकल्प (Choice) भरना हैं।
   * स्वास्थ्य संस्था की प्राथमिकता क्रम में चॉइस भरने के बाद उन्हें लॉक करना है।
   * यदि अभ्यर्थी स्वयं लॉक नहीं करते, तो अंतिम भरे विकल्प ऑटोमैटिक लॉक हो जायेंगे।
3. पदस्थापना स्थल का अलॉटमेंट (Allotment)
   * पी.जी. (एम.डी./ एम.एस.) विषयवार पाठ्यक्रम की मेरिट एवं अभ्यर्थीयों की संस्था के चॉइस के अनुसार पदस्थापना स्थल अलॉट होंगे।
   * पदस्थापना स्थल अभ्यर्थीवार Allotment की जानकारी काउंसलिंग के चरणानुसार वेबसाइट पर जारी किये जायेगें।
4. अलॉटमेंट (पदस्थापना स्थल) पत्र डाउनलोड और रिपोर्टिंग (Download Order& Reporting)
   * जिन उम्मीदवारों को काउंसलिंग उपरांत पदस्थापना स्थल मेरिट के आधार पर अलॉट किया जावेगा, संबंधित अभ्यर्थी अलॉटमेंट पत्र डाउनलोड कर एवं शासन द्वारा पदस्थापना आदेश जारी होने के पश्चात निश्चित समय-सीमा में संबंधित संस्था में रिपोर्ट कर Join करना अनिवार्य होगा।
5. काउंसलिंग प्रक्रिया का शेड्यूल :- वर्ष 2025 में छत्तीसगढ़ के चिकित्सा महाविद्यालयों से पी.जी.(एम.डी./एम.एस.) पाठ्यक्रम उत्तीर्ण अनुबंधित छात्र-छात्राओं की पदस्थापना हेतु विषयवार काउंसलिंग प्रक्रिया का शेड्यूल निम्नानुसार निर्धारित किया गया है :-

| राउंड | प्रक्रिया | तिथि |
|---|---|---|
| पंजीकरण | ऑनलाइन पंजीकरण | 20-08-2025 से 24-08-2025 |
| राउंड 1 | चॉइस फिलिंग और लॉकिंग | 24-08-2025 से 25-08-2025 |
| | सीट आबंटन | 26-08-2025 |
| पंजीकरण | ऑनलाइन पंजीकरण | 27-08-2025 से 28-08-2025 |
| राउंड 2 | चॉइस फिलिंग और लॉकिंग | 28-08-2025 से 29-08-2025 |
| | सीट आबंटन | 30-08-2025 |
| अंतिम पदस्थ एक्जाई (Compile) आदेश | | 01-09-2025 |

आयुक्त सह संचालक
स्वास्थ्य सेवायें
छत्तीसगढ़

जी. 252602947/2

# केनरा बैंक Canara Bank — ई-नीलामी सूचना

भारत सरकार का उपक्रम A Govt. of India Undertaking
सिंडिकेट Syndicate

केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, प्लाट नं. 4, पीएसपी एरिया, एम्स के पास, साकेत नगर, भोपाल फोन : 8989014648

परिशिष्ट - IV क [ नियम 8(6) एवं 6(2) का परन्तुक देखें ]

## चल/अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस

**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 6(2) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना**

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित संपत्तियाँ **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके **कब्जा** ले लिया गया है। निम्नवर्णित संपत्तियों का विक्रय निम्नवर्णित दिनांक को **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के बकाया राशि को वसूल करने हेतु ''जैसा है जहां है, जो है जैसा है'' एवं ''जो कुछ भी है'' के आधार पर किया जा रहा है।

| शाखा एवं खाते/ जमानतदार का नाम | संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम | मांग सूचना दिनांक / कब्जा दिनांक / बकाया राशि | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि |
|---|---|---|---|
| ऋणीः **मैसर्स श्री वाहेगुरु इंडस्ट्रीज प्रोपराइटरः श्री कृपाल छाबड़िया पुत्र स्व. गुरनामल छाबड़िया** मकान नं. 75, वार्ड 22 स्टेशन वार्ड, भाटापारा, छत्तीसगढ़ 493118 जमानतदारः **श्रीमती अनिता छाबड़िया पत्नि श्री महेश छाबड़िया** | **भूमि एवं फैक्ट्री भवन स्थित खसरा नं. 13(1) एवं 13(2), प.ह.नं. 29, सतनाम मंदिर के पास, ग्राम-सोनबरसा, आरएनएम जरौद, तहसील-सिमगा, जिला-बलौदा बाजार, भाटापारा (छ.ग.)** संपत्ति मालिक- श्री कृपाल छाबड़िया एवं श्रीमती अनीता छाबड़िया, कुल क्षेत्रफलः 21,520.00 वर्गफुट चर्तुसीमाएंः उत्तरः गेंदराम की भूमि, दक्षिणः कच्ची सड़क, पूर्वः संतोष कुमार की भूमि, पश्चिमः अनीता की भूमि। **भौतिक कब्जा** | 18.07.2019 / 05.10.2019 / दि. 20/08/2025 को ₹ 1,08,15,508.32/ +देय ब्याज एवं अन्य खर्चे | ₹ 15,44,000/- / ₹ 1,54,400/- / ₹ 10,000/- |
| ऋणीः **मेसर्स कोरपस टेक्निका प्रो. बिशाख बसु,** फ्लैट नंबर 116, सीएचपीएल शिखर अपार्टमेंट, जुनवानी रोड, मोतीलाल नेहरू नगर, भिलाई-490020 (छ.ग.) जमानतदारः **श्रीमती अंजना बसु** | **संपत्ति का समस्त भू भाग स्थित फ्लैट क्रमांक-116, प्रथम तल, सीएचपीएल शिखर अपार्टमेंट, मॉडल टाउन के पास, जुनवानी, गली क्रमांक 1ए के पास, स्मृति नगर, भिलाई- 490020** निर्मित क्षेत्रफल- 799.95 वर्गफीट। चर्तुसीमाएं- उत्तरः फ्लैट क्रमांक 115, दक्षिणः सड़क/खुला आकाश, पूर्वः फ्लैट क्रमांक 117, पश्चिमः खुला आकाश **भौतिक कब्जा** | 07.02.2024 / 12.04.2024 / दि. 20/08/2025 को ₹ 39,31,703.99/- +देय ब्याज एवं अन्य खर्चे | ₹ 18,00,000/- / ₹ 1,80,000/- / ₹ 10,000/- |

**धरोहर राशि (ईएमडी) जमा करने की अंतिम तिथि 11/09/2025 या उससे पूर्व सायं 5.00 बजे तक**
**ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 12/09/2025, दोपहर 12.00 से दोपहर 2.00 बजे तक (5 मिनिट के असीमित विस्तार पर)**

(1) इच्छुक बोलीदाताओं को आरक्षित मूल्य की 10% अग्रिम राशि (ईएमडी) सीधे मेसर्स पीएसबी अलायंस प्राइवेट लिमिटेड (baanknet.com) पोर्टल के ई-वॉलेट में जमा करनी होगी या चालान जनरेट करके बोली जमा करने की उपरोक्त तिथि को उक्त चालान में उल्लिखित खाता विवरण में आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से ईएमडी जमा करनी होगी।
(2) सफल बोलीदाता को बिक्री मूल्य का 25% (पहले से भुगतान की गई ईएमडी सहित) उसके पक्ष में बिक्री होने के तुरंत बाद जमा करना होगा और शेष राशि बिक्री की पुष्टि की तिथि से 15 दिनों के भीतर जमा करनी होगी। यदि सफल बोलीदाता उपरोक्त अनुसार बिक्री मूल्य का भुगतान करने में विफल रहता है, तो उसके द्वारा जमा की गई राशि जब्त कर ली जाएगी।
(3) सभी शुल्क, स्टांप शुल्क/जीएसटी पंजीकरण शुल्क आदि, जैसा लागू हो और कोई भी कर, राजस्व/किसी भी स्थानीय प्राधिकारी को बकाया आदि केवल सफल बोलीदाता द्वारा वहन किया जाएगा।
(4) यहां संपत्ति का विक्रय राशि रु. 50 लाख या उससे ऊपर हो उस परिस्थिति में नीलामी खरीददार को विक्रय राशि का 1% टी.डी.एस. का भुगतान करना होगा तथा टीडीएस सर्टिफिकेट की मूल प्रति बैंक में जमा करनी होगी।

विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबपोर्टल http://BAANKNET.com देखें अथवा सम्पर्क करें- मुख्य प्रबंधक, केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, प्लाट नं. 4, पीएसपी एरिया, एम्स के पास, साकेत नगर, भोपाल 8989014648, 8057766078, 9755569030 9691096410, 9123403299 (भोपाल), 7905027805 (जबलपुर एवं बिलासपुर), 7683068902 (रायपुर), 9140476074 (ग्वालियर), 9830130770 (इंदौर), 8073562754 (BHOPAL)

दिनांक : 20-08-2025, स्थान : भोपाल प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक

# ओथेलो सिंड्रोम जब बेवजह साथी पर होने लगे संदेह

जब कोई पुरुष या स्त्री बिना किसी ठोस कारण या प्रमाण के अपने साथी पर विश्वासघात करने का संदेह करने लगे तो ऐसा ओथेलो सिंड्रोम नामक मनोरोग के कारण हो सकता है। इसकी होने की कई वजहें हैं। लेकिन इसके लक्षण सामने आने पर ट्रीटमेंट करवाने में देर नहीं करनी चाहिए। इस रोग के बारे में विस्तार से जानिए।



मेंटल हेल्थ
डॉ. गौरव गुप्ता
वरिष्ठ मनोचिकित्सक
तुलसी हेल्थकेयर, नई दिल्ली-गुरुग्राम



ओथेलो सिंड्रोम एक ऐसा मनोविकार है, जिसके कारण व्यक्ति भ्रमित होकर इस गलत धारणा का शिकार हो जाता है कि उसका जीवनसाथी या साथी बेवफा है, भले ही उस बेवफाई का कोई सुबूत मौजूद न हो। इससे ग्रस्त होकर कई बार व्यक्ति असामान्य या आपराधिक घटनाओं को भी अंजाम दे सकता है। इस मनोरोग को ओथेलो सिंड्रोम का नाम अंग्रेजी भाषा के महान साहित्यकार शेक्सपियर के एक नाटक के पात्र ओथेलो के नाम पर रखा गया है, जो ईर्ष्या से ग्रस्त था। ओथेलो सिंड्रोम के बारे में यहां जानकारी देने का उद्देश्य लोगों को इस मनोरोग के प्रति जागरूक करना है। इसकी आड़ में किसी भी तरह के अपराध को कदापि उचित नहीं ठहराया जा सकता।

**इन लक्षणों पर दें ध्यान :** ओथेलो सिंड्रोम से ग्रस्त व्यक्ति में अपने साथी के प्रति ईर्ष्या और संदेह का भाव बहुत प्रबल होता है। सबूतों के अभाव के बावजूद यह भ्रामक यकीन कि उसका साथी विश्वासघाती है, अत्यधिक ईर्ष्या और संदेह को जन्म देता है। एक-दूसरे के विवाहेतर संबंधों के संदर्भ में किसी प्रमाण के बगैर शक करना। मरीज अपने साथी की बेवफाई की जांच-पड़ताल करने या उसे रोकने के लिए आक्रामक या जुनूनी व्यवहार कर सकता है। मरीज अपने साथी के प्रति आक्रामक हो सकता है और वह हत्या या आत्महत्या भी कर सकता है। व्यक्ति अपने साथी या खुद को नुकसान पहुंचा सकता है। छोटी सी बात पर भयंकर क्रोध करना और अपने साथी पर बिल्कुल भरोसा न करना। ऐसा व्यक्ति सामाजिक मेल-मिलाप से दूर हो सकता है। इस सिंड्रोम से ग्रस्त मरीज अपने साथी पर अत्यधिक निगरानी करने लगता है और उस पर धोखा देने का आरोप लगाने लगता है। साथी की गतिविधियों पर लगातार पैनी नजर रखना, उसके फोन कॉल और सोशल मीडिया की जांच करना जैसे कार्यों को अंजाम दे सकते हैं।



**संभव हैं अनेक कारण:** ओथेलो सिंड्रोम रोग होने के कई कारण हो सकते हैं। इलाज से पूर्व इसके कारणों के बारे में जानना जरूरी होता है।

**अन्य मनोरोग:** ओथेलो सिंड्रोम अन्य मनोरोगों जैसे सिजोफ्रेनिया, बाइपोलर डिसऑर्डर या एंग्जाइटी आदि के कारण हो सकता है। ओथेलो सिंड्रोम न्यूरोलॉजिकल स्थितियों जैसे मनोभ्रंश या डिमेंशिया और मस्तिष्क या ब्रेन ट्यूमर के कारण भी हो सकता है। ब्रेन ट्यूमर के दुष्प्रभाव के कारण व्यक्ति की सोच एब्नॉर्मल हो सकती है।

**मस्तिष्क में असामान्यता:** मस्तिष्क के किसी भाग में संरचनात्मक खराबी या एब्नॉर्मेलिटी के कारण भी ओथेलो सिंड्रोम की समस्या हो सकती है।

**मादक पदार्थों का इस्तेमाल:** शराब और अन्य मादक पदार्थों की लत एक अरसे बाद इस सिंड्रोम के खतरे को बढ़ा सकती है।

**मस्तिष्क की चोटें या अन्य कारण:** मस्तिष्क पर लगी गहरी चोटें या कुछ मस्तिष्क रसायनों यानी न्यूरोकेमिकल्स) में असंतुलन की स्थितियां भी ओथेलो सिंड्रोम का कारण ट्रिगर कर सकती हैं।

**न्यूरोडीजेनेरेटिव डिजीज:** अल्जाइमर या पार्किंसंस जैसी न्यूरोडीजेनेरेटिव बीमारियां, ओथेलो सिंड्रोम की समस्या को ट्रिगर कर सकती हैं।

**ऐसे करते हैं ट्रीटमेंट:** मनोचिकित्सक ओथेलो सिंड्रोम के मरीज की स्थिति और उसके लक्षणों के आधार पर इस मनोरोग का इलाज करते हैं। इस समस्या का कोई विशिष्ट उपचार नहीं है। हां, समुचित उपचार से इस रोग को नियंत्रित और प्रबंधित किया जा सकता है। जैसे-

**मनोचिकित्सा:** संज्ञानात्मक-व्यवहार थेरेपी (कॉग्निटिव बिहेवियरल थेरेपी संक्षेप में-सीबीटी) या अन्य प्रकार की मनोचिकित्सा व्यक्ति को ईर्ष्या से संबंधित विचारों, उसके असामान्य विचारों और व्यवहारों से निपटने में मदद करती है।

**दवाएं:** एंटीसाइकोटिक्स आदि दवाएं लक्षणों को कम करने में सहायक हैं। ऐसी दवाएं न्यूरो केमिकल्स को संतुलित करने में मदद करती हैं।

**नशा मुक्ति उपचार:** यदि नशीले पदार्थ के दुरुपयोग के कारण यह सिंड्रोम ट्रिगर होता है, तब इन लतों का उपचार आवश्यक है।

**अन्य मानसिक समस्याओं का उपचार:** यदि रोगी को ओथेलो सिंड्रोम के साथ-साथ अन्य मानसिक स्वास्थ्य विकार भी हैं, तो उनका भी इलाज किया जाता है। *

**प्रस्तुति: विवेक शुक्ला**



डॉक्टर्स एडवाइस
डॉ. मोहसिन वली
सीनियर फिजीशियन
सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली

जब पैरों में मौजूद नसों से ब्लड फ्लो सही तरीके से हार्ट तक नहीं हो पाता है उसे क्रॉनिक वेनस इनसफिशिएंसी कहते हैं। इससे नसों में सूजन आ जाती है, जो बहुत पेनफुल होता है। इससे बचने के लिए अपनी लाइफस्टाइल और डाइट में किन बातों का ध्यान रखें, यहां बता रहे हैं।

# बहुत पेनफुल डिजीज है क्रॉनिक वेनस इनसफिशिएंसी



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इन दिनों पैरों की नसों से जुड़ी गंभीर बीमारी क्रॉनिक वेनस इनसफिशिएंसी (सीवीआई) से ग्रसित हैं। यह एक ऐसी बीमारी है, जिसका असर पेशेंट के रूटीन वर्क पर भी पड़ता है।

**क्या है यह बीमारी:** क्रॉनिक वेनस इनसफिशिएंसी एक ऐसी बीमारी है, जिसमें पैरों की नसें सही तरीके से खून को वापस हार्ट तक नहीं पहुंचा पाती हैं। असल में ब्लड हार्ट से पंप होने के बाद वेंस के माध्यम पूरे शरीर में सर्कुलेट होता है। हमारे शरीर में वेंस के दो चैनल होते हैं- डीप और सुपरफिशियल। डीप वेंस हमारे शरीर की मसल्स के अंदर गहराई में होती हैं, जो ब्लड का फ्लो हार्ट से पैरो तक बनाने में मदद करती हैं। दूसरी सुपरफिशियल वेंस स्किन के नीचे होती हैं, जो दूषित ब्लड को पैरों से हार्ट तक वापस ले जाती हैं। ताकि वहां ब्लड फिल्टर होकर साफ हो जाए और साफ ब्लड शरीर के अन्य अंगों तक जा सके। सामान्य रूप से नसों में छोटे-छोटे वाल्व होते हैं, जो खून को हार्ट की तरफ फ्लो में मदद करते हैं। लेकिन कभी-कभी कई कारणों से ब्लड वेंस के वॉल्व खराब या कमजोर पड़ जाते हैं। इससे वेंस में रुकावट आ जाती है और ब्लड सर्कुलेशन ठीक तरह से नहीं हो पाता है। यानी ब्लड हार्ट की तरफ नहीं जाता है और धीरे-धीरे पैरों के अंदर इकट्ठा होने लगता है। जिसकी वजह से नसों में दबाव बढ़ जाता है। पैरों में सूजन और दर्द रहता है। कई मामलों में नसों में ब्लीडिंग भी हो सकती है, जो घाव या अल्सर का रूप ले लेती है। व्यक्ति को चलने या रोजमर्रा के काम करने में दिक्कत होने लगती है।

**क्या हैं कारण:** पैरों की नसों में होने वाली वेरिकोस वेंस समस्या, क्रोनिक वेनस इनसफिशिएंसी का बड़ा कारण है। ये वेंस स्किन के नीचे नीले रंग के गुच्छे के रूप में दिखाई देती हैं। नजरअंदाज करने पर ये धीरे-धीरे मोटी होती जाती हैं और हार्ट तक ब्लड ले जाने वाली वेंस पर दबाव डालती हैं। दबाव पड़ने से वेंस में रुकावट आ जाती है और ब्लड सर्कुलेशन बाधित हो जाता है। इस स्थिति के लिए कई और कारण भी जिम्मेदार हो सकते हैं-

- 60 साल की उम्र के बाद ब्लड वेसल्स में कमजोरी आना।
- फैमिली हिस्ट्री या आनुवांशिक रक्त विकार होना।
- गर्भावस्था में बच्चे के विकास के कारण पेट की नसों में प्रेशर रहने से पैरों से दिल की तरफ वापस रक्त प्रवाह में बाधा आना।
- आरामपरस्त जीवनशैली की वजह से मोटापे का शिकार होना। मोटापे से पैरों की नसों पर दवाब पड़ना।
- ऐसे प्रोफेशंस, जिसमें लंबे समय तक खड़े रहने का काम होता है। जैसे पुलिस, टीचर या बस कंडक्टर्स, आर्मी पर्सनल्स जैसे प्रोफेशन के लोग जिन्हें लंबे समय तक खड़ा रहना पडता है। देर तक खड़े होकर काम करने से वेंस की वॉल्व पर प्रेशर पड़ना।
- काम के वक्त देर तक बैठे रहना या लंबी यात्रा पर कार या एयरोप्लेन से जाते हुए देर तक एक पोजिशन में बैठे रहना।
- दुर्घटना या ट्रामा होने पर पैरों की नसों में चोट लगना।
- किसी बीमारी या सर्जरी की वजह से मरीज का लंबे समय तक बेड रेस्ट पर होना।
- धूम्रपान करने से ब्लड वेंस की वॉल्व का कमजोर होना।



**रोग के प्रमुख लक्षण:** इसके प्रमुख लक्षणों में शामिल हैं-

- पैरों में नीले रंग की पतली-पतली नसों का गुच्छा या छोटे-छोटे घाव दिखना।
- पैर की पिंडलियों में वेरिकोस वेंस होना यानी नसों का फूलना या सूजन आना। सूजन सुबह न होना, दिन के साथ-साथ यानी शाम तक बढ़ जाना।
- पैर और पिंडलियों की मसल्स में असहनीय दर्द होना। ज्यादा खड़े होने या चलने में मुश्किल आना, जबकि लेटने या सोने पर तकलीफ न होना।
- पैर का रंग बदलना यानी लाल या नीला होना।
- पैर में बहुत खुजली होना।
- पैरों की त्वचा अधिक गर्म होना।

**कैसे होता है डायगनोज:** कलर वेंस डॉप्लर अल्ट्रासाउंड किया जाता है, जो पैरों की वेंस और इनके वॉल्व की जांच करता है। इससे वेंस में ब्लड सर्कुलेशन की स्थिति का भी पता चल जाता है।

**न करें इग्नोर:** वैसे तो क्रॉनिक वेनस इनसफिशिएंसी बीमारी जानलेवा नहीं है, लेकिन काफी दर्दनाक होती है। अगर समय रहते इसका इलाज नहीं किया जाए तो स्थिति गंभीर हो सकती है। ब्लड थ्रंबोसिस ऑर्गेनाइजेशन के अनुसार दुनिया की तकरीबन 10 प्रतिशत आबादी वेरीकोस वेंस की समस्या का सामना कर रही है। भारत में हर चौथी महिला और हर सातवें पुरुष को वेरीकोस वेंस की समस्या है। आमतौर पर यह बीमारी उम्रदराज लोगों को ज्यादा होती है, लेकिन आधुनिक आरामपरस्त जीवनशैली और स्टेंडिंग जॉब करने वाले युवाओं में भी देखने को मिलती है। समय पर उपचार न करवाने पर कई बार पैरों की नसों में सूजन आ जाती है और छोटी-छोटी नसें घाव का रूप ले लेती हैं।

**कैसे किया जाता है उपचार:** क्रॉनिक वेनस इनसफिशिएंसी का कोई डायरेक्ट ट्रीटमेंट नहीं है। नसों की वॉल्व में खराबी आने, वेरिकोस वेंस होने या ब्लड फ्लो सुचारू न होने पर मिनिमल इंवेसिव तकनीक यानी छोटी-सी लेजर सर्जरी की जाती है। प्रभावित जगह पर बाहर से पिन होल करके लेजर ग्लू आरएफए द्वारा नस बंद कर दी जाती है या निकाल दी जाती है।

मरीज को पैरों में कंप्रेशन स्टॉकिंस पहनने के लिए दी जाती हैं। खून पतला करने के लिए ब्लड थिनर मेडिसिन दी जाती हैं या इंजेक्शन लगाए जाते हैं। जो ब्लड सर्कुलेशन को ठीक करने में मदद करते हैं। पेनकिलर मेडिसिन भी दी जाती हैं।

**ऐसे करें बचाव:** सीवीआई की समस्या को लाइफस्टाइल में बदलाव करके कंट्रोल किया जा सकता है।

- स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली अपनाएं।
- एक जगह ज्यादा देर तक बैठे या खड़े न रहें। बीच-बीच में पैर ऊपर करके बैठें। हर एक घंटे बाद अपनी सीट से उठकर 5-10 मिनट टहलें। व्यायाम या छोटे-मोटे काम करें।
- यथासंभव लेट जाएं और लेटते वक्त पैरों के नीचे तकिया रखें, पैरों को हिलाते रहें या एक्सरसाइज करें।
- रेगुलर एक्सरसाइज करें। मोटापा नियंत्रित करें।
- खान-पान का ध्यान रखें। पौष्टिक और संतुलित आहार लें। प्रिजर्वेटिव, डीप फ्राइड, जंक फूड, अधिक चीनी-नमक वाली चीजों से परहेज करें। रोजाना तीन लीटर तक पानी या लिक्विड डाइट लें ताकि शरीर में रक्त प्रवाह सुचारू रहे।
- सोने-जागने का शेड्यूल ठीक रखें।
- धूम्रपान, एल्कोहल या किसी तरह के नशीले पदार्थ के सेवन से परहेज करें। *

**प्रस्तुति: रजनी अरोड़ा**







## डाइट सजेशन / बुशरा फातमा

# मिलेट्स को बनाएं डेली डाइट का हिस्सा

अपना देश जिस तेजी से डायबिटीज कैपिटल बनने की कगार पर है वह चिंता का विषय है। हमारे खान-पान की गलत आदतें, इस तरह पश्चिमी देशों से प्रभावित होती दिखाई दे रही हैं कि यहां मोटापा, हाई ब्लड प्रेशर, शुगर जैसी बीमारियां लगभग हर दूसरे घर में मिलनी शुरू हो गई हैं। बढ़ते हार्ट अटैक ने लोगों की चिंताएं बढ़ा दी हैं। ऐसे में हेल्थ को लेकर लापरवाही अब भारी पड़ सकती है। खान-पान की आदतें हमें समय रहते बदलनी जरूरी है। ऐसे में मिलेट्स को आज के दौर में खान-पान का जरूरी हिस्सा बनाना चाहिए। मिलेट्स बहुत सी खूबियों से भरा है, जिससे ये हमें बहुत सी बीमारियों से भी बचाने में मदद करता है।



**पाचनतंत्र को मजबूत बनता है:** मिलेट्स जैसे रागी, ज्वार, बाजरा आदि में फाइबर की प्रचुर मात्रा पाई जाती है, जिससे डाइजेशन अच्छा होता है। साथ ही ग्लूटेन फ्री होने की वजह से इसे पचाना आसान है।

**हृदय को रखे स्वस्थ:** मिलेट्स में मौजूद मैगनीशियम और पोटेशियम, ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखने में मदद करता है। इसलिए मिलेट्स से बनी कोई भी डिश दिन भर में एक समय की डाइट में जरूर शामिल करनी चाहिए। ज्वार या बाजरे की रोटी, चावल या गेहूं की रोटी की जगह इस्तेमाल कर सकते हैं।

**डायबिटीज को कंट्रोल करता है:** जिनका शुगर लेवल बॉर्डर पर हो या जिन्हें डायबिटीज की समस्या है, उन्हें मिलेट्स को अपनी डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए। चूंकि इसका ग्लायसेमिक इंडेक्स कम होता है, जो ब्लड शुगर को कंट्रोल करने में बहुत मदद करता है। ऐसे में ब्रेकफास्ट में रागी, इडली, डोसा या मिलेट्स फ्लेक्स से बना उपमा एक अच्छा ऑप्शन है।

**ब्रेन फूड है मिलेट्स:** चूंकि आजकल बच्चों के खान-पान में जंक फूड ने इस तरह जगह बना ली है कि उन्हें सही न्यूट्रिशन नहीं मिल पाता। अच्छे दिमागी विकास के लिए बच्चों के डाइट में मिलेट्स का होना बहुत जरूरी है। इनमें आयरन और विटामिन बी कॉम्प्लेक्स भरपूर मात्रा में होते हैं, जो बच्चों के मानसिक विकास और एकाग्रता बढ़ाने में मदद करते हैं।

**बरतें सावधानी:** मिलेट्स खाने के फायदे तो बहुत हैं लेकिन इसे खाने में थोड़ी सावधानी भी बरतनी चाहिए। चूंकि इसमें फाइबर की प्रचुर मात्रा होती है इसलिए जिन लोगों को डाइजेस्टिव ब्लॉटिंग जैसी समस्या है, उन्हें मिलेट्स को पकाने से पहले पानी में सोक यानी भिगोने के बाद इस्तेमाल करना चाहिए। *

**(होम्योपैथ डॉ. अश्वनी कानेटकर से बातचीत पर आधारित)**



# पीजी बांड पोस्टिंग काउंसिलिंग में गड़बड़ी, रिक्त पद 299, भर्ती निकली 157 की, कई मेडिकल कालेज सूची से गायब

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

यूजी की तरह पीजी डाक्टरों की बांड पोस्टिंग की ऑनलाइन काउंसिलिंग में गड़बड़ी होने की शिकायत सामने आने लगी है। एनएमसी की गाइडलाइन के अनुसार शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में रिक्त पदों की संख्या 299 है, मगर भर्ती की प्रक्रिया 157 पदों के लिए पूरी की जा रही है। आरोप लगाया गया है कि रायपुर, बिलासपुर जैसे कॉलेज में ज्यादा पीजी डाक्टरों की मांग है, मगर जारी भर्ती सूची में एक-दो पदों को ही शामिल किया गया है।

संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं द्वारा पीजी की पढ़ाई पूरी करने वाले डाक्टरों के दो साल की बांड पोस्टिंग के लिए ऑनलाइन काउंसिलिंग की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। इसके तहत बुधवार से ऑनलाइन पंजीयन की प्रक्रिया शुरू की गई है और च्वाइस फीलिंग की प्रक्रिया पूरी होने के बाद 26 को सीटों की प्रावीण्य सूची के आधार पर पोस्टिंग की जाएगी। पंजीयन शुरू होने के पहले दिन ही इस काउंसिलिंग में गड़बड़ी का आरोप लगने लगा है। आरोप है कि चिकित्सा शिक्षा विभाग ने सभी दस शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों के विभिन्न विभागों में रिक्त पदों की संख्या 299 बताई थी। साथ ही यह जानकारी दी थी कि चार मेडिकल कालेजों में पीजी की पढ़ाई पूरी करने वाले डाक्टरों की संख्या 157 है। डाक्टरों द्वारा आपत्ति दर्ज कराई गई है कि काउंसिलिंग में उपलब्ध डाक्टरों की संख्या के आधार पर 157 पदों पर ही भर्ती की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। मेडिकल कालेजों के पदों की जानकारी छुपाकर दूरवर्ती जिलों के छोटे स्वास्थ्य केंद्र के पद शामिल किए गए हैं। आरोप यह भी है कि छुपाकर रखे गए पदों पर काउंसिलिंग पूरी होने के बाद विशेष प्रयास करने वालों को निजी स्वार्थ पूरा कर नियुक्ति दी जाएगी।

## रायपुर, बिलासपुर जैसे कॉलेजों में रिक्त पद ज्यादा जारी लिस्ट में इक्का-दुक्का ही शामिल



### जूनियर डाक्टर एसोसिएशन की आपत्ति

जूनियर डाक्टर एसोसिएशन ने स्वास्थ्य संचालनालय में जाकर इस काउंसिलिंग पर आपत्ति जताई है। उन्होंने सौंपे गए ज्ञापन में कहा कि रिक्त सूची में कुछ पदों को प्रदर्शित करना पारदर्शिता की कमी एवं अनियमितता की ओर संकेत कर रहा है। आशंका है कि कुछ पदों को जानबूझकर छिपाया गया है, ताकि बाद में तथाकथित संशोधन अथवा विशेषाधिकार के नाम पर उन्हें चुनिंदा व्यक्तियों को आवंटित किया जा सके। मांग की गई है कि समस्त उपलब्ध रिक्तियों को पूर्ण रूप से सार्वजनिक किया जाए। बॉन्ड पोस्टिंग की प्रक्रिया प्रत्यक्ष एवं पारदर्शी काउंसिलिंग के माध्यम से कराई जाए और सभी अभ्यर्थियों को उनके मेरिट के आधार पर निष्पक्ष अवसर प्रदान किया जाए।

### जेएन कालेज में प्रमुख रिक्त पद और भर्ती सूची

एनीस्थिसिया विभाग रिक्त 6 पद भर्ती सूची में 1 पद
बायोकेमेस्ट्री विभाग में रिक्त पद 5, भर्ती सूची में 1 पद
कम्यूनिटी मेडिसिन में 6 पद रिक्त, भर्ती सूची में 2 पद
जनरल मेडिसिन में रिक्त पद 4, भर्ती सूची में शून्य पद

## खबर संक्षेप

### प्रदेश की जनजातियों पर होगा शोध, छात्रों के लिए प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम

**रायपुर।** प्रदेश के बस्तर और सरगुजा क्षेत्र में निवास करने वाली जनजातियों पर अब विशेष शोध और अनुसंधान होगा। राज्य की जनजातियों की गौरवशाली परंपरा, उनकी संस्कृति और उनके आर्थिक-समाजिक ताने-बाने को लेकर अब विद्यार्थी उच्च स्तरीय शोध करेंगे। राज्य के गुरु घासीदास केंद्रीय विवि और नई दिल्ली के ट्रायबल रिसर्च एंड नॉलेज सेंटर के बीच इसके लिए महत्वपूर्ण एमओयू हुआ है। इसके तहत संस्था द्वारा अगले तीन वर्षों तक छत्तीसगढ़ में निवासरत जनजातियों पर शोध कार्य किए जाएंगे। ट्रायबल रिसर्च एंड नॉलेज सेंटर के राज्य प्रभारी राजीव शर्मा ने बताया, राज्य की पुरातन और गौरवशाली जनजातीय के कई अनछुए पहलुओं और उनकी सभ्यता और संस्कृति के बारे में इन शोधों से आम नागरिकों को भी महत्वपूर्ण जानकारियां मिलेंगी। इन शोध कार्यों से सरगुजा और बस्तर के क्षेत्रों की विभिन्न जनजातियों के आदिकालीन सामाजिक संगठन, उनके अर्थशास्त्र, सुशासन, ग्रामीण उद्यमिता, सतत विकास और नवाचार के बारे में भी लोग जान सकेंगे। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. अभय एस रणदिवे ने कहा, अनुबंध के बाद जनजातीयों पर संयुक्त अनुसंधान परियोजनाएं शुरू होंगी। छात्रों और युवाओं के साथ प्रशासकों, जनजातीय हितधारकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम, नेतृत्व विकास कार्यशालाएं और प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम भी आयोजित होंगे। युवाओं के लिए सामाजिक प्रभाव आधारित स्टॉर्टअप और नवाचारों पर मार्गदर्शन तथा परामर्श सत्र रखे जाएंगे। विशेषज्ञों और प्राध्यापकों की भागीदारी से जनजातीय वर्ग में जागरूकता अभियान भी चलाए जाएंगे। जनजातीय पर आधारित संगोष्ठीयों, व्याख्यानों, सम्मेलनों, गोलमेज चर्चाओं तथा सार्वजनिक संवादों का भी आयोजन होगा।

### भाजपा के महामंत्रियों और कोषाध्यक्ष ने पदभार संभाला

**रायपुर।** भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, अखिलेश सोनी व नवीन मार्कण्डेय, प्रदेश कोषाध्यक्ष श्रीराम गर्ग एवं सोशल मीडिया संयोजक मितुल कोठारी ने पदभार ग्रहण कर विधिवत रूप से अपना-अपना दायित्व संभाला। कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, विधायक रोहित साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष जगन्नाथ पाणिग्रही निवर्तमान प्रदेश महामंत्री जगदीश रामू रोहरा, संजय श्रीवास्तव, भरतलाल वर्मा, प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज, प्रदेश सह कार्यालय मंत्री प्रीतेश गांधी, सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। किरण सिंह देव ने आवश्यक मार्गदर्शन दिया एवं आगामी कार्ययोजना को लेकर चर्चा की।

# 84 बच्चों को मिलेगा 25-25 हजार रुपए मुआवजा, एक महीने में शासन करेगा भुगतान

## कुत्ते का जूठा-खाना खिलाने पर बच्चों को मुआवजा देने हाईकोर्ट का आदेश

**बिलासपुर।** बलौदाबाजार जिले के सरकारी स्कूल में बच्चों को कुत्ते का जूठा भोजन खिलाने पर हाईकोर्ट सख्ती दिखाई है। चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा व जस्टिस बीडी गुरु की डिवीजन बेंच ने प्रभावित बच्चों को मुआवजा देने का आदेश दिया है। वहीं, शासन ने शपथपत्र में बताया कि मामले में हेडमास्टर को सस्पेंड कर दिया गया है। साथ ही मध्यान्ह भोजन का काम महिला स्वसहायता समूह से छीन लिया गया है। गौरतलब है कि पिछली सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने शासन से चार बिंदुओं पर शपथपत्र के साथ जवाब मांगा था। हाईकोर्ट के आदेश पर शासन ने आदेश जारी कर दिया है। इसमें कुल 84 बच्चों को 25-25 हजार रुपए का मुआवजा दिए जाने की बात है। हाईकोर्ट ने एक महीने के भीतर यह राशि दिए जाने का आदेश दिया है।

दरअसल, 29 जुलाई को बलौदाबाजार जिले के पलारी ब्लॉक के लच्छनपुर गांव के सरकारी स्कूल में मिड-डे मील के नाम पर बड़ी लापरवाही सामने आई थी। यहां मध्यान्ह भोजन के लिए बच्चों को दिए जाने वाले खाना को आवारा कुत्तों ने जूठा कर दिया था। छात्रों ने जब शिकायत की, तब भी उनकी बातों को नजरअंदाज कर दिया गया और उन्हें कुत्तों के जूठे भोजन को परोस दिया गया। जब छात्रों ने यह बात अभिभावकों को बताई तो स्कूल समिति की बैठक हुई और दबाव में आकर विद्यार्थियों को दो डोज एंटी रेबीज वैक्सीन दी गई। मीडिया में आई खबरों के मुताबिक 84 बच्चों ने भोजन किया, जिसमें से 78 को वैक्सीन दी गई। इसी पर हाईकोर्ट ने संज्ञान लिया है। शासन ने शपथपत्र के साथ जवाब प्रस्तुत किया, जिसमें बताया गया कि स्कूल के हेडमास्टर को सस्पेंड कर दिया गया है। मध्यान्ह भोजन का काम करने वाली महिला स्वसहायता समूह को हटा दिया गया है। भविष्य में इस तरह की घटना न हो, इसके लिए विभाग के अफसरों को दिशानिर्देश जारी कर मानिटरिंग करने के निर्देश भी दिए गए हैं। इस पर हाईकोर्ट ने प्रभावित बच्चों को मुआवजा देने का आदेश दिया है।



## सरकारी भूमि पर लीज की मांग खारिज

बिलासपुर। बेमेतरा जिले में एक व्यक्ति ने सरकारी जमीन पर लीज की मांग को लेकर याचिका दायर की थी, जिसे आज हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है। मामले की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति राकेश मोहन पांडेय की एकलपीठ ने कहा कि संबंधित भूमि सरकारी भूमि है और इसे चरागाह के रूप में आरक्षित किया गया है। राजस्व प्राधिकारियों ने तथ्यात्मक आधार पर सही निर्णय लिया है और हस्तक्षेप की कोई आवश्यकता नहीं है।

बेमेतरा जिले के ग्राम धानगांव निवासी बनवाली दास ने 0.94 हेक्टेयर भूमि पर खेती करने के लिए लीज देने की मांग की थी। याचिकाकर्ता का कहना था कि वह वर्ष 1998 से उक्त भूमि पर काबिज है और उसके पास खेती के लिए कोई अन्य जमीन नहीं है। इसी आधार पर उसने कलेक्टर बेमेतरा को आवेदन दिया था। कलेक्टर ने 2014 में यह आवेदन खारिज कर दिया। इसके बाद याचिकाकर्ता ने आयुक्त दुर्ग और पुनरीक्षण राजस्व मंडल रायपुर के पास भी अपील दायर की। दोनों ही स्तर पर उसकी मांग अस्वीकार कर दी गई। इन आदेशों को चुनौती देते हुए याचिका हाईकोर्ट में लगाई गई थी। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने कहा कि संबंधित भूमि सरकारी भूमि है और इसे चरागाह (गाय-भैंस चराई) के लिए आरक्षित किया गया है। इस आधार पर कोर्ट ने राजस्व प्राधिकारियों के आदेश को सही ठहराते हुए हस्तक्षेप से इनकार कर दिया।

# शराब घोटाले में शामिल 28 आबकारी अफसरों को कोर्ट ने जारी किया वारंट

## 500-500 रुपए अर्थदंड के साथ 23 सितंबर को कोर्ट में पेश होने का दिया आदेश

हरिभूमि न्यूजःरायपुर

करोड़ों के शराब घोटाला में आरोपी बनाए गए 28 आबकारी अधिकारियों के खिलाफ बुधवार को ईओडब्लू की स्पेशल कोर्ट ने वारंट जारी किया है। आबकारी अफसरों को कोर्ट में उपस्थित होने निर्देश दिए गए थे, लेकिन अफसर कोर्ट में उपस्थित नहीं हुए। आदेश की अवहेलना करने पर कोर्ट ने सभी आबकारी अफसरों पर पांच-पांच सौ रुपए जुर्माना लगाया है। बताया जा रहा है, आबकारी अफसर अपनी गिरफ्तारी के डर से कोर्ट में पेश नहीं हुए। मामले की अगली सुनवाई 23 सितंबर को होनी है। शराब घोटाला में घोटाले का किंग पिन पूर्व आईएएस अनिल टूटेजा, अनवर ढेबर सहित 15 आरोपी न्यायिक रिमांड पर जेल में बंद हैं।

शराब घोटाले में शामिल अधिकारियों के खिलाफ ईओडब्ल्यू ने कोर्ट में चालान पेश कर दिया है और हाईकोर्ट उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर चुका है। जिन अधिकारियों के खिलाफ वारंट जारी किया गया है, उनमें प्रमोद नेताम, नीतू नोतानी, एलएस ध्रुव, इकबाल अहमद खान, जनार्दन सिंह कौरव, अरविंद पाटले, दिनकर वासनिक, नोहर ठाकुर, नवीन तोमर, विकास गोस्वामी, रामकृष्ण मिश्रा, मंजूश्री कसेर, विजय सेन, मोहित जायसवाल, गंभीर सिंह नुरूटी, नीतिन खंडूजा, अश्वनी अनंत, अंनत सिंह, सोनल नेताम, गरीब पाल सिंह, सौरभ बक्शी, जेठूराम मंडावी, देवलाल वैद्य, प्रकाश पाल, आशीष कोसम और राजेश जायसवाल के नाम शामिल हैं।

- बुधवार को सभी आबकारी अफसरों को कोर्ट में उपस्थित होना था

### चालान पेश होने के बाद दागी अफसर निलंबित

शराब घोटाले में 29 आबकारी अफसरों के शामिल होने का ईओडब्लू, एसीबी ने आरोप लगाया है। इनमें से एक अफसर की मौत हो चुकी है। छह सेवानिवृत्त हो चुके हैं। कोर्ट में चालान पेश होने के बाद शासन के निर्देश पर शेष 22 अफसरों को निलंबित किया गया है। इन सभी पर सिंडिकेट में शामिल होने का आरोप है। सिंडिकेट में काम कर रहे अफसरों पर 88 करोड़ से ज्यादा की रकम अवैध तरीके से कमाने का आरोप है।

**OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (CIVIL), CSPGCL,**
Shed No. 11, Dangania, Raipur-492013 Phone No. 0771-2574562,
website www.cspc.co.in E-mail:- civilprojectcmg@gmail.com

No.04-04/W/1042 Raipur, date 18-08-2025

**E-TENDER NOTICE**

Online bids are invited through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from contractors registered in appropriate class in CSPGCL. The unregistered contractor having work experience in Govt./Public Sector Undertaking/ Local bodies/Power Generating Companies in India only may be considered on submission of experience certificate for following works as mentioned below:-

| Tender Specifi. No. | Name of Work | NIT value |
|---|---|---|
| CEC/DSPM -KE/W/ 2025/94 | Replacement of old, tattered profile sheet cladding of JNT-I and Mill Bunker top with new one at DSPM-TPS, CSPGCL, Korba East | 17.40 Lacs |
| CEC/DSPM -KE/W/ 2025/95 | Providing concrete raft for relocation of GT station Transformer (315 MVA) near switch yard for safe keeping at DSPM-TPS, CSPGCL, Korba East | 8.60 Lacs |
| CEC/ABVT PS-MRW/ W/2025/96 | Repairing of damaged boundary wall between CH 800 to CH 1000 at 2x500 MW, ABVTPS, CSPGCL, Janjgir Champa | 5.91 Lacs |
| CEC/ABVT PS-MRW/ W/2025/97 | Annual cutting and cleaning of grass, shrubs, bushes and other unwanted vegetation in rail track area from CH-11200 to MGR up to CH -17101 of 2x500MW, ABVTPS, CSPGCL, Janjgir Champa . | 12.10 Lacs |
| CEC/ABVT PS-MRW/ W/2025/98 | Providing and fixing of rail track side indicator sign boards, posts and caution boards in rail line of 2x500MW, ABVTPS, CSPGCL, Janjgir Champa. | 6.44 Lacs |
| CEC/HTPS-KW/W/ 2025/99 | Annual sweeping and cleaning of Admin Building at 1x500MW Extn. Unit at HTPS, CSPGCL, Korba West | 17.45 Lacs |
| CEC/ABVT PS-MRW/ W/2025/100 | Annual dry sweeping & cleaning of direct road, watch & ward of site office and maintenance of playground at colony premises 2x500MW, ABVTPS, CSPGCL, Janjgir Champa. | 12.31 Lacs |
| CEC/HTPS-KW/W/ 2025/101 | Construction of Synthetic Tennis Court at officer's (Senior) Club premises HTPS, CSPGCL, Korba West | 29.09 Lacs |
| CEC/DSPM -KE/W/ 2025/102 | Annual maintenance of lawn & garden situated in different location at DSPM-TPS, CSPGCL, Korba East | 31.45 Lacs |

Note:- (i) The detailed NIT, Tender document & other details can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal https://ebidding. cspcl.co.in:50724/irj/portal. (ii) NIT value is inclusive of GST @ 18%.

SAVE ELECTRICITY

Chief Engineer (Civil)
CSPGCL, Raipur

# मंत्रालय में मंत्रियों के लिए 12 कमरे, 13वें मंत्री के लिए जगह नहीं

## जीएडी वैकल्पिक व्यवस्था में जुटा, एक मंत्री के लिए छोटा पड़ रहा कमरा, मांगा मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूजः रायपुर।

छत्तीसगढ़ में तीन नए मंत्रियों के शपथ ग्रहण के साथ ही प्रदेश में मंत्रियों की संख्या 13 हो गई है। मंत्रालय के मंत्री ब्लॉक में 12 ही कमरे हैं। तेरहवें मंत्री के लिए यहां कमरा ही नहीं है। ऐसे में जीएडी के अधिकारियों ने मंत्रियों के कमरे के लिए ऊपर से अनुमति मांगी है।

मंत्रालय में मंत्री स्तर के 12 ही कमरे बनवाए गए। उस समय किसी ने सोचा नहीं होगा कि हरियाणा में 13 मंत्री हो जाएंगे। उसके बाद छत्तीसगढ़ में भी मंत्रियों की संख्या बढ़ जाएगी। छत्तीसगढ़ में अब 13 मंत्री बन गए हैं। मंत्रालय के मंत्री ब्लॉक में पांच फ्लोर हैं। पांचवे फ्लोर में मुख्यमंत्री बैठते हैं और उनके सचिवालय के अधिकारियों का चैंबर है। उसके नीचे के चार फ्लोर मंत्रियों और उनके स्टाफ के लिए है। एक फ्लोर में तीन मंत्री के चैंबर हैं। अब मंत्री की संख्या 13 हो गई है। तीन मंत्री बनने से मंत्री लेवल के कमरे बचे हैं दो ही।

### एक कमरे का जुगाड़

सामान्य प्रशासन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि तीन में से दो मंत्रियों के लिए कमरा है, तीसरे के लिए नहीं। तीसरे मंत्री के लिए कमरे की व्यवस्था कहां से करें, इसे लेकर जीएडी के अफसरों ने अनुमति मांगी है। जीएडी ने फिलहाल दो छोटे कमरों को जोड़कर एक मंत्री के लिए वैकल्पिक इंतजाम किया है, मगर दो कमरों को जोड़ने के बाद भी कमरा वैसा नहीं बन पा रहा, जैसे मंत्री पूल के 12 कमरे हैं। जीएडी के अधिकारियों ने इसके लिए ऊपर से मार्गदर्शन मांगा है कि किस मंत्री को छोटा कमरा दिया जाए।

### सचिवों के कमरे की कमी

नया मंत्रालय जब बना था, उस समय दो-दो, तीन-तीन का आईएएस का बैच आता था। उस समय एक दर्जन से कुछ अधिक सचिव होते थे। अब सचिवों की संख्या बढ़कर 50 से ऊपर पहुंच गई है। ऐसे में सचिवों के बैठने के लिए कमरे ही नहीं हैं। उन्हें संसदीय सचिवों के कमरों में बैठाया जा रहा है। सचिवों और मंत्रियों के कमरों की साइज भी काफी लंबी-चौड़ी कर दी गई। अगर साइज कम की गई होती, तो फिर और कमरे निकल गए होते। हालांकि, नया रायपुर में जगह की कमी थी नहीं। अलबत्ता, सरकार अब मंत्रालय बिल्डिंग के एक्सपेंशन पर विचार कर रही है।

# मार्कशीट, दस्तावेज सुधार के लिए भी फ्राड, बोर्ड ने किया अलर्ट

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने छात्र-छात्राओं, अभिभावकों और हितधारकों को डुप्लीकेट मार्कशीट, प्रमाण पत्र जारी करने और दस्तावेज सुधार के संबंध में भ्रामक जानकारी के प्रति आगाह किया है। इस संबंध में बोर्ड ने स्टूडेंट्स और अभिभावकों को सलाह दी है कि वे बोर्ड द्वारा अपनी वेबसाइट, क्षेत्रीय कार्यालयों या वेरिफाइड संचार माध्यम से जारी आधिकारिक अधिसूचनाओं पर ही भरोसा करें। स्टूडेंट्स आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर इसे चेक कर सकते हैं। बोर्ड ने जारी किए नोटिस में कहा है, कुछ अनधिकृत स्त्रोत भ्रामक जानकारी प्रसारित कर रहे हैं, जिसमें डुप्लीकेट मार्कशीट, प्रमाण पत्र और दस्तावेज सुधार जारी करने के लिए त्वरित समाधान देने का दावा किया जा रहा है। यह साइबर फ्राड का हिस्सा हो सकता है। सीबीएसई ने ऐसे सभी दावों को सख्ती से खारिज किया है और साथ ही कहा कि ये प्लेटफॉर्म न तो बोर्ड से मान्यता प्राप्त हैं और न ही किसी प्रकार से अधिकृत हैं। साथ ही बोर्ड ने यह भी कहा है कि ऐसे स्त्रोतों पर भरोसा करने से गलत सूचना, वित्तीय हानि या अन्य गंभीर परिणाम हो सकते हैं। नोटिस में कहा गया है, बोर्ड अनौपचारिक या थर्ड पार्टी सोर्सेज से प्रसारित जानकारी से उत्पन्न किसी भी समस्या के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। यह केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा जनहित में जारी किया गया है। कई ऐसे मामले भी सामने आए हैं, जिसमें छात्रों को डुप्लीकेट मार्कशीट प्रदान करने से लेकर अन्य दस्तावेजों के लिए व्यक्तिगत जानकारियां मांगी जा रही हैं।

## फर्जी वेबसाइट पर छात्रों से डुप्लीकेट मार्कशीट के लिए मांग रहे डॉक्यूमेंट

**CHHATTISGARH STATE POWER TRANS. CO. LTD.**
O/o Chief Engineer (Store & Purchase)
3rd Floor, SLDC Building, Dangania, Raipur(C.G.)-492013

No.02-16 /SE-I(S&P)/NIT/TR-25/19/609 Raipur, dtd 18.08.2025

**E - PROCUREMENT TENDER NOTICE**

Sealed tenders are invited for supplying of following materials:

| Tender No. | Particulars | EMD(Rs.) | Due date (15:00 Hrs.) |
|---|---|---|---|
| TR-25/S&P/19 Rfx No-8100045802 | Unarmoured Copper Control PVC insulated Cables. | 5,00,000/- | 11.09.2025 |

For quantity & all other details of NIT and terms & condtions, please visit our web site www.cspc.co.in.

SAVE ELECTRICITY

CHIEF ENGINEER (S&P)
CSPTCL: RAIPUR

**कर्मचारी राज्य बीमा निगम**
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
Employee's State Insurance Corporation
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)
क.रा.बी.नि.
E.S.I.C.

Regional Office / क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर
107, राम नगर रोड, कोटा, रायपुर-492010
107, RAM NAGAR ROAD, KOTA, RAIPUR-492010
Phone:0771-2254589,Email: rd-cgarh@esic.nic.in
Website: www.esic.nic.in /www.esic.in

**विज्ञापन / Advertisement**

ईएसआईसी, छत्तीसगढ़ क्षेत्र में सेवा निवृत्त अभियंताओं से अनुबंध आधार पर जूनियर इंजीनियर (विद्युत) एवं जूनियर इंजीनियर (सिविल) के रूप में नियुक्ति हेतु निम्न विवरण अनुसार आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं :

Applications are invited from the retired Engineers for engagement on contract basis as Junior Engineer (Electrical) & Junior Engineer (Civil), in ESIC, Chhattisgarh Region as under:

| Sl. No. | Post | No. of post |
|---|---|---|
| 1 | Junior Engineer (Electrical) | 1 |
| 2 | Junior Engineer (Civil) | 3 |

Application submission Start date : 21.08.2025 Last date for submission of application : 04.09.2025

अधिक जानकारी के लिए कृपया https://rochhattisgarh.esic.gov.in का अवलोकन करें ।

For further details kindly refer https://rochhattisgarh.esic.gov.in

क्षेत्रीय निदेशक
क्षेत्रीय कार्यालय
क. रा. बी. निगम, रायपुर ( छ.ग. )

रायपुर। राजधानी के सिविल लाइन क्षेत्र में स्थित आकाशवाणी चौक के कालीमाता मंदिर के सामने मुख्य मार्ग पर अब बारिश के दौरान जलभराव की समस्या नहीं होगी। नगर निगम वहां 9.50 लाख रुपये की लागत से नई नाली का निर्माण कराएगा। इसी तरह शहर के प्रोफेसर कालोनी सहित आसपास रहवासी इलाके में जलभराव की समस्या दूर करने 1 करोड़ 24 लाख रुपये की लागत से नये नाले का निर्माण होगा। महापौर मीनल चौबे, रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी, निगम सभापति सूर्यकांत राठौर ने नारियल फोड़कर इस कार्य का भूमिपूजन किया।

**गुरु घासीदास विश्वविद्यालय**
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम 2009, क्रमांक 25 के तहत स्थापित विश्वविद्यालय)
कोनी, बिलासपुर 495009 (छत्तीसगढ़) भारत
Tel.- +91-7752-260342, 260021 Fax +91-7752-260154, 260148, वेबसाइट- www.ggu.ac.in

संदर्भ क्रमांक 653 /प्रवेश / अकादमी /25 — **प्रवेश सूचना (2025–26)** — बिलासपुर, दिनांक 18 .08 .2025

गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर शैक्षणिक सत्र 2025–26 के लिए विभिन्न ऑनलाइन कार्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है–

(a) **प्रवेश के लिए उपलब्ध कार्यक्रम-**
पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान स्नातक (बी . लिब . एवं आई .एस .सी .), कंप्यूटर अनुप्रयोग स्नातक (बीसीए), बी . कॉम (ऑनर्स)।
स्नातकोत्तर कार्यक्रम : एमबीए, एमसीए, एम .ए .– अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, अंग्रेजी, इतिहास, पत्रकारिता एवं जनसंचार, समाज कार्य में स्नातकोत्तर (एमएसडब्ल्यू), एम . लिब . एवं इन्फ . एससी .
(b) प्रवेश प्रक्रिया, पात्रता, सीटों की संख्या, आरक्षण नीति, शुल्क और आवेदन कैसे करें, इसके लिए कृपया विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.ggu.ac.in पर उपलब्ध 'CDOE Application for Admission 2025' देखें।
**(c) आवेदन शुल्क-**
कोई अलग पंजीकरण शुल्क नहीं होगा। यदि कोई आवेदक ऑनलाइन मोड में प्रस्तावित किसी भी कार्यक्रम में प्रवेश के लिए आवेदन करता है, तो उसे दिशानिर्देशों में उल्लिखित पंजीकरण शुल्क सहित पूरे सेमेस्टर का शुल्क देना होगा।
**(d) महत्वपूर्ण तिथियाँ:**
1. आवेदन पत्र ऑनलाइन जमा करना प्रारम्भ : 21.08 .2025
2. आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि : 13 .09 .2025
3. भरे हुए आवेदन (हार्डकॉपी) को जीजीवी तक पहुँचाने की अंतिम तिथि : अंतिम तिथि के 15 दिन बाद

**नोट :-** उपरोक्त सभी कार्यक्रम ODL/OL योजना के तहत ऑनलाइन मोड में उपलब्ध हैं, नियमित मोड में नहीं।

**सहायता केंद्र 07752-260342.** **कुलसचिव (कार्यवाहक)**

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### सीएम साय ने...

मुख्य सचिव अमिताभ जैन, राज्यपाल के सचिव डॉ. सीआर प्रसन्ना सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। शपथ ग्रहण के बाद नए मंत्रियों को विभागों का बंटवारा भी कर दिया गया है।

### सीएम आज से...

मुलाकात करेंगे। सीएम के साथ मुख्य सचिव अमिताभ जैन, प्रमुख सचिव सुबोध सिंह और उद्योग सचिव रजत कुमार भी शामिल रहेंगे। सीएम साय 21 अगस्त की सुबह दिल्ली पहुंचेंगे। वहां वे एक या दो बैठकों में शामिल होंगे और शाम को जापान के लिए उड़ान भरेंगे।

### 31 को लौटेंगे...

जापान के बाद मुख्यमंत्री और उनकी टीम दूसरे चरण में दक्षिण कोरिया जाएगी। वहां भी उद्योग और अधोसंरचना क्षेत्र में साझेदारी को लेकर बैठकों का आयोजन होगा। उसके बाद मुख्यमंत्री साय 31 अगस्त की शाम को दिल्ली लौटेंगे।

### दुबई से पढ़ा...

अरेस्ट कर ठगी करने का उपाय बताया। इसके बाद मनीष ने अपने साथी अर्जुन के साथ मिलकर ठग गिरोह का नेटवर्क खड़ा किया। मनीष अर्जुन को सिम उपलब्ध कराने का काम करता था। अर्जुन अलग-अलग राज्य के लोगों को अपने ठगी के नेटवर्क में जोड़ने का काम करता था।

### हाईकोर्ट ने कहा-...

एम.टेक (मृदा एवं जल अभियांत्रिकी) को मान्यता देने की मांग की थी। उनका तर्क था कि, यह डिग्री भूविज्ञान के समकक्ष है। राज्य सरकार ने दलील दी कि, भूविज्ञान और मृदा-जल अभियांत्रिकी दोनों अलग-अलग विषय हैं और एक-दूसरे के समकक्ष नहीं माने जा सकते। हाईकोर्ट ने शासन की बात को स्वीकार कर लिया है। इस आदेश के बाद सहायक भू-जल विज्ञानी के पद के लिए केवल भूविज्ञान में स्नातकोत्तर डिग्री ही मान्य होगी। दरअसल शासन ने 2020 में निकली भर्ती विज्ञापन में जियोलॉजी में पीजी डिग्री अनिवार्य रखी गई थी। इस पर एम.टेक (सॉयल एंड वाटर इंजीनियरिंग) पास युवाओं ने आपत्ति जताते हुए नियमों को चुनौती दी थी। उनका कहना था कि, यह डिग्री जियोलॉजी के बराबर है और इन्हें भी पात्रता दी जानी चाहिए। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद हाईकोर्ट ने साफ किया कि, भर्ती नियम तय करना राज्य सरकार का अधिकार है।

### किस पार्टी में...

(44 प्रतिशत), डीएमके के 22 में से 13 (59 प्रतिशत), टीडीपी के 16 में से आठ (50 प्रतिशत) और शिवसेना के सात विजयी उम्मीदवारों में से पांच (71 प्रतिशत) ने आपराधिक मामले घोषित किए हैं। विश्लेषण में पाया गया कि 63 (26 प्रतिशत) भाजपा उम्मीदवारों, 32 (32 प्रतिशत) कांग्रेस उम्मीदवारों और 17 (46 प्रतिशत) सपा उम्मीदवारों ने गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। रिपोर्ट कहती है, सात (24 प्रतिशत) टीएमसी उम्मीदवार, छह (27 प्रतिशत) डीएमके उम्मीदवार, पांच (31 प्रतिशत) टीडीपी उम्मीदवार और चार (57 प्रतिशत) शिवसेना उम्मीदवार गंभीर आपराधिक मामलों का सामना कर रहे हैं।

### 25 लाख 50...

वापस आईये अभियान के तहत 20 अगस्त को लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपना विश्वास जाहिर करते हुए समाज की मुख्यधारा में जुड़ने के लिए इच्छा जाहिर की। जिसका स्वागत करते हुए इन्हें उप महानिरीक्षक दंतेवाड़ा रेंज कमलोचन कश्यप, पुलिस उप महानिरीक्षक सीआरपीएफ दन्तेवाड़ा रेंज राकेश चौधरी, पुलिस अधीक्षक गौरव राय, कमांडेंट 111वीं वाहिनी सीआरपीएफ गोपाल यादव, कमाण्डेट 230वी वाहिनी सीआरपीएफ अनिल कुमार प्रसाद, कमाण्डेट 231वी वाहिनी सीआरपीएफ सुनील भवर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उदित पुष्कर, द्वितीय कमाण्ड अधिकारी अरूण कुमार 111वी वाहिनी सीआरपीएफ, द्वितीय कमाण्ड अधिकारी अश्वनी परमार 230वी वाहिनी सीआरपीएफ, द्वितीय कमाण्ड अधिकारी सौरभ राय 231वी वाहिनी सीआरपीएफ, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन एवं विमल कुमार उप कमाण्डेड रेंज दन्तेवाड़ा के समक्ष पुलिस अधीक्षक कार्यालय दन्तेवाड़ा में आत्मसमर्पण किया।

### इन्होंने किया समर्पण...

गोण्डेपारा थाना उसूर जिला बीजापुर 2 लाख रुपए, सन्नू कुंजाम (33) कुटरेम आरपीसी डीएकेएमएस अध्यक्ष निवासी पोर्रोककाड़ी स्कूलपारा थाना अरनपुर जिला दन्तेवाड़ा 2 लाख रुपए, देवे मड़काम (32) नीलावाया आरपीसी डीएकेएमएस अध्यक्ष निवासी नीलावाया मिलकानपारा थाना अरनपुर दन्तेवाड़ा 2 लाख रुपए ईनाम, छोटू उर्फ बुधराम बेरता (35) पीड़ियाकोट आरपीसी मिलिशिया कमाण्डर निवासी पीड़ियाकोट थाना ओरछा नारायणपुर 2 लाख रुपए, भीमसन हेमला (40) दोरगुड़ा आरपीसी मिलिशिया कमाण्डर निवासी पेदापाल गायतापारा था मिरतुर जिला बीजापुर 2 लाख रुपए, सोमे उर्फ जमली कुहड़ाम (19) दरभा डिविजन कम्युनिकेशन टीम सदस्य निवासी चांदामेट्टा मुरियामीपारा थाना दरभा जिला बस्तर 1 लाख रुपए, लक्ष्मण उर्फ राजू कर्मा (31) इन्द्रावती एरिया कमेटी टेलर टीम सदस्य निवासी रेकावाया आमापारा थाना ओरछा जिला नारायणपुर 1 लाख रुपए, कुमारी कमली मिड़ियाम (30) माटवाड़ा एलओएस सदस्य निवासी गुमियापाल बण्डीपारा थाना किरन्दुल जिला दन्तेवाड़ा 1 लाख रुपए, कुमारी हिड़मे उर्फ विज्जो ओयाम (25) गंगालूर एलओएस सदस्य, निवासी आउटपल्ली थाना बासागुड़ा जिला बीजापुर 1 लाख रुपए, मंगडू उर्फ विनोद लेकाम (25) परतापुर एरिया कमेटी पार्टी सदस्य/सीसी राजू दादा का गार्ड, निवासी मोड़ोनार थाना ओरछा जिला नारायणपुर 1 लाख रुपए, कुमारी पोज्जे मड़काम (26) नीलावाया आरपीसी सीएनएम सदस्य निवासी नीलावाया मिलकानपारा थाना अरनपुर जिला दन्तेवाड़ा 50 हजार रुपए, देवा मण्डावी (35) नीलावाया आरपीसी मिलिशिया सेक्षन कमाण्डर निवासी नीलावाया मल्लापारा थाना अरनपुर, मनीराम पोड़ियाम (29) रेखावाया आरपीसी मिलिशिया सदस्य निवासी रेखावाया आमापारा थाना ओरछा जिला नारायणपुर, हिड़मा कुहड़ाम (45) रेखावाया आरपीसी कृषि शाखा सदस्य, निवासी रेखावाया पड़कोपारा थाना ओरछा जिला नारायणपुर, सुकड़ा उर्फ मोतीलाल कुहड़ाम (40) रेखावाया आरपीसी डॉक्टर टीम कमाण्डर निवासी रेखावाया पड़कोपारा थाना ओरछा जिला नारायणपुर, सुशिला कड़ती (27) बेचापाल आरपीसी मिलिशिया सदस्य निवासी बेचापाल गाण्डूकलपारा थाना मिरतुर जिला बीजापुर, कमली कड़ती (36) बेचापाल आरपीसी केएएमएस सदस्य निवासी बेचापाल देवापारा थाना मिरतुर जिला बीजापुर, सुधरू भोगाम (40) दोरगुड़ा आरपीसी मिलिशिया सदस्य निवासी पेदापाल स्कूलपारा थाना मिरतुर जिला बीजापुर व बैसू राम जुर्री (45) पल्लेवाया आरपीसी जनताना सरकार सदस्य, पंच कमेटी अध्यक्ष निवासी करकावाड़ा थाना बांगापाल जिला बीजापुर शामिल हैं।

---

**छ.ग. गृह निर्माण मंडल,वृत्त-बिलासपुर**

**द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**

वि.क्र. 28

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल वृत्त-बिलासपुर अन्तर्गत संभाग कोरबा में निक्षेप कार्य के तहत (1) ग्राम फुलसरी, जिला कोरबा में 100 सीटर छात्रावास भवन का निर्माण कार्य (2) जिला कोरबा में जिला अस्पताल अंतर्गत निर्मित कम्पोजिट हॉस्पिटल भवन का विस्तार निर्माण कार्य (3) जिला कोरबा में क्षेत्रीय परिवहन विभाग हेतु Institute of Driving and Traffic Research Center (IDTR) अन्तर्गत Office Building, HMV -LMV एवं Two Wheeler हेतु ई.-ट्रैक निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत सक्षम श्रेणी ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। निविदा संबंधित विस्तृत विवरण मण्डल वेबसाईट http://cghb.gov.in में उपलब्ध है। अन्य जानकारी हेतु कार्यपालन अभियंता, संभाग कोरबा के मो.नं. 9907285405 पर संपर्क करें।

संवाद-44960 उपायुक्त

---

**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड**

CIN-U40105CT2003SGC015822

**कार्यालय-कार्यपालन अभियंता (परियोजना) संभाग बिलासपुर**

क्रमांक: 11-09/विज्ञापन/717 **आवश्यक सूचना** बिलासपुर, दिनांक 20.8.2025

समस्त जनसाधरण को सूचित किया जाता है कि कार्यपालन अभियंता (सं./सं.) संभाग छ.स्टे.पॉ.डि.कं. लिमि., बिलासपुर के अंर्तगत नीचे उल्लेखित नवनिर्मित 33 के.व्ही. लाईन को आज दिनांक 21.08.2025 के बाद कभी भी उर्जीकृत कर दिया जावेगा। अत: उल्लेखित नवनिर्मित 33 के.व्ही. लाईन के तार, स्टे एवं खम्भे आदि से किसी भी प्रकार की छेड़ छाड़ न करें एवं लाईन से सुरक्षित दूरी बनावें। उल्लेखित लाईन से किसी भी प्रकार की दुर्घटना हेतु छ.स्टे. पॉ.डि.कं. लिमि. जवाबदार नहीं होगा।

| क्र. | नवनिर्मित 33 के.व्ही. लाईन का नाम | लाईन की लंबाई | स्थानों का नाम जहां से होकर लाईन गुजर रही है। |
|---|---|---|---|
| 1 | नवनिर्मित 33 के.व्ही. लाईन नवनिर्मित 132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र मल्हार से निकलकर 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र मल्हार, 33 के.व्ही. पचपेड़ी फीडर एवं 33 के.व्ही. पिरईया फीडर से जोड़ने के लिये। | 1.2 कि.मी. | ग्राम- मल्हार इत्यादि। |

(अनुपम सरकार 90314533)
कार्यपालन अभियंता (परियोजना) संभाग
छ.स्टे.पॉ.डि.कं. लिमि., बिलासपुर

संवाद-44970

सभी प्रकार की एलर्जी
• जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
छाती रोग • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना
• पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
24 घंटे आपात चिकित्सा
Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
अवंति विहार चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क : 8962566221, 07714916125, 7223065604

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग
• Hearing Aids सुनाई मशीन
• Dental/ दंत रोग
• मुख के कैंसर प्लास्टिक सर्जरी
• चक्कर, खर्राटे

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
अष्टविनायक हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

दर-दाँत (गम पेंट)
बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आर्युवेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
HMS देखकर खरीदें 94060-21769
असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें।

जॉइंट्स पेन के लिए रामबाण तेल
Since-2000
S.M. OIL®
हर प्रकार के वात रोग, गठिया वात, लकवा, हाथ पांव, कमर, पीठ, जोड़ों का दर्द, जोड़ों का अकड़ना, सूजन, मोच, हड्डी फ्रेक्चर आदि में परम गुणकारी
सभी आयुर्वेदिक एवं एलोपैथिक दुकानों में उपलब्ध।
Customer Care No. 9425296176

हरिभूमि छत्तीसगढ़ के डायग्नोस्टिक सेन्टर
THE DIAGNOSTIC CARE
दि अमेरिकन लेबोरेटरी अ सुपरस्पेस्लिटी डायग्नोस्टिक
मध्यभारत का सबसे बड़ा सुपरस्पेस्लिटी डायग्नोस्टिक
पता- सीटी कोतवाली के पास, सीएसईबी ऑफिस के सामने, बुधापारा, रायपुर 492007
मो. 8098518020, 9004051230, 7828184773
लैब प्लस पैथोलाजी
क्वालिटि के साथ जांच की गारंटी
पैथोलाजी जाँच के लिए पैकेज में जांच कराये व अपने पैसे बहुतायत से बचाये।
पैकेज की जानकारी के लिए सम्पर्क करें- 9039055548, 9300000989, 9300000702
विज्ञापन हेतु संपर्क करें - 9303508130, 9302016344, 7909631282

---

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है-** मेडिकल एजेन्सी में लड़के, लड़कियों एवं माल पैकिंग, डिलिवरी हेतु लड़के (पढ़ाई जरुरी नहीं) तथा रिटेल काउन्टर संभालने हेतु लड़कों आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- दयालबंद बिलासपुर 91110 00629 (38505)

**आवश्यकता है-** स्पोर्ट्स दुकान में कार्य हेतु लड़की (वेतन 6000-11000) एवं साक्षी प्रा. ITI में कम्प्यूटर आपरेटर, आफिस में कार्य हेतु लड़के चाहिए। वेतन 7000-10000 सम्पर्क करें- छाया स्पोर्ट्स सदर बाजार बिलासपुर (38503)

**आवश्यकता है-** सीए ऑफिस में एकाउंटिंग एवं ऑडिट कार्य करने हेतु स्टाफ की आवश्यकता है। केवल सीए ऑफिस में कार्य किए अनुभवी सम्पर्क करें- जाजोदिया चौरसिया एण्ड कम्पनी मध्यनगरी चौक बिलासपुर 9981120020 (3176)

**आवश्यकता है-** प्रतिष्ठित होटल में कार्य करने हेतु अनुभवी मैनेजर एवं हेल्पर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- होटल शुभश्री उस्लापुर रेल्वे स्टेशन के पास बिलासपुर 76971 10111 (38502)

**आवश्यकता है-** दयानन्द विद्यालय कार्यालय में कम्प्यूटर कार्य हेतु कम्प्यूटर की जानकार शिक्षिकाओं की आवश्यकता है सम्पर्क करें- समय प्रातः 8 से 11 बजे दयानन्द विद्यालय आर्य समाज मन्दिर नदी किनारे गोड़पारा बिलासपुर (38504)

**आवश्यकता है-** गल्फ लुब्रिकेन्ट आयल डिस्ट्रीब्यूटर को अनुभवी सेल्स रिप्रेजेंटिव की आवश्यकता है सैलरी योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- मनीत आटोमोबाइल्स बिलासपुर 9752527979 (38496)

**आवश्यकता है-** श्री गणेश होम्स में 2 पद ऑफिस स्टॉफ एवं 2 पद ऑफिस बॉय आवश्यकता है। सम्पर्क करें- सिद्ध शिखर अपार्टमेंट रिंग रोड नं-2, शांति नगर मंगला चौक बिलासपुर 7415552666 (38495)

**आवश्यकता है-** खेती बाड़ी का सभी काम करने हेतु परिवार वाले की आवश्यकता है जो वहां रहकर काम कर सके। दोनों मिलाकर तनख्वाह 13000 रुपए सम्पर्क करें- 9754293974 (38494)

**आवश्यकता है-** ऑफिस ब्वाय- 3 पद, समान पैकेजिंग, लोडिंग, अनलोडिंग, ऑटो चालक एवं सफाई कार्य करने हेतु व्यक्तियों की आवश्यकता है। वेतन- 9000 से 12000 प्रतिमाह सम्पर्क करें- 09575 488884 (38499)

**आवश्यकता है-**फर्निशिंग शॉप में काम करने के लिए लड़के/ लड़कियों की आवश्यकता है। आकर्षक वेतन योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें-कन्हैया डेकोर श्री मीरा टावर, टेलीफोन एक्सचेंज रोड, बिलासपुर 07752-230033 (38485)

**आवश्यकता है-** ऑफिस में लोडिंग अनलोडिंग हेतु दो लड़के देखकर समान निकालने हेतु लड़कियां लोडर गाड़ी चलाने हेतु ड्राइवर के साथ सामान सेल्समैन हेत दो लड़के। पता- Nt@s व्यापार विहार बिलासपुर 07752 411422 (38497)

**आवश्यकता है-** अनुभवी मेहनती फील्ड कार्य हेतु सुपरवाइजर कम्प्यूटर कार्य, हिन्दी टाइपिंग अनुभवी, फील्ड हेतु मेहनती सुपरवाइजर, घरेलू कार्य महिला की देखभाल हेतु लड़की/महिला चाहिए सम्पर्क- ग्रीन पार्क जरहाभाटा बिलासपुर 6267249741, 95899 44464 (38402)

**आवश्यकता है-**स्किन क्लीनिक में कार्य करने के लिए दो महिला नर्सिंग स्टाफ की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 7697312555 (38483)

**आवश्यकता है-**रिशेपनिस्ट - 2 (Male), ड्राइवर-1, गार्ड-2 हाउस कीपिंग-4 चाहिए वेतन योग्यतानुसार रहने खाने की सुविधा सम्पर्क करें- 10am to 8pm होटल डाउन टाउन राजकिशोर नगर बिलासपुर 9144555000, 07752 419051, 9516300022 (38486)

**आवश्यकता है-**इंस्टीट्यूट में पढ़ाने हेतु नर्सिंग/ बायोलॉजी टीचर एवं ऑफिस में साफ सफाई करने हेतु लड़के/ लड़कियों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- दोपहर 12 बजे से 4बजे 8770068557 (38489)

**आवश्यकता है-**बिलासपुर शहर के प्रतिष्ठित संस्थानों में सुरक्षा हेतु लम्बे तगड़े लड़के, लड़कियां भारी मात्रा में सुरक्षा गार्ड हेतु चाहिए अनुभवी को प्राथमिकता वेतन 9000 से 11000 तक सम्पर्क- 88393 26096, 8966089060 (38484)

**आवश्यकता है-**ऑफिस फाईनेंस कार्य हेतु Branch Manager, Service Manager, Development Officer, Field Officer, Surveyor, Counselor, Computer Operator, Telecaller की आवश्यकता है वेतन 10000- 35000 Contact- A/216, Narayan Plaza, Bilaspur 6269222001, 8085045559 (38482)

**आवश्यकता है-** मार्केटिंग करने हेतु सेल्स ऑफिसर की आवश्यकता है वेतन- 10000 से 20000 उम्र 30 से ऊपर सम्पर्क प्लस आटोमोबाइल शीतला माता मन्दिर के पास, शारदा मन्दिर के सामने, तारबाहर, बिलासपुर (38481)

**आवश्यकता है-** चाय पत्ती की फैक्ट्री में काम करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है संपर्क करें जैन ट्रेडर्स आकृति विहार अमलीडीह रायपुर 9469980000, 0771-4075490 (6776)

**आवश्यकता है-**बिलासपुर, कोरबा, जांजगीर, रायगढ़ अंबिकापुर मनेन्द्रगढ़ जिलों में सुरक्षागार्ड, सुपरवाईजर ड्राइवर की आवश्यकता है पीएफ ईएसआई मेडिकल आवास सुविधा फ्री सम्पर्क करें- सिद्धी विनायक सिक्यूरिटी राजेंद्र नगर बिलासपुर 9111175190, 9098318675 (38458)

**आवश्यकता है-** सफाई के लिए एक परिवार सुविधा रहने की बेहतरीन व्यवस्था बिजली पानी व सिलेंडर सहित, होलसेल गिफ्ट शॉप में नौकरी का सुनहरा मौका 18-25 वर्ष के लड़के, 11000 मासिक+ प्रति वर्ष वेतन वृद्धि 10:30 AM से 9:30 PM सम्पर्क करें- देवपुरी रायपुर 84481 07841, 9302708426 (216)

**आवश्यकता है-**सुरक्षागार्ड, गनमैन, सुपरवाइजर, कम्प्यूटर ऑपरेटर फील्ड ऑफिसर कामवाली बाई, ड्राइवर। वेतन योग्यतानुसार, आवास फ्री पता- श्रीसांई सिक्युरिटी सर्विस साई निवास कॉम्प्लेक्स जेजे हॉस्पिटल के बाजू तोरवा बिलासपुर 8253010291, 8889997826, 80852 33213 (38449)

**आवश्यकता है-** चाय पत्ती की फैक्ट्री में रिटेल मार्केटिंग के लिए 12वीं पास लड़का जो की सेल्समेंन काम कर सके और ड्राइवर की भी आवश्यकता है संपर्क जैन ट्रेडर्स आकृति बिहार अमलीडी रायपुर 9469980000, 0771-4075490 (6777)

**आवश्यकता है-** अर्जेंट भर्ती वन सुरक्षा को जिलानुसार लड़के- लड़कियों की आवश्यकता पद संख्या-790 वन रक्षक फील्ड ऑफिसर माली वन सिपाही सैलरी(27500+ 56500 ) पढ़ाई (8वी से स्नातक ) रहना +खाना की सुविधाएं आवेदन करने के लिए आधार कार्ड मार्क शीट फोटो व्हाट्सएप करे (सचिन शर्मा)-7054311719 (1114)

**आवश्यकता है-**रायपुर एवं रायगढ़ में सिक्योरिटी गार्ड, सुपरवाइजर हेतु 8,10 पास, हाईट 5फीट 6इंच, 4 फोटो, आधार कार्ड सहित मिले वेतन 14500 से 18000 रहना फ्री+ PF+ESIC+ खाने की सुविधा सम्पर्क करें-9201958117, 9201958114 (6764)

**आवश्यकता है-**टेली कॉलिंग ऑफिस कार्य हेतु 18 से28वर्ष की युवतियों, महिलाओं की आवश्यकता है सैलरी 5000 से 20000 कमाने का अवसर सम्पर्क करें- आराध्या हॉस्पिटल के पास शिवघाट महामाया चौक 8982378857 (219)

**आवश्यकता है-** श्याम इंटरप्राइजेज में पैकिंग कार्य व कॉपी बनाने एवं अन्य कार्य हेतु युवक/ युवती की आवश्यकता है, वेतन योग्यतानुसार (समय 10 am To 7 pm) सम्पर्कः- साइंस कॉलेज सरकंडा 9074741377 (225)

**आवश्यकता है-** दुकान में कार्य करने हेतु लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है, (वेतन योग्यतानुसार) संपर्कः- लक्की प्लास्टिक बजरंग कॉम्प्लेक्स तेलीपारा रोड पुराना बस स्टैंड बिलासपुर 9301194380, 7000181473 (226)

**आवश्यकता है-**Fraud call से सावधान Reliance Jio 5G कंपनी मे घर बैठे पार्ट/ फुल टाईम SMS जॉब करके लड़के, लड़कियों गृहणियां कमाए 15000-45000 महिना लैपटॉप+ मोबाइल मुफ्त Call/ Whats App/ SMS करें- 70507 35296 (1102)

**आवश्यकता है-**ऑफिस कार्य हेतु आवश्यकता 10वी 12वीं पास छात्रों के लिए जो ग्वालियर में रहकर काम कर सके वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस प्रमोशन + ट्रेनिंग के बाद कमाए 15000 से 20000 महीना सम्पर्क करें- 90394 70547, 8815522974 (368)

**आवश्यकता है-** Fraud call से सावधान Airtel 5G कम्पनी मे घर बैठे पार्ट/ फुल टाईम SMS जॉब करके लड़के, लड़कियां, गृहणियां कमाए 15000 से 45000 महिना लैपटॉप+ मोबाइल मुफ्त Call/ Whats App/ SMS करें- 9798472261 (1110)

**आवश्यकता है-**टेलीकॉलिंग हेतु युवतियों, महिलाओं की आवश्यकता है योग्यता 8वीं, 10वीं से ग्रेजुएशन, वेतन 4000+ कमीशन सम्पर्क करें- तोरवा पावर हाउस बिलासपुर 6260596980 (1112)

**आवश्यकता है-**नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो सम्पर्क करें- 9202613238, 92291 87457 (1113)

**आवश्यकता है-** क्लीनिक में अटेंडर की शीघ्र आवश्यकता है, (वेतन योग्यतानुसार) कल्याण दंत चिकित्सालय नियर मैग्नेटो मॉल श्रीकांत वर्मा मार्ग बिलासपुर 9691884193 (222)

**आवश्यकता है-** पेन्सिल पेन रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है सम्पर्क करें- 8873762120 (589)

## बेचना

**बेचना है-**40×75= 3000 पश्चिम मुखी 25फीट रोड में पुराना मकान टिपटॉप बना, जैन हॉस्टल वाली गली में विनोबा नगर में जमीन की कीमत में। कीमत 5500/- फुट सम्पर्क करें- 9131242092, 98279 38236 (38487)

**बेचना है-**महाराणा प्रताप चौक सांई बाबा हॉस्पिटल के पास 2BHK मकान 22×45 ईस्ट फेसिंग 55लाख में बेचना है लोन सुविधा उपलब्ध सम्पर्क करें- 8461997770, 93299 40681 (38366)

**बेचना है-**न्यू हाईटेक बस स्टैण्ड तिफरा यदुनन्दन नगर कॉलोनी में नवनिर्मित मकान/ दुकान/ आवासीय प्लाट/ कमर्शियल प्लाट बेचना है सम्पर्क करें- राजपाल कंस्ट्रक्शन मेन रोड यदुनन्दन नगर तिफरा बिलासपुर 9300671120 (38463)

## किराया

**किराया-**नेहरू नगर हनुमान मन्दिर, गांधी गार्डन के सामने एक बड़ा हाल चार बेडरूम किचन दो लेटबाथ पोर्च सहित सर्वसुविधायुक्त मकान परिवार /कार्यालय हेतु किराया मे देना है सम्पर्क -7987785522, 8319926096 (38453)

**किराया-** रतनपुर महामाया मन्दिर चौक मेन रोड भूतल में 28×51= 1400 वर्गफुट हॉल बैंक, ऑफिस कम्पनी आउटलेट, सुपर बाजार के लिये रजिस्टर्ड एग्रीमेंट के साथ किराये से देना है किराया 40 हजार सम्पर्क करें- 92013 45874, 9981313076 (38501)

**किराया-**राजकिशोर नगर स्थित महावीर सिटी में सर्व सुविधा युक्त 2BHK मकान किराए से देना हैं एवं मां शारदा विहार कॉलोनी में डायवर्टेड प्लॉट बेचना है। सम्पर्क करें- 9425557903, 94241 68634 (38457)

## फाइनेन्स

**फाइनेन्स-**सुन्दरम फाइनेन्स द्वारा पर्सनल लोन प्रॉपर्टी लोन ग्रुप लोन पाएं घर बैठे मात्र 24घण्टे में 2% ब्याज 30% छूट महिलाओं/ किसानों को विशेष छूट एजेंट आमन्त्रित सम्पर्क करें- हेड ऑफिस 81276 84826 हेल्पलाइन 89570 78373 (217)

**फायनेंस-** रोजगार योजना अंतर्गत पूरे छत्तीसगढ़ मे लोन सिर्फ आधारकार्ड पर (50,000/- से 25 लाख तक) (1% ब्याज वार्षिक) प्रॉपर्टी, पर्सनल, बिजनेस, दुकानदारी ग्रुप लोन सिविल खराब लोन पाए संपर्क -9311830460 (221)

Medicare Specialists
इसे जरूर पढ़िये और समझिये
आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच.सी. अग्रवाल (एम.डी.)
निशांत अग्रवाल (फार्मा सांईटिस्ट)
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टॉकीज के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे दुर्ग
मोबाईल नं.- 9425555659
9617789223, 9303242200
गुरूवार अवकाश, मिलने का समय : शाम 4 से 8

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## CLASSIFIED RATE CARD

01 अप्रैल 2025 से लागू
हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी

| EDITION | Appointment | Service/ Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 500 | 620 | 550 | 175/- Sqcm |
| Bhilai+Durg Edition | 440 | 560 | 520 | 150/- Sqcm |
| Bilaspur City | 440 | 500 | 520 | 140/- Sqcm |
| Raipur All Edition | 720 | 820 | 800 | 240/- Sqcm |
| Bilaspur All Edition | 610 | 780 | 690 | 195/- Sqcm |
| All CG | 1000 | 1150 | 1120 | 310/- Sqcm |
| All CG+MP | 1280 | 1750 | 1600 | 330/- Sqcm |
| All Edition | 1700 | 2100 | 2000 | 380/- Sqcm |

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4
COLOUR 20% Extra Charge For Disply

**SCHEME**
(Running) 3+1, 5+2, 10+6, 20+14, 30+25, 50+50
Display 2+1, 5+3, 10+7, 15+15, 20+25
1. Pick of the day 15% extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100 Rs. EXTRA.

ADVT. Booking Time 10.30 am to 4.00 pm.
5% GST For All Ad

**EDUCATION SPECIAL-** Fix Size 10x3 Scheme

| EDITION | RATE | Scheme |
|---|---|---|
| Raipur City | 3000 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2800 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4400 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2500 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3800 | |
| All CG | 5500 | |

**MATRIMONIAL CG+MP**

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500/- 1 Sunday | 800/- 1 Sunday |
| 900/- 2 Sunday | 1200/- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

**HEALTH CARE** 10X1 FIX SIZE

| Edition | (30 Days) | (60 Days) | (90 Days) |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 55000 | 85000 | 1,10,000 |
| Bilai + Durg Edition | 50000 | 80000 | 1,00000 |
| Bilaspur City | 40000 | 70000 | 1,00000 |
| Raipur All Edition | 70000 | 1,20,000 | 1,60,000 |
| Bilaspur All Edition | 55000 | 1,00000 | 1,20,000 |
| All CG | 1,10,000 | 1,80,000 | 2,30,000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur
Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778
E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur.
Mob.: 9826782100
E-mail- hbclassified375@gmail.com

# सिंकफील्ड कप में गुकेश की जीत, अब्दुसत्तोरोव को हराकर की शानदार वापसी

एजेंसी ▶▶| सेंट लुई

विश्व चैंपियन डी.गुकेश ने शुरुआती दौर की असफलता को पीछे छोड़ते हुए सिंकफील्ड कप शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे दौर में उज्बेकिस्तान के पूर्व विश्व रैपिड चैंपियन नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव पर शानदार जीत दर्ज की।

पहले दौर में अपने साथी भारतीय खिलाड़ी गुकेश को हराने वाले आर. प्रज्ञानंद ने दूसरे दौर में अमेरिका के फैबियानो कारुआना के साथ अंक बांटे। एक अन्य मैच में फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा ने पोलैंड के डूडा जान-क्रिज़्सटॉफ़ को हराया।

### प्रज्ञानंद ने दूसरे दौर में अमेरिका के फैबियानो कारुआना के साथ बांटे अंक




### अरोनियन ने सेवियन के साथ खेला ड्रॉ

अमेरिका के लेवोन अरोनियन ने हमवतन सैमुअल सेवियन के साथ ड्रॉ खेला और संयुक्त बढ़त बनाए रखी। एक अन्य अमेरिकी वेस्ली सो ने 10 खिलाड़ियों के 3,75,000 डॉलर इनामी टूर्नामेंट में फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव के साथ ड्रॉ खेला। अब जबकि सात दौर का खेल होना बाकी है तब प्रज्ञानंद, अरोनियन और फिरोजा 1.5 अंकों के साथ संयुक्त बढ़त पर हैं। गुकेश, कारुआना, वेस्ली सो, सेवियन और वाचियर-लाग्रेव संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। डूडा आधे अंक के साथ नौवें स्थान पर हैं, जबकि अब्दुसत्तोरोव लगातार दूसरी बाजी हारने के बाद अभी तक अपना खाता नहीं खोल पाए हैं।

## क्लच शतरंज : 2021 के बाद आनंद और कास्पोरोव एक बार फिर होंगे आमने-समाने

**नई दिल्ली।** विश्वनाथन आनंद अमेरिका के सेंट लुईस में अक्टूबर में होने वाले क्लच शतरंज नुमाइशी मैच में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी रहे रूस के गैरी कास्पोरोव से खेलेंगे जबकि विश्व चैंपियन डी. गुकेश की टक्कर मैग्नस कार्लसन से होगी। कास्पोरोव और आनंद की टक्कर आखिरी बार 2021 में क्रोएशिया रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट में जगरेब में हुई थी, जिसमें भारतीय खिलाड़ी ने जीत दर्ज की। दोनों के बीच 82 मुकाबले हो चुके हैं, जिनमें से 30 ड्रॉ रहे और जीत के मामले में कास्पोरोव का दबदबा रहा।




### मैच सेंट लुईस में 7 से 11 अक्टूबर तक

सेंट लुईस शतरंज क्लब ने एक विज्ञप्ति में कहा,' दो पूर्व विश्व चैंपियन गैरी कास्पोरोव और विश्वनाथन आनंद विशेष क्लच शतरंज (लीजेंड्स) नुमाइशी मैच (7 से 11 अक्टूबर) में आमने सामने होंगे।' इसमें कहा गया,' यह नुमाइशी मैच क्लब की नई सुविधा में आयोजित होने वाला पहला मैच होगा।' इसमें 144000 डॉलर ईनामी राशि होगी, जो दोनों दिग्गजों के बीच 12 मुकाबलों के शतरंज 960 मैचों (फिशर रैंडम) में दी जाएगी। मुकाबले रैपिड और ब्लिट्ज टाइम कंट्रोल में खेले जाएंगे। इसके बाद 412000 डॉलर ईनामी राशि का क्लच शतरंज चैंपियंस शोडाउन 27 से 29 अक्टूबर तक होगा, जिसमें दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी कार्लसन, दुनिया के नंबर दो खिलाड़ी हिकारू नकामूरा, तीसरे नंबर के फेबियानो कारुआना और गुकेश भाग लेंगे।

## खबर संक्षेप



### स्पेनिश फुटबॉल लीग : रियाल मैड्रिड ने ओसासुना को हराया

**मैड्रिड।** काइलियन एमबाप्पे ने रियाल मैड्रिड के साथ अपने दूसरे सत्र की शानदार शुरुआत करते हुए पेनल्टी को गोल में बदला, जिससे उनकी टीम ने स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा के अपने पहले मैच में ओसासुना पर 1-0 से जीत दर्ज की। पिछले सत्र में रियाल मैड्रिड से जुड़ने वाले एमबाप्पे ने 51वें मिनट में पेनल्टी किक को गोल में बदलकर मेजबान टीम को जीत दिलाई। एमबाप्पे ने इस तरह से रियाल मैड्रिड के साथ अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखा। उन्होंने पिछले सत्र में क्लब की तरफ से सर्वाधिक गोल किए थे। रियाल मैड्रिड ने इस तरह से अपने चिर प्रतिद्वंदी बार्सिलोना की तरह नए सत्र की जीत से शुरुआत की। बार्सिलोना ने शनिवार को मालोर्का पर 3-0 की आसान जीत दर्ज की थी। पिछले सत्र में रियाल मैड्रिड स्पेनिश लीग में बार्सिलोना के बाद दूसरे स्थान पर रहा था। ओसासुना नौवें स्थान पर रहा था।

### मेघालय के खिलाड़ियों ने जीते 41 पदक




**शिलांग।** मेघालय के खिलाड़ियों ने अपनी ख्याति के अनुरुप शानदार प्रदर्शन करते हुए हाल में नई दिल्ली में आयोजित की गई 19वीं अखिल भारतीय स्वतंत्रता कप कराटे चैंपियनशिप से 41 पदक जीते। मेघालय ने कुमिते (मुक्केबाजी) और काटा (नृत्यबद्ध गतिविधि) दोनों में 10 स्वर्ण, 16 रजत और 15 कांस्य पदक हासिल किए। अधिकारियों ने बताया कि राज्य के कुल मिलाकर 35 खिलाड़ी पदक हासिल करने में सफल रहे। इनमें से छह खिलाड़ियों ने दो-दो तथा 29 खिलाड़ियों ने एक-एक पदक जीता।

### इंग्लिश फुटबॉल में सालाह और कैल्डेंटी चुने गए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी



**लंदन।** लिवरपूल के फॉरवर्ड मोहम्मद सालाह और आर्सेनल की मिडफील्डर मैरियोना कैल्डेंटी को प्रोफेशनल फुटबॉलर्स एसोसिएशन पुरस्कारों में पिछले सत्र के लिए इंग्लिश फुटबॉल में वर्ष का सर्वश्रेष्ठ पुरुष और महिला खिलाड़ी चुना गया। इस पुरस्कार के लिए इंग्लैंड में खेलने वाले साथी पेशेवर खिलाड़ी मतदान करते हैं। सालाह ने रिकॉर्ड तीसरी बार यह पुरस्कार जीता है। मिस्र के इस 33 वर्षीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ने प्रीमियर लीग में 29 गोल किए, जिसकी बदौलत लिवरपूल ने रिकॉर्ड 20वीं बार चैंपियनशिप जीती। सालाह ने इस वर्ष के शुरू में तीसरी बार फुटबॉल राइटर्स एसोसिएशन का फुटबॉलर ऑफ द ईयर पुरस्कार भी जीता था। महिला वर्ग में 29 वर्षीय कैल्डेन्टी ने आर्सेनल के साथ अपने पहले सत्र में शानदार प्रदर्शन किया।

### 185 रन के लक्ष्य के जवाब में महाराष्ट्र टीम दूसरी पारी में 149 रन पर आउट

# बुची बाबू टूर्नामेंट: छत्तीसगढ़ ने महाराष्ट्र को 35 रन से हराया, शॉ-ऋतुराज फेल

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

बुची बाबू टूर्नामेंट 2025 के पहले राउंड में बुधवार (20 अगस्त) को छत्तीसगढ़ ने महाराष्ट्र को 35 रन से हरा दिया। 185 रन के लक्ष्य के जवाब में कप्तान अंकित बवाने के अर्धशतक के बाद भी महाराष्ट्र की टीम दूसरी पारी में 149 रन पर आउट हो गई। ऋतुराज गायकवाड़ दूसरी पारी में भी फेल रहे। पहली पारी में शतक लगाने वाले पृथ्वी शॉ 1 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। महाराष्ट्र की दूसरी पारी में पृथ्वी शॉ 1, सिद्धेश वीर 31, अंकित बवाने ने 66 और राजवर्धन हंगरगेकर ने 8 रन बनाए। सिद्धार्थ म्हात्रे ने 9, ऋतुराज गायकवाड़ ने 11 रन बनाए। सौरभ नवले खाता नहीं खोल पाए। सचिन धास ने 14 रन बनाए। रामकृष्ण घोष खाता नहीं खोल पाए और विक्की ओस्टवाल ने 1 रन बनाए। हितेष वलुंज बगैर खाता खोले नाबाद रहे।

### छत्तीसगढ़ ने पहले पारी में 252 और दूसरी पारी में 149 रन बनाए






### शुभमन अग्रवाल ने लिए 6 विकेट

छत्तीसगढ़ के लिए शुभमन अग्रवाल ने 6 विकेट लिए। शुभमन अग्रवाल ने अंकित बवाने, राजवर्धन हंगरगेकर, सिद्धार्थ म्हात्रे, सौरभ नवले और सचिन धास का विकेट लिया। इसके अलावा वरुण सिंह भुई ने 2 विकेट लिए। उन्होंने ऋतुराज गायकवाड़ और विक्की ओस्टवाल को आउट किया।

### शशांक तिवारी ने पृथ्वी को किया आउट

शशांक तिवारी और ऋषि शर्मा ने 1-1 विकेट लिए। छत्तीसगढ़ ने पहले पारी में 252 और दूसरी पारी में 149 रन बनाए थे। महाराष्ट्र ने पहली पारी में 217 और दूसरी पारी में 149 रन बनाए। पृथ्वी शॉ का विकेट शशांक और सिद्धेश वीर का विकेट ऋषि शर्मा को मिला।

### शॉ ने पहली पारी में लगाया था शतक



मुंबई से महाराष्ट्र स्विच करने के बाद पृथ्वी शॉ का यह पहला मैच था। शॉ ने पहली पारी में 141 गेंद पर 111 रन बनाए। ऋतुराज गायकवाड़ दोनों पारी में फेल रहे। पहली पारी में उन्होंने 1 रन बनाए। दूसरी पारी में वह छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए, लेकिन छाप नहीं छोड़ पाए। गायकवाड़ ने 11 रन बनाए।

## जेवलिन थ्रो

# डायमंड लीग फाइनल्स में जगह पक्की ब्रसेल्स में हिस्सा नहीं लेंगे चोपड़ा



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

डायमंड लीग फाइनल्स में जगह पक्की करने के बाद भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा इस प्रतिष्ठित सीरीज के शुक्रवार को बेल्जियम के ब्रसेल्स में होने वाले अंतिम चरण में हिस्सा नहीं लेंगे। डायमंड लीग की 14 प्रतियोगिताओं में से चार में पुरुष भाला फेंक को जगह मिली है।

### पार किया 90 मीटर का जादुई आंकड़ा


नीरज ने सिर्फ दो प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया लेकिन स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख में 28 अगस्त को होने वाले डायमंड लीग फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करने में सफल रहे। इस भारतीय खिलाड़ी ने 16 अगस्त को सिलेसिया चरण में भी हिस्सा नहीं लिया था। भारत के 27 वर्षीय गत विश्व चैंपियन नीरज ने मई में दोहा डायमंड लीग में 90.23 मीटर के प्रयास के साथ 90 मीटर का जादुई आंकड़ा पार किया था लेकिन जर्मनी के जूलियन वेबर के बाद दूसरे स्थान पर रहे थे। उन्होंने इसके बाद जूनर में 88.16 मीटर के प्रयास से पेरिस डायमंड लीग का खिताब जीता। ब्रसेल्स चरण के बाद शीर्ष छह खिलाड़ी ज्यूरिख में होने वाले डायमंड लीग फाइनल्स में जगह बनाएंगे।

### टोकिया में 13 से 21 सितंबर तक विश्व चैंपियनशिप

नीरज ने अपना पिछला प्रतिस्पर्धी टूर्नामेंट पांच जुलाई को बेंगलुरु में एनसी क्लासिक के रूप में खेला था, जहां उन्होंने 86.18 मीटर के प्रयास के साथ अपनी मेजबानी में हुआ टूर्नामेंट जीता था। कुल मिलाकर नीरज ने मौजूदा सत्र में अब तक छह प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया, जिसमें से चार में उन्होंने खिताब जीता जबकि दो में दूसरे स्थान पर रहे।

## आईसीसी वनडे रैंकिंग

# शीर्ष पर केशव महाराज, तीसरे स्थान पर खिसके कुलदीप



एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव बुधवार को जारी गेंदबाजों की नवीनतम आईसीसी एकदिवसीय रैंकिंग में तीसरे स्थान पर खिसक गए जबकि दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर केशव महाराज ने शीर्ष स्थान हासिल कर लिया।

महाराज ने केर्न्स में तीन मैच की श्रृंखला के पहले एकदिवसीय मैच में अपनी टीम को ऑस्ट्रेलिया पर 98 रन से जीत दिलाने के बाद शीर्ष स्थान हासिल किया। मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए बाएं हाथ के 35 वर्षीय स्पिनर महाराज ने 33 रन देकर पांच विकेट चटकाए। उन्होंने कुलदीप और श्रीलंका के महेश तीक्षणा को पीछे छोड़ते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया। महाराज इससे पहले नवंबर और दिसंबर 2023 में कुछ समय के लिए शीर्ष पर थे। कुलदीप के अलावा रविंद्र जडेजा एकमात्र भारतीय गेंदबाज हैं, जो गेंदबाजों की सूची में शीर्ष 10 में शामिल हैं। भारतीय टीम ने चैंपियन्स ट्रॉफी में खिताबी जीत के बाद से कोई एकदिवसीय मैच नहीं खेला है।

### सील्स लगाई बड़ी छलांग

वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज जेडन सील्स भी गेंदबाजी रैंकिंग में बड़ी छलांग लगाने में सफल रहे। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैच की श्रृंखला के आखिरी मैच में 18 रन देकर छह विकेट लिए थे। वह 15 पायदान ऊपर चढ़कर 18वें स्थान पर पहुंच गए। पाकिस्तान के लेग स्पिनर अबरार अहमद (15 पायदान के फायदे से 39वें स्थान पर) और वेस्टइंडीज के ऑफ स्पिनर रोस्टन चेस (पांच पायदान के फायदे से 58वें स्थान पर) भी रैंकिंग में आगे बढ़ने वाले गेंदबाजों में शामिल हैं।

### आर्चर और एंडरसन जैसे गेंदबाज तैयार करेंगे ब्रॉड



**लंदन।** इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड कोच की भूमिका निभाने की योजना बना रहे हैं, जहां वह एक दिन जोफ्रा आर्चर और जिमी एंडरसन जैसे गेंदबाज तैयार कर सकें। टेस्ट क्रिकेट में अपने हमवतन एंडरसन के बाद दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज ब्रॉड ने कहा कि उन्होंने इंग्लैंड क्रिकेट टीम के प्रबंध निदेशक रॉब की से बात की है और अंडर-17 तथा अंडर-19 खिलाड़ियों को तैयार करने की इच्छा व्यक्त की है।

**सऊदी क्रिकेट महासंघ और अमेरिकी लीग में करार**

# 128 वर्ष बाद ओलंपिक में वापसी करेगा क्रिकेट

एजेंसी ▶▶| ह्यूस्टन

सऊदी अरब क्रिकेट महासंघ (एसएससीएफ) और डलास स्थित राष्ट्रीय क्रिकेट लीग (एनसीएल) ने 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों को ध्यान में रखते हुए जमीनी स्तर पर क्रिकेट को मजबूत करने और खिलाड़ियों के लिए सुगम राह तैयार करने के लिए साझेदारी की घोषणा की है। लॉस एंजिल्स ओलंपिक खेलों से क्रिकेट 128 वर्ष बाद इस खेल महाकुंभ में वापसी करेगा।

### अगली पीढ़ी के पेशेवर खिलाड़ियों को तैयार करना

यह साझेदारी स्कूल और सामुदायिक कार्यक्रमों, कोचिंग और अंपायरिंग प्रमाणन, तकनीकी विशेषज्ञता के आदान-प्रदान और उत्तरी अमेरिका में एनसीएल कार्यक्रमों के माध्यम से सऊदी अरब के खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर केंद्रित होगा। इनमें कॉलेजिएट क्रिकेट लीग और पाथ टू क्रिकेट प्रो टैलेंट हंट शामिल हैं, जिनका उद्देश्य अगली पीढ़ी के पेशेवर खिलाड़ियों को तैयार करना है।




### दो देशों को जोड़ने वाला सेतु

एनसीएल के अध्यक्ष अरुण अग्रवाल ने कहा, 'यह क्रिकेट के प्रति साझा जुनून और इसके भविष्य के लिए एक दृष्टिकोण वाले दो देशों को जोड़ने वाला सेतु है। हम युवा खिलाड़ियों के लिए स्थानीय स्तर से लेकर विश्व मंच तक पहुंचने के वास्तविक अवसर पैदा कर रहे हैं।' सऊदी अरब में हाल के वर्षों में क्रिकेट में लोगों की दिलचस्पी काफी बढ़ी है। एसएससीएफ ने कहा कि एनसीएल के साथ साझेदारी से विकास कार्यक्रमों में तेजी आएगी, जिससे उभरती प्रतिभाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचने में मदद मिलेगी।

## एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप

# सौरभ-सुरुचि की जोड़ी ने एयर पिस्टल में जीता कास्य पदक

एजेंसी ▶▶| सेंट लुई

सौरभ चौधरी और सुरुचि इंदर सिंह की जोड़ी ने एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में चीनी ताइपै को हराकर

- चीनी ताइपै को 10 मीटर एयर पिस्टल में हराया

10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम वर्ग का कांस्य पदक जीता। दोनों ने लियू हेंग यू और सियेह सियांग चेन को 17-9 से हराया। इससे पहले मनु भाकर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में व्यक्तिगत वर्ग में कांस्य पदक जीता था।



### क्वालीफाइंग दौर में किया पांचवां स्थान हासिल

भारतीय जोड़ी ने क्वालीफाइंग दौर में पांचवां स्थान हासिल किया जब सुरुचि ने 292 और सौरभ ने 286 स्कोर किया। दोनों का कुल स्कोर 578 रहा और आठ टीमों के पदक दौड़ में प्रवेश के समय वे पांचवें स्थान पर थे। इस साल चार विश्व कप पदक जीत चुकी सुरुचि ने क्वालिफिकेशन दौर में परफेक्ट 100 के साथ शुरुआत की। दूसरे में 94 और तीसरे में 98 स्कोर किया। चौधरी का स्कोर 95, 96 और 95 रहा।

# एशिया कप हॉकी : भारतीय टीम का ऐलान, हरमनप्रीत होंगे कप्तान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



बिहार के राजगीर में होने वाले एशिया कप के लिए 18 सदस्यीय भारतीय टीम का ऐलान किया गया, जिसमें फॉरवर्ड शिलानंद लाकड़ा और दिलप्रीत सिंह ने अपनी जगह बरकरार रखी है। टूर्नामेंट 29 अगस्त से 7 सितंबर तक खेला जाएगा, जिसके विजेता को अगले साल एफआईएच पुरुष विश्व कप में सीधे प्रवेश मिलेगा, जो 14 से 30 अगस्त तक नीदरलैंड और बेल्जियम में होना है। ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह टीम के कप्तान हैं। राजिंदर सिंह, लाकड़ा और दिलप्रीत आस्ट्रेलिया दौरे पर भारतीय टीम का हिस्सा थे। राजिंदर को शमशेर सिंह की जगह चुना गया जबकि लाकड़ा ने हाल ही में अंतरराष्ट्रीय हॉकी को अलविदा कहने वाले ललित उपाध्याय की जगह ली है। दिलप्रीत को गुरजंत सिंह पर तरजीह मिली है। स्ट्राइकर ललित उपाध्याय ने जून में एफआईएच प्रो लीग के यूरोप चरण के बाद अंतरराष्ट्रीय हॉकी से संन्यास ले लिया था।

डॉ.श्यामाप्रसाद मुखर्जी अंतरराष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान
DR. SHYAMA PRASAD MUKHERJEE INTERNATIONAL INSTITUTE OF INFORMATION TECHNOLOGY, NAYA RAIPUR
(A Joint Initiative of NTPC & Govt. of Chhattisgarh)
Sector-24, Nava Raipur, Atal Nagar - 493661 (Chhattisgarh)

**B. Tech Spot Admission-2025**

Advt.No.–IIITNR/Admission/B.Tech/2025/

All the vacant seats of B. Tech will be allotted on **23rd August 2025 (Saturday)** at the IIIT-NR premises. Candidates from **All over India** with a valid JEE (Main) 2025 rank are eligible to apply for B. Tech. For more details, visit **https://www.iiitnr.ac.in/content/b-tech-admission-2025.** There are 7 CSE, 2 DSAI and 12 ECE seats available till date (will be updated timely).

Registrar

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**विविध एस एंड टी कार्य हेतु ई–निविदा सूचना**

निविदा संख्या :– 738–ई.आई.–मोडी.–शहडोल–सिंहपुर. दिनांक: 11.08.2025 **कार्य का नाम:–** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के शहडोल–सिंहपुर चौथी लाइन कार्य के संबंध में शहडोल और सिंहपुर स्टेशन के यार्ड में इंजीनियरिंग अर्थवर्क के लिए एस एंड टी केबल्स क्लीयरेंस, यार्ड रीमॉडलिंग कार्य और वितरित इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग (मेसर्स हिताची रेल एसटीएस जिसे पहले मेसर्स अंसाल्डो एसटीएस मेक के नाम से जाना जाता था) में संशोधन/परिवर्तन का कार्य करना है।
**निविदा मूल्य : ₹12,32,06,895.90/-** (बारह करोड़ बतीस लाख छः हज़ार आठ सौ पंचानवे रुपये और नब्बे पैसे मात्र)। **अमानत राशि : ₹7,66,000/-** (रुपये सात लाख छियासठ हज़ार मात्र)।
**निविदा बन्द करने का तिथि व समय : 15:00** बजे, दिनांक **03.09.2025.**
विस्तृत जानकारी/ ई–निविदा में पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण हेतु **मुख्य संकेत एवं दूर संचार अभियंता, निर्माण,** बिलासपुर, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के कार्यालय में संपर्क करें अथवा निविदा कागजात जो हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है उससे डाउनलोड कर/देख सकते हैं।
उप मुख्य सिग. एवं दूर. इंजी./निर्माण/अंबिकापुर
सीपीआर/10/250 द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर
South East Central Railway @secrail

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**विविध कार्य हेतु ई–निविदा सूचना**

निविदा क्रमांकः CPM-ELECT-EPC-2025-26-11 (सिंगल स्टेज) (टू पैकेज)

**कार्यः** "3000 मीट्रिक टन लोडिंग लक्ष्य को पूरा करने के लिए एसईसीआर के इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन सिस्टम को 1x25 केवी से 2x25 केवी ट्रैक्शन सिस्टम में अपग्रेड करने के संबंध में, रायपुर डिवीजन एसईसी रेलवे के बिलासपुर (छोड़कर)-तिल्दा-दुर्ग (सहित) और रायपुर-लखोली सेक्शन के बीच एटी फीडिंग के साथ 220 केवी/ 2x25 केवी स्कॉट से जुड़े ट्रैक्शन सब स्टेशन और स्विचिंग पोस्ट का डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग"। **निविदा मूल्य (रू.): 263,38,70,079/-** (दो सौ तिरसठ करोड़ अड़तीस लाख सत्तर हजार उनासी रूपये मात्र), **अमानत राशि (रू.): 10000000/-.**
**कार्य पूरा होने की अवधिः** 24 (चौबीस) माह। **निविदा बंद होने का समय एवं दिनांकः** 01.12.2025 को 11:00 बजे, **निविदा खोलने का समय एवं दिनांकः** 10.12.2025 को 16:00 बजे।
विस्तृत जानकारी/ निविदा दस्तावेज का पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण हेतु मुख्य परियोजना प्रबंधक (विद्युत)/ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर के कार्यालय, पुराना कंस्ट्रक्शन भवन, महाप्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के कार्यालय के बगल, बिलासपुर पिनः 495004 में संपर्क करें अथवा निविदा कागजात जो हमारी वेबसाईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है उसे डाउन लोड कर/देख सकते हैं।
उप मु.वि.इंजी./परियोजना
सीपीआर/10/236 द.पू.मध्य रेलवे, बिलासपुर
South East Central Railway @secrail




# इस दिन आसमान में दिखेंगे 2 चांद, महाभारत से है मिनी मून का कनेक्शन

**नई दिल्ली।** इसरो के नेटवर्क फॉर स्पेस ऑब्जेक्ट्स ट्रैकिंग एंड एनालिसिस के प्रमुख डॉ. ए.के.अनिल कुमार ने बताया है कि, धरती का एक नया छोटा चंद्रमा मिला है जिसे मिनी मून कहते हैं। यह 53 दिनों तक हमारे ग्रह धरती के चारों तरफ घूमेगा। इस छोटे चंद्रमा का नाम 2024 पीटी5 है जो महज 10 मीटर चौड़ा है। यह हमारे सामान्य चंद्रमा से 3,50,000 गुना छोटा है जिसका व्यास 3,476 किमी है। यह इतना छोटा है कि इसे खुली आंखों से देखा नहीं जा सकता।

### कब दिखना शुरू होगा?

नेतरा, जो इसरो का ही एक नेटवर्क है, इस छोटे चंद्रमा 2024 पीटी5 की हर एक एक्टिविटी पर नजर रख रहा है और उसने पुष्टि की है कि यह धरती से टकराएगा नहीं। यह मिनी मून 29 सितंबर से धरती के चारों ओर घूमना शुरू करेगा और लगभग 2 महीने तक परिक्रमा करेगा। 25 नवंबर को यह धरती की ग्रैविटी से अलग होकर अंतरिक्ष में वापस चला जाएगा।



### कब हुई थी इसकी खोज?

नासा द्वारा बनाए गए सिस्टम एटल्स ने इस छोटे चंद्रमा को 7 अगस्त को खोजा था. यह एक ऐसा सिस्टम है जो पृथ्वी के पास आने वाली चीजों पर नजर रखता है। आपको बता दें कि यह छोटे चंद्रमा महाभारत से भी जुड़े हुए हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक 2025 पीटी5 के घूमने की दिशा अर्जुन क्षुद्रग्रह बेल्टसे आने वाली क्षुद्रग्रहों जैसी है।

### क्या है अर्जुन सौरमंडल?

अर्जुन हमारे सौरमंडल में क्षुद्रग्रहों का एक खास समूह है। इसका नाम 1991 में रखा गया था जब खगोलशास्त्री रॉबर्ट एच. मैकनॉट ने 1991 वीजी नाम का क्षुद्रग्रह या एस्टेरॉयड खोजा था। उन्होंने हिंदू महाकाव्य महाभारत के किरदार अर्जुन से प्रेरित होकर इसका नाम चुना था। इस नाम को अंतरराष्ट्रीय खगोलीय संघ ने भी मंजूरी दी थी।

### अर्जुन का नाम ही क्यों चुना गया?

हिंदू कथाओं के अनुसार, अर्जुन अपनी बहादुरी और तीरंदाजी के लिए जाने जाते हैं। इस समूह का नाम अर्जुन इसलिए रखा गया, क्योंकि ये एस्टेरॉयड्स भी अर्जुन के तेज तीरों की तरह बहुत ही तेजी से सौरमंडल से गुजरते हैं। इसी से प्रेरित होकर रॉबर्ट एच. मैकनॉट ने इसका नाम अर्जुन **Arjuna** एस्टेरॉयड् बेल्ट रखने का प्रस्ताव रखा था।

## समुद्र के नीचे मिले गड्ढे, निकल रही इतनी हाइड्रोजन कि पूरी दुनिया चौंक गई!

**बीजिंग।** समुद्र के गहराई में वैज्ञानिकों ने एक बड़ी खोज की है इसमें उन्होंने सर्पेंटिना ईजेशन नाम की होने वाली एक नई प्रक्रिया की खोज की है। जिन चट्टानों में लोहा और मैग्नीशियम होता है वो पानी से मिलकर सर्पेन्टाइन खनिज बनाते हैं और इसके बाद इसमें से हाइड्रोजन गैस निकलती है। चीन के साइंस एकेडमी के मानना है इससे हमें उन स्थितियों को समझने में मदद मिलेगी जिससे जीवन की शुरुआत हुई थी। रिसर्चर्स ने एक नई खोज की है जिसका नाम कुनलुन हाइड्रोथर्मल क्षेत्र है, यह समुद्र के बहुत नीचे है। यहां पर 20 बड़े-बड़े गड्ढे हैं और यहां कुछ गड्ढे इतने बड़े है कि उनकी चौड़ाई एक किलोमीटर से भी ज्यादा है, यह गड्ढे एक- दूसरे से जुड़े हुए हैं और इसमें से कभी गैस या तरल बाहर निकलता रहता है।


















हरिभूमि कम्युनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com